SUNDAY
बिलासपुर, रविवार, 1 अक्टूबर 2023
वर्ष - 33 | अंक - 153 | पृष्ठ - 12 |
मूल्य - 4.00 रु.
www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ...
संपर्क करे :-
bilaspurdeshbandhu@gmail.com

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

## देश विदेश


- रूस ने बेलगोरोड क्षेत्र में यूक्रेन के नौ रॉकेटों को मार गिराया
- दक्षिण कोरिया में गर्मी से संबंधित मौतें 2023 में हुई चौगुनी
- अदालत ने सह-प्रतिवादी स्कॉट हॉल को दोषी ठहराया

पृष्ठ 9

मध्य प्रदेश में राहुल ने लोकतांत्रिक चेतना की अलख जगाई : कांग्रेस पृष्ठ 3

मड़ई
- पूर्वज मन के प्रति श्रद्धाभाव पितरपाख म पृष्ठ 4

- रोहन बोपन्ना-रुतुजा भोसले की जोड़ी ने जीता स्वर्ण पदक
- गोल्फः तीसरे राउन्ड के बाद अदिति अशोक सबसे आगे

पृष्ठ 10


# अखंड भ्रष्टाचार में डूबा है छत्तीसगढ़ : मोदी

## छत्तीसगढ़ पीएससी घोटाला कांग्रेस सरकार का युवाओं के साथ बहुत बड़ा धोखा, भाजपा की परिवर्तन रैली का समापन

**बिलासपुर**, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। आपका हर सपने को साकार करने के लिए मोदी कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेगा। छत्तीसगढ़ अखंड भ्रष्टाचार में डूबा है। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के धान किसानों को भी हमेशा धोखा दिया है झूठ बोला है। छत्तीसगढ़ में अनेकों छोटे बच्चे कुपोषण से खत्म हो गए यह अत्यंत पीड़ा दायक है इसे कांग्रेस सरकार ने छुपा रखा है। छत्तीसगढ़ पीएससी घोटाला कांग्रेस की सरकार का युवाओं के साथ बहुत बड़ा धोखा है। पिछड़े वर्गों से दलित वर्गों से कांग्रेस के लोग नफरत करते हैं? हमने रामनाथ कोविंद को राष्ट्रपति बनाया आदिवासी बेटी द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाया लेकिन कांग्रेस के लोगों को यह पसंद नहीं?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बिलासपुर के साइंस कॉलेज मैदान में बीजेपी की परिवर्तन रैली के समापन अवसर पर शामिल हुए। बीजेपी की एक रैली बस्तर से निकली थी और दूसरी रैली जशपुर से निकाली गई थी। दोनों का समापन





बिलासपुर में हुआ। आज इस अवसर पर नरेंद्र मोदी ने कहा ऐसा उमंग और उत्साह कल्पना के परे हैं, इस ऊर्जा को परिवर्तन में लगाना है। छत्तीसगढ़ अखंड भ्रष्टाचार में डूबा है. छत्तीसगढ़ में परिवर्तन यात्रा ने बहुत कमाल किया है। छत्तीसगढ़ में भ्रष्ट कांग्रेस को हटाने के लिए आप लोग पूरी तरह तैयार रहे। अटल जी ने छत्तीसगढ़ के आकांक्षाओं का छत्तीसगढ़ बनाया भाजपा ने छत्तीसगढ़ के लोगों के समर्थ को जाना। छत्तीसगढ़ का हाई कोर्ट बिलासपुर में है यह काम बीजेपी की सरकार ने किया छत्तीसगढ़ के विकास के लिए भाजपा केंद्र में हो या राज्य में पूरी तरह समर्पित रही है। यहां दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का मुख्यालय है यह राजस्व की दृष्टि से भारत के सबसे बड़े रेलवे जोन में से एक है इसकी स्थापना भी अटल जी की सरकार के दौरान हुई.आज मैं गारंटी देने के लिए आया हूं कि आपका हर सपने को साकार करने के लिए मोदी कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेगा। कोरोना काल में देश लोगों को भूख से बचने के लिए गरीब कल्याण योजना शुरू की, यह योजना आज भी जारी है लेकिन छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने गरीब के पेट में जाने वाला अन्न को घोटाले का माध्यम बनाया। हर छत्तीसगढ़ का लाभ लेने वालों को कांग्रेस सरकार से पूछना है बताओ हमारे हक का राशन कहां है?

घोटालेबाजों को दोबारा मौका मिला तो छत्तीसगढ़ में इनको कोई रोक नहीं पाएगा, छत्तीसगढ़ में अनेकों छोटे बच्चे कुपोषण से खत्म हो गए यह अत्यंत पीड़ा दायक है किसी सरकार के लिए यह सबसे बढ़ी असफलता है। इसे छुपा कर रखा गया है। कांग्रेस सरकार को अपने बच्चों से प्यार है आपके बच्चों से नहीं!!

केंद्र की भाजपा सरकार का प्रयास है खनिज संपदा का एक हिस्सा यही के विकास में लगे इसके लिए भाजपा सरकार ने डीएमएफ बनाया,नियम किए। डॉ रमन सिंह ने नियम तय करते समय जिलों को मिलने वाले लाभ के बारे में बात की थी, कांग्रेस की सरकार ने इन पैसों में भी घोटाला कर ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# पीएससी गड़बड़ी मामला

# जांच में जो भी दोषी होगा कार्रवाई होगी : भूपेश

**रायपुर**, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (पीएससी) को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि पीएससी की परीक्षा देने वाले किसी भी एक अभ्यर्थी ने अब तक शिकायत नहीं की है।यदि किसी तरह की कोई भी शिकायत आती है या किसी अभ्यर्थी द्वारा एक भी शिकायत की जाती है तो हम हर शिकायत की गंभीरता से जांच करेंगे। किसी का अधिकार छीनने का किसी को भी हक नहीं है।जब आप योग्य हैं, आप परीक्षा दे रहे हैं, आप पात्रता रखते हैं तो उसका लाभ आपको निश्चित रूप से मिलना चाहिए। यदि कोई गड़बड़ी हुई है तो उसकी जांच करेंगे और यदि कोई दोषी है तो उस पर जरूर कार्रवाई होगी।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि मैं छत्तीसगढ़ के युवाओं के साथ हूं। उन्होंने युवा साथियों से अपील करते हुए कहा कि युवा साथी किसी भी तरह के बहकावे में ना आए, अपनी तैयारी मेहनत और लगन से करते रहे। पीएससी की परीक्षा के रिजल्ट आए कई दिन हो गए हैं, अब तक किसी भी अभ्यर्थी द्वारा किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी अधिकारी का पुत्र-पुत्री होने में कोई दोष नहीं है, परीक्षा में सारे अभ्यर्थी समान रूप से शामिल होते हैं और उसी तर्ज पर सफलता पाते हैं।लेकिन यदि इसका अनुचित लाभ उठाया जाता है तो यह गलत है। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं के विभिन्न चरणों में अभ्यर्थियों द्वारा तरह-तरह के अभ्यावेदन,शिकायत दिए जाते



## राज्य सरकार का दावा 95 में 76 शिकायतें निराकृत

भूपेश बघेल के इसी बयान के साथ ही साथ राज्य सरकार ने पीएससी मसले पर जानकारी जारी की है।राज्य सरकार की ओर से बताया गया है कि, ये आक्षेप लगाया गया है कि, परीक्षा में बैठे साक्षात्कार में भी उपस्थित थे लेकिन उत्तीर्ण होने की घोषणा में अन्य का नाम था।जाँच में शिकायत तथ्यहीन और निराधार पाई गई और संबंधित अभ्यर्थी के खिलाफ एफ़आइआर की गई। इसी बयान में आगे बताया गया है कि,एक अभ्यर्थी के द्वारा अधिक अंक प्राप्त होने के उपरांत भी साक्षात्कार में नहीं बुलाने संबंधी शिकायत आयोग कार्यालय को मिला था,जाँच में शिकायत ग़लत पाई गई। पीएससी की ओर से दिए गए इस ब्यौरे में बताया गया है कि, कुल 95 शिकायत प्राप्त हुए थे, जिनमें 76 प्रकरणों का निराकरण कर दिया गया है, जबकि 19 प्रकरणों पर प्रक्रिया चल रही है।

हैं।जैसे शैक्षणिक अर्हता आयु मे छूट, आरक्षण रोस्टर, लिंग/जन्मतिथि परिवर्तन आवेदनों को भरने में विभिन्न प्रकार की त्रुटि। अनुक्रमांक, केन्द्र, परीक्षा की तिथि आगे-पीछे करने आदि प्राप्त सभी शिकायतों पर आयोग द्वारा तत्काल संज्ञान में लिया जाकर निराकरण किया जाता है आवश्यक कार्रवाई निर्धारित समय में की जाती है। जिससे कि अभ्यर्थियों को इसका लाभ प्राप्त हो सके। वर्ष भर परीक्षाओं को निर्बाध रूप से संपन्न कराने की कार्यवाही लगातार करते रहने एवं अभ्यर्थियों के आवेदनों को समय पर निराकरण करने में आयोग द्वारा पूर्ण पारदर्शिता बरती जाती है।इसके उपरांत अभ्यर्थियों एवं कतिपय लोगों के द्वारा भ्रामक जानकारी देकर आयोग को आक्षेप लगाया गया है कि ये परीक्षा में बैठे हैं, साक्षात्कार में भी उपस्थित हुए हैं. परन्तु उनके उत्तीर्ण होने की घोषणा में दूसरे का नाम जारी कर दिया गया है।

## सार संक्षेप

### लड़ाकू विमानों के शानदार प्रदर्शन से भोपालवासी रोमांचित

**भोपाल।** वायु सेना के लड़ाकू विमानों और हेलीकॉप्टर के आज यहां शानदार प्रदर्शन और करतब ने ऐतिहासिक झील के आसपास एकत्रित हुए हजारों लोगों की भीड़ को दांतों तले अंगुलियां दबाने मजबूर कर दिया। वायु सेना की ओर से यहां आयोजित कार्यक्रम में ऐतिहासिक बड़ी झील को केंद्र में रखकर भोपाल के आसमान में लड़ाकू विमान सुखोई 3, मिराज 2, जेगुआर और तेजस ने कलाबाजियां दिखायीं। विमानों की तेज गरजती हुयी आवाज से शहर का आसमान गुंजायमान हो उठा। लगभग एक घंटे तक चले कार्यक्रम के दौरान वायुसेना की प्रसिद्ध सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम ने आसमान में शानदार नजारे पेश किए।

### जयपुर में एक युवक की मौत के बाद तनाव व्याप्त

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर के सुभाष चौक क्षेत्र में शुक्रवार देर रात दो मोटरसाइकिलों के टकराने की घटना में एक युवक की मारपीट के बाद मौत हो जाने पर क्षेत्र में तनाव व्याप्त हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार तनाव के मद्देनजर सुभाष चौक एवं आस पास के क्षत्रो में पुलिस बल तैनात किया गया है । घटना के बाद सुभाष चौक एवं रामगंज बाजार बंद है। पुलिस बल तैनात किया गया और स्थिति नियंत्रण में बताई गई है।

### दोषियों को जरूर पकड़ा जाएगा : एन बीरेन सिंह

**इंफाल।** मणिपुर में दो छात्रों की हत्या पर जारी हंगामे के बीच मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा कि दोषियों को जरूर पकड़ा जाएगा। सीएम ने कहा कि जल्द ही सबकुछ ठीक हो जाएगा। इस मामले की जांच सीबीआई कर रही है और जांच के लिए सीबीआई के विशेष निदेशक अजय भटनागर इंफाल पहुंच चुके हैं। मणिपुर में दो युवक बीती जुलाई में लापता हो गए थे।

### 40 करोड़ की धोखाधड़ी के आरोप में अकाली दल नेता, पत्नी, पुत्र गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने शनिवार को अकाली दल नेता जरनैल सिंह वाहिद, उनकी पत्नी और बेटे को 6 गन्ना उत्पादकों से 4 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में फगवाड़ा के पास उनके आवास से गिरफ्तार किया।

## एशियाई खेल — लगातार चौथी जीत हासिल

# हॉकी में भारत ने पाकिस्तान को 10-2 से रौंदा

**हांगझाउ,** 30 सितम्बर (एजेंसियां)। हांगझाउ एशियाई खेलों में पुरुष हॉकी में भारत ने पाकिस्तान को 10-2 से रौंद दिया है। हरमनप्रीत सिंह की अगुआई में टीम इंडिया ने लगातार चौथी जीत हासिल की। इसी के साथ भारत ने सेमीफाइनल के लिए भी कवालिफाई कर ली है। अब भारत का आखिरी पूल-ए मुकाबले में बांग्लादेश से सामना होगा। टीम इंडिया के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने चार गोल दागे, जबकि वरुण ने दो गोल दागे। ललित, शमशेर, मनदीप और सुमित ने एक-एक गोल किया। यह भारत-पाकिस्तान हॉकी मैच में पहली बार है जब दोनों में से किसी एक टीम ने 10 गोल दागे हैं। भारत ने यह कीर्तिमान



रचा है।

**टेनिस में रोहन-रुतुजा ने जीता स्वर्ण**

भारत के रोहन बोपन्ना और रुतुजा भोसले ने एशियाई खेलों में टेनिस मिश्रित युगल टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। भारतीय जोड़ी ने शनिवार को चीनी ताइपे के सुंग-हाओ हुआंग और एन शुओ लियांग की जोड़ी को 2-6, 6-3, [10-4] से हरा कर भारत के लिये स्वर्ण पदक जीता।

**भारतीय पुरुष स्क्वैश में भी जीता सोना**

एशियन गेम्स में भारतीय पुरुष स्क्वैश टीम ने शनिवार को खिताबी मुकाबले में पाकिस्तान को 2-1 से हरा कर स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाल लिया। हांगझोउ ओलंपिक सेंटर में सौरव घोषाल, महेश मनगांवकर और अभय सिंह की टीम ने रोमांचक मैच में पाकिस्तान को 2-1 से हराकर भारत को स्वर्ण पदक दिलाया।

# 2000 के नोट बदलने की मियाद बढ़ी

**मुंबई**, 30 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक ने प्रचलन से वापस लिए गए दो हजार रुपए के 14 हजार करोड़ मूल्य के बैंक नोट के जमा नहीं कराए जाने के मद्देनजर इस नोट को जमा करने या बदलने की अवधि सात दिन बढ़ाकर सात अक्टूबर 2023 कर दी है। रिजर्व बैंक ने कहा कि दो हजार रुपए के बैंक नोट को जमा कराने या बदलने की शनिवार को अंतिम तिथि थी लेकिन कल तक 14 हजार करोड़ मूल्य के बैंक नोट न तो जमा किए गए और न ही बदले गए। इसके मद्देनजर तिथि बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। दो हज़ार रुपए के बैंक नोट वैद्य मुद्रा बनी रहेगी और आठ अक्टूबर से इन नोटों को जमा कराने या बदलने के लिए इनको रिजर्व बैंक की 19 क्षेत्रीय शाखाओं में जाना होगा। उसने कहा कि 29 मई 2023 को जब दो हजार रुपए के बैंक नोट को प्रचलन से वापस लिया गया था तब 3.56 लाख करोड़ रुपए मूल्य के बैंक नोट प्रचलन में थे। आज यानी 30 सितंबर तक इन नोटों को जमा कराने या बदलने की तिथि दी गई थी। गत 29 सितंबर तक 3.42 लाख करोड़ रुपए के नोट ही जमा कराए गए या बदले गए जो प्रचलित नोट का 96 प्रतिशत है। अभी भी चार प्रतिशत नोट प्रचलन में है। भारतीय रिजर्व बैंक ने नया सर्कुलर जारी किया है।

■ अब 7 अक्टूबर तक बैंकों में बदल सकेंगे नोट

## जन आक्रोश यात्रा में भी शामिल हुए राहुल गांधी

# जातीय जनगणना के सवाल पर कांपने लगती है भाजपा

**शाजापुर,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी शनिवार को जन आक्रोश यात्रा में भी शामिल हुए। उन्होंने मध्य प्रदेश के शाजापुर जिले के पोलायकलां में सभा को भी संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, 'देश के सामने एक ही मुद्दा है, जातीय जनगणना। ओबीसी कितने हैं? उनकी भागीदारी कितनी होनी चाहिए? जब जातीय जनगणना का सवाल उठाता हूं तो भाजपा के लोग कांपने लग जाते हैं। नरेंद्र मोदी भागने लग जाते हैं। अमित शाह हिंदू-मुस्लिम करेंगे। कांग्रेस सरकार आने पर जातीय जनगणना का काम हम करके दिखाएंगे।

कांग्रेस सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ओबीसी की सरकार नहीं चलाते। वे दलितों-आदिवासियों के लिए भी काम नहीं करते हैं। उनका काम तो ध्यान इधर-उधर करने का है, नफरत और हिंसा फैलाने का है। यह काम उन्हें आरएसएस ने सौंपा है।



राहुल ने कहा कि हिंदुस्तान को 90 अफसर चलाते हैं। ये निर्णय लेते हैं कि पैसा कहां जाएगा, लेकिन इनमें 3 अफसर ही ओबीसी हैं। हिंदुस्तान के पूरे बजट में 5 फीसदी की भागीदारी ही ओबीसी अफसरों की है। जबकि ओबीसी की आबादी हिंदुस्तान में 50 फीसदी है।

**मध्यप्रदेश हिंदुस्तान में भ्रष्टाचार का केंद्र**

राहुल बोले, मध्य प्रदेश में 370 किलोमीटर हमारी भारत जोड़ो यात्रा रही। लोगों ने मुझे बताया कि मध्य प्रदेश हिंदुस्तान में भ्रष्टाचार का केंद्र है। महाकाल कॉरिडोर में भाजपा ने पैसा चोरी किया। हमने मध्य प्रदेश राजस्थान, छत्तीसगढ़, कर्नाटक में किसानों की कर्ज माफी के वादे किए। यहां कमलनाथ कर्ज माफ करवा रहे थे, लेकिन धोखा देकर भाजपा वालों ने सरकार को चोरी कर लिया। गांधी जी और गोडसे की विचारधारा की लड़ाई राहुल ने कहा हमारी लड़ाई विचारधारा की है। एक ओर कांग्रेस, दूसरी ओर आरएसएस और भाजपा। एक ओर गांधी जी, दूसरी ओर गोडसे। एक तरफ नफरत, हिंसा, अहंकार तो दूसरी तरफ मोहब्बत, आदर, भाईचारा। जहां भी ये जाते हैं, वहां नफरत फैलाते हैं, गुस्सा पैदा करते हैं।

**हर जगह अडानी का बोलबाला**

राहुल ने कहा- सरकार जनता के लिए चलनी चाहिए। किसी संगठन और एक-दो बड़े उद्योगपति के लिए नहीं। आज रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर... हर जगह अडानी दिखाई देंगे। वे किसानों-लोगों की जेब से हर रोज पैसा ले रहे हैं। मीडिया का रिमोट भी अडानी के हाथ में है।

# किसानों का रेल रोको आंदोलन खत्म

**अमृतसर**, 30 सितम्बर (एजेंसियां)। पंजाब में मुआवजा, एमएसपी और कर्ज माफी को लेकर किसानों का आंदोलन शनिवार को खत्म हो गया। 19 किसान संगठनों ने 21 जगहों पर प्रदर्शन किया। रेवले की तरफ से जारी की गई जानकारी के अनुसार इस प्रोटेस्ट के कारण कुल 598 ट्रेनें प्रभावित हुई। जिनमें से रद्द ट्रेनों की संख्या, 376 रही, वहीं शार्ट टर्मिनेट ट्रेनों की संख्या-89, शार्ट ओरिजिनेट ट्रेनों की संख्या-46 और परिवर्तित मार्ग से संचालित ट्रेनों की संख्या-70 रही। रेल रोको आंदोलन से प्रभावित कुल यात्री रेलगाड़ियों की संख्या 581 और माल गाड़ियों की संख्या 17 रही। किसानों की एक बड़ी जत्थेबंदी ने पंजाब के टोल प्लाजों पर भी कब्जा कर लिया, जिसे अब खाली किया



■ 19 किसान संगठनों ने 21 जगहों पर प्रदर्शन किया

जा रहा है। अमृतसर में टोल प्लाजा स्टाफ और किसानों के बीच इस दौरान झड़प हो गई। किसान टोला प्लाजा बंद करने पर अड़ गए। वहीं दूसरी टोल प्लाजा कर्मियों का कहना था कि एक दिन टोल बंद होने से कंपनी को तकरीबन 2 लाख रुपए का नुकसान होता है। अंत में पुलिस ने बीच पहुंच दोनों पक्षों को शांत करवाया।

**किसानी दशहरा मनाने की घोषणा**

इससे पहले किसान मजदूर संघर्ष कमेटी के नेता सरवण सिंह पंधेर ने बताया कि किसानों ने दशहरे पर 23-24 अक्टूबर को किसानी दशहरा मनाने की घोषणा कर दी है। इस दौरान पूरे देश में मोदी सरकार व कॉर्पोरेट घरानों के पुतले जलाए जाएंगे। रेलवे ट्रैक जाम होने के कारण अंबाला से अमृतसर, पठानकोट से अमृतसर और पंजाब से चंडीगढ़, जालंधर, लुधियाना से मोगा, फिरोजपुर, फाजिल्का आदि सभी रूट्स पूरी तरह से ठप रहा। इससे आज 203 से अधिक ट्रेनें प्रभावित हुई हैं।

## राष्ट्रीय संग्रहालय खाली कराने का कांग्रेस नेताओं ने किया विरोध

**नई दिल्ली**, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय संग्रहालय को खाली कराकर ध्वस्त करने व इसकी जगह नया भवन बनाने का फैसला लिया है। कांग्रेस नेताओ ने इस पर चिंता जाहिर करते हुए केंद्र सरकार पर बड़ा हमला किया है। कांग्रेस नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरुर ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि अत्यधिक वास्तुशिल्प के महत्व की एक ऐतिहासिक इमारत को ध्वस्त कर दिया जाएगा और उसकी जगह कुकी-कटर सरकारी भवन बनाया जाएगा- इस बीच कम से कम दो साल तक कोई राष्ट्रीय संग्रहालय नहीं होगा। यह शुद्ध व सरल बर्बरता है। उन्होंने अपने दावे के समर्थन में एक समाचार रिपार्ट को भी साथ में जोडा।

# नाम को लेकर मां-बाप में नहीं बन पा रही थी सहमति

■ ...तो हाई कोर्ट ने ही कर दिया बच्ची का नामकरण

**कोच्चि,** 30 सितम्बर (एजेंसियां)। एक बच्ची के नाम को लेकर उसके माँ और पिता में असहमति इतनी लंबी चली कि साढे तीन साल की उम्र तक भी उसका कोई नाम नहीं रखा जा सका। आखिरकार मामला अदालत पहुंचा और केरल उच्च न्यायालय ने बच्ची के हित को देखते हुये उसका नामकरण कर विवाद का अंत कर दिया। पीठ ने कहा कि माता-पिता के बीच विवाद को सुलझाने के प्रयास में समय लगेगा और इस बीच, नाम का अभाव बच्चे के कल्याण या सर्वोत्तम हितों के लिए अनुकूल नहीं होगा। अदालत ने कहा, इस तरह के क्षेत्राधिकार के प्रयोग में, बच्ची के कल्याण को सर्वोपरि माना जाता है, न कि माता-पिता के अधिकारों को। अदालत को बच्चे के लिए एक नाम चुनने का कार्य करना होता है। नाम चुनते समय, बच्चे के कल्याण, सांस्कृतिक विचार, माता-पिता के हित और सामाजिक मानदंडों का अदालत को ध्यान रखना चाहिए। अंतिम उद्देश्य बच्चे की भलाई है। अदालत को समग्र परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए एक नाम अपनाना होगा। इस प्रकार, यह अदालत याचिकाकर्ता की बच्ची के लिए एक नाम का चयन करने के लिए अपने माता-पिता के अधिकार क्षेत्र का उपयोग करने के लिए मजबूर है।

**जन्म प्रमाणपत्र पर नहीं था कोई नाम**

मौजूदा मामले में बच्ची के जन्म प्रमाणपत्र पर कोई नाम नहीं था। जब स्कूल में उसका दाखिला कराने की बारी आई तो स्कूल अधिकारियों ने उसके लिए एक नाम पर जोर दिया, और उस जन्म प्रमाणपत्र को स्वीकार करने से इनकार कर दिया जिसमें कोई नाम नहीं था। समस्या तब शुरू हुई जब याचिकाकर्ता मां ने बच्चे के लिए 'पुण्या नायर' नाम दर्ज करने का प्रयास किया, लेकिन रजिस्ट्रार ने नाम दर्ज करने के लिए माता-पिता दोनों की उपस्थिति पर जोर दिया। लेकिन अलग हो चुके माता-पिता इस मुद्दे पर आम सहमति बनाने में असफल रहे, क्योंकि पिता बच्ची का नाम 'पद्मा नायर' रखना चाहते थे।

## विरोध — भाजपा नेताओं के खिलाफ तेज हो रहे विरोधी स्वर, बिजली के स्मार्ट मीटरों के खिलाफ चल रहा है आंदोलन

# जम्मू कश्मीर व लद्दाख में बढ़ी भाजपा की परेशानी

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 30 सितम्बर(देशबन्धु)। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी कई परेशानियों के दौर से गुजरने को मजबूर है। अगर कश्मीर में पार्टी नेताओं के खिलाफ तेज होते विरोधी स्वर उसकी कश्मीर में जमीन खिसका रहे हैं तो पूरे प्रदेश में बिजली के स्मार्ट मीटरों के खिलाफ चल रहे आंदोलन पर उसकी चुप्पी और समर्थन न देने की रणनीति उसके लिए भारी साबित होने वाली है।**

*ऐसा ही कुछ हाल बर्फीले रेगिस्तान लद्दाख के करगिल में होने जा रहे स्वायत परिषद के चुनावों में भाजपा का है। दरअसल जम्मू कश्मीर में उसने अपने विद्रोही आठ नेताओं को अनुशासनहीनता के लिए नोटिस जारी किया है और उनसे बिना शर्त माफी मांगने के लिए कहा है। भाजपा ने 11 सितंबर को जम्मू कश्मीर इकाई के उपाध्यक्ष सोफी यूसुफ को पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के लिए भी कारण बताओ नोटिस जारी किया था, और उन्हें कुछ समय के लिए मीडिया से बातचीत करने से रोक दिया था। कश्मीर के पार्टी प्रभारी यूसुफ को उन खबरों के बीच अनुशासनात्मक नोटिस दिया गया था, जिसमें कहा गया था कि कश्मीर में पार्टी के अधिकतर नेताओं ने पिछले महीने सामूहिक रूप से पार्टी से इस्तीफा देने की योजना बनाई थी। शुक्रवार को, भारतीय जनता पार्टी की अनुशासनात्मक समिति ने पार्टी के आठ नेताओं - जीएम मीर (प्रवक्ता), डा अली मोहम्मद मीर (राष्ट्रीय परिषद सदस्य), अल्ताफ ठाकुर (प्रवक्ता), आसिफ मसूदी, आरिफ राजा, अनवर खान, मंजूर भट और बिलाल पर्रे को नोटिस जारी किया। नोटिस में कहा गया है आपकी इन गतिविधियों से पार्टी नेतृत्व में अविश्वास की भावना पैदा हुई है।*

**लद्दाख में भी भाजपा की अग्निपरीक्षा**

*ऐसी ही दशा भाजपा की लद्दाख में होने जा रही है जहां केंद्र शासित प्रदेश (यूटी) में छठी अनुसूची को लागू करने की मांग के बीच 4 अक्टूबर को जब क्षेत्र की लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद (एलएएचडीसी) के लिए मतदान होगा तो मुस्लिम बहुल करगिल जिले में भाजपा को अग्निपरीक्षा का सामना करना पड़ेगा। लद्दाख के केवल दो जिलों - करगिल और लेह के लिए दो एलएएचडीसी परिषदें हैं। यह पहली बार होगा कि करगिल परिषद में चुनाव होंगे।*

# शतरंज प्रतियोगिता का हुआ समापन




**तखतपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। परिक्षेत्र स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का जेएमपी महाविद्यालय तखतपुर में समापन हुआ। क्रीड़ाधिकारी डॉ. बसन्त अंचल ने बताया कि परिक्षेत्र स्तरीय खिताब पुरुष वर्ग में मेजबान शासकीय जे एम पी महाविद्यालय तखतपुर ओवर आल रैंकिंग 17 अंक , उपविजेता का खिताब शासकीय विज्ञान महाविद्यालय बिलासपुर ओवर आल रैंकिंग14 अंकव तीसरे स्थान पर एलसीआईटी कालेज ऑफ कॉमर्स एंड साइंस कॉलेज बोदरी बिलासपुर ओवर आल रैंकिंग 13 अंक रहा उसी प्रकार महिला वर्ग का खिताब शासकीय विज्ञान महाविद्यालय बिलासपुर ओवर आल रैंकिंग 10 अंक व उपविजेता का खिताब बिलासा गर्ल्स कॉलेज बिलासपुर ओवर आल रैंकिंग 8 रहा इस प्रतियोगिता में खिलाडीयो का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अच्छे खेल कौशल के आधार पर किया गया जो बिलासपुर सेक्टर की टीम का प्रतिनिधित्व करेगा पुरुष वर्ग का चयनित खिलाड़ी- संस्कार कश्यप, संजय भारद्वाज, अभिषेक अग्निहोत्री, ओमप्रकाश बघेल , विवेक निषाद व सिद्देश देवांगन व महिला वर्ग में - संगीता देहरी, पूजा सायतोंडे, प्रगति राज, अंशु निर्मलकर, अर्पित तिवारी व निधि रजक चयनित हुवी है परिक्षेत्र स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में अग्रेसन महाविद्यालय बिल्हा से 6 खिलाड़ी, शासकीय जे पी वर्मा महाविद्यालय बिलासपुर से 5 खिलाड़ी शासकीय महाविद्यालय सीपत से 4 खिलाडी, एलसीआईटी कालेज बिलासपुर से 5 खिलाड़ी शासकीय महाविद्यालय मस्तूरी से 4 खिलाड़ी ,शासकीय महाविद्यालय रतनपुर से 2 खिलाड़ी, शासकीय महाविद्यालय तखतपुर से 5 खिलाड़ी, शासकीय महाविद्यालय कोटा से 5 खिलाडी , शासकीय महाविद्यालय मुंगेली से 5 खिलाड़ी, डी एल एस कालेज से 5 खिलाडी शासकीय विज्ञान महाविद्यालय बिलासपुर से 4 खिलाड़ी, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय मुंगेली से 4 खिलाड़ी ,डी पी विप्र कालेज बिलासपुर से 5 खिलाड़ी, डी पी लॉ कॉलेज से 5 खिलाड़ी सी एम डी कालेज बिलासपुर से 5 खिलाडीयो ने भाग लिया था वही पुरुष वर्ग में 15 महाविद्यालय व महिला वर्ग में 7 महाविद्यालय के शतरंज खिलाडीयो ने भाग लिया मैच के निर्णायक अमन तिवारी ,अलोक सिंह क्षत्रिय, राकेश चंद्राकर, व प्रतीक अग्रवाल थे।

विजेता व उपविजेता खिलाडीयो को ट्रॉफी व मैडल प्रदान किया गया समापन समारोह के दौरान डॉ.राजीव शर्मा, वरिष्ठ क्रीड़ाधिकारी डॉ. अजय सिंह , डॉ. मुकेश घोरे, , डॉ. एस के पांडे, ए अहमद, एलसीआईटी कालेज क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल , डी एल एस कालेज क्रीड़ाधिकारी अविनाश निर्मलकर, गोपाल ठाकुर, सुखनंदन साहू , प्रकाश ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## डीजे बंद करने के विवाद को लेकर युवक के साथ मारपीट

**तखतपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु) डीजे बंद करने की बात को लेकर आरोपी ने प्रार्थी के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 294, 56, 323, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जरौंधा निवासी मनोज साहू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 28 सितम्बर को वह छठ्ठी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गया हुआ था और वहां पर कार्यक्रम में डीजे रात्रि 9 बजे तक बज रहा था जब उसने डीजे को रात्रि ज्यादा हो जाने के कारण बंद करने को कहा तब आरोपी लव यादव एवं रमन यादव ने गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 294, 56, 323, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

# छत्तीसगढ़ जनसंपर्क अधिकारी संघ के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मिलकर आभार व्यक्त किया

## सेटअप रिविजन सहित विभाग की अन्य मांगों को पूरा करने के लिए दिया धन्यवाद




**गौरेला पेंड्रा मरवाही** (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ जनसंपर्क अधिकारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने आज शाम मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से उनके निवास कार्यालय में सौजन्य मुलाकात कर जनसंपर्क विभाग के सेटअप रिविजन सहित विभाग की अन्य माँगों को पूरा करने के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

संघ के अध्यक्ष संयुक्त संचालक बालमुकुंद तंबोली ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य बनने के उपरांत लगभग 22 वर्षों के बाद आपकी पहल से जनसंपर्क विभाग का सेटअप रिविजन हुआ है, जिससे विभाग में 3 अपर संचालक, 3 संयुक्त संचालक, 10 उपसंचालक सहित अन्य पदों में वृद्धि हुई। इससे बहुत लंबे समय से पदोन्नति से वंचित अधिकारियों की पदोन्नति हो पाई है। उन्होंने कहा कि सेटअप रिविजन होने से विभागीय दायित्वों का निर्वहन बेहतर कार्य क्षमता और कार्यकुशलता के साथ हो पाएगा। इसके लिए संघ आपके प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता है। उन्होंने कहा कि विभाग की जरूरतों को देखते हुए संचार उपकरणों की मांग की गई थी, जो लगभग पूर्ण होने की स्थिति में है। साथ ही जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों को भी राज्यस्तरीय अधिमान्यता प्राप्त हुई। संघ के प्रतिनिधियों ने ओल्ड पेंशन स्कीम लागू होने के लिए भी मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुरानी पेंशन की सुविधा आरंभ कर दिये जाने से जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों में भी काफी खुशी है। साथ ही 70-80-90 प्रतिशत स्टाइपेंड की व्यवस्था समाप्त करने के मुख्यमंत्री के निर्णय से विभाग में नवनियुक्त 16 अधिकारी लाभान्वित हुए हैं। संघ के प्रतिनिधियों ने कहा कि डीए और एचआरए में वृद्धि के निर्णय से भी विभाग के सभी अधिकारी कर्मचारी लाभान्वित हुए हैं। संघ के अध्यक्ष श्री तंबोली ने कहा कि विभाग में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के विभिन्न पदों पर भर्ती होने से विभाग और भी सुदृढ़ होने के साथ ही विभागीय अधिकारी अधिक बेहतर एवं प्रभावी तरीके से अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकेंगे। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने विभागीय भर्ती की प्रक्रिया में तेजी लाते हुए इस दिशा में शीघ्र ही प्रभावी कार्यवाही करने की बात कही। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूरी कर्तव्य निष्ठा से कार्य करते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए भी प्रेरित किया। इस मौके पर संघ के संरक्षक अपर संचालक जेएल दरियो, संजीव तिवारी के साथ संघ के सदस्य संयुक्त संचालक श्रीमती हर्षा पौराणिक, पंकज गुप्ता, पवन गुप्ता, उप संचालक प्रेमलाल पटेल, सौरभ शर्मा, नितिन शर्मा, सहायक संचालक श्रीमती दानेश्वरी संभाकर, सचिन शर्मा, सहायक सूचना अधिकारी भवानी सिंह ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# जनपद पंचायत की बैठक में स्वास्थ्य विभाग पर लगा लाखों के बंदरबाट का आरोप

**तखतपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। जनपद पंचायत तखतपुर की सामान्य सभा की बैठक अध्यक्ष राजेश्वरी जुगलकिशोर कौशिक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जनपद सदस्य योगेश साहू ने स्वास्थ्य विभाग में रंग रोगन के नाम पर लाखों रूपए का बंदर बांट करने का आरोप लगाते हुए अधिकारी के उपस्थित नही होने पर नाराजगी जताया।

जनपद पंचायत की सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई जिसमें विभिन्न विभागों के पिछले बैठक के दौरान पारित किए गए निर्णय की समीक्षा की गई। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के द्वारा उपस्वास्थ्य केंद्र में रंग रोगन के नाम पर लाखों रूपए का बंदर बांट किया गया है और इसकी पिछले बैठक में जानकारी लेकर उपस्थित होने की स्वास्थ्य



विभाग के अधिकारीयों को कहा गया था परंतु वे बैठक में उपस्थित आज भी नही है और कई बार बैठक से अनुपस्थित रहते है ऐसे ही और कई विभाग के अधिकारी अनुपस्थित थे जिनके खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया।

शिक्षा विभाग की ओर से विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र शुक्ला ने एकल शिक्षिकीय एवं शिक्षा विहीन शालाओं में शिक्षक व्यवस्था की जानकारी दी। महिला बाल विभाग विकास से परियोजना अधिकारी अनुराधा आर्य ने विभागीय योजनाओं के साथ आंगनबाड़ी के सहायिका के रिक्त पद पर हो रहे भर्ती प्रक्रिया की जानकारी दी। इसी तरह अन्य विभागों की विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर राजेश्वरी कौशिक, उपाध्यक्ष दिव्या नितेश मिश्रा, आरपी शुक्ला, शिवेंद्र कौशिक, रवि सोनी, भारत मरकाम, योगेश साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

## धौराभांठा संकुल में आयोजित हुआ कर्मचारी सम्मान समारोह

**कोरबा-पाली,** 30 सितंबर (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत धौराभांठा संकुल में कर्मचारी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सरपंच पंचराम जगत के मुख्य आतिथ्य में श्रीमती कविता जगत पंच, श्रीमती मीना सिन्द्राम एवं श्रीमती रुक्मणी शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों की उपस्थिति में प्रतिभाओं ने प्रदर्शन किया। कर्मचारी सम्मान समारोह का आयोजन संकुल स्तर पर प्रधान पाठक श्रीमती मीना पाटले के प्राथमिक शाला जूनापारा में किया गया। विभिन्न स्कूलों से कार्य करने वाले पांच ऐसे शख्सियत जो शिक्षा की अलख जगा रहे हैं, उन्हें मंचस्थ अतिथियों के द्वारा स्मृति चिन्ह, पेन-डायरी, श्रीफल, गुलदस्ता आदि से राम प्रसाद श्याम, रवि शंकर यादव, कौशल्या मरकाम, ममता मरकाम, शत्रुहन महन्त को सम्मानित किया गया। संकुल की ओर से प्रतिवेदन सीएसी वीरेंद्र जगत ने पेश किया।

# जिला कांग्रेस कमेटी 2 अक्टूबर को निकालेगी भरोसा यात्रा

**पेंड्रा,** 1 अक्टूबर बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 02 अक्टूबर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार हेतु भरोसा यात्रा प्रत्येक विधानसभा में निकाली जा रही । जिला कांग्रेस कमेटी गौरेला पेंड्रा मरवाही द्वारा भरोसा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है । जिस संबंध में जिला कांग्रेस कार्यालय में पदाधिकारियो की बैठक रखी गई जिसमे मरवाही विधानसभा प्रभारी प्रदेश सचिव अनिल सिंह चौहान सामिल हुऐ और तैयारी का जायजा लिया और रुट चार्ट बनाया गया।




उक्त जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस महामंत्री पुष्पराज सिंह ने बताया कि 02 अक्टूबर सुबह 11 बजे हाईस्कूल पेंड्रा महात्मा गांधी जी की प्रतिमा व लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर यात्रा प्रारंभ होगी जो अड़भार , दुपटिया होते हुऐ नुक्कड़ सभा कुदरी दोपहर 12 बजे, नुक्कड़ सभा कोटमी दोपहर 12.50 ,नुक्कड़ सभा रूमगा दोपहर 1.30 , मटिया डांड दोपहर का भोजन 2.00 बजे नुक्कड़ सभा दानीकुंडी- दोपहर 2.30 ,मरवाही दुर्गा पंडाल में 3.30 बजे सभा होगी जिसमे मरवाही विधायक , जिला कांग्रेस संगठन प्रभारी हरजीत सिंह छाबड़ा, विधानसभा प्रभारी अनिल सिंह चौहान,जिला अध्यक्ष उत्तम वासुदेव,उपस्थित रहेंगे साथ ही समस्त जिला कांग्रेस पदाधिकारी,महिला कांग्रेस,युवक कांग्रेस,एनएसयूआई, समस्त प्रकोष्ठ पदाधिकारी,जोन सेक्टर अध्यक्ष से यात्रा में शामिल होने की अपील जिला महामंत्री पुष्पराज सिंह ने की है।

**प्रथम पृष्ठ का शेष...**

**छत्तीसगढ़ अखंड भ्रष्टाचार में ...**

मारा। कांग्रेस की सरकार में शराब में घोटाला करके क्या कुछ नहीं कमाया। यह लोग तो ऐसे हैं कि गोबर को भी नहीं छोड़ा। साथियों कांग्रेस ने गौ माता के नाम पर घोटाला किया। युवाओं को धोखा देने का काम यहां किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ पीएससी का घोटाला कांग्रेस की सरकार का युवाओं के साथ बहुत बड़ा धोखा है, जिनकी नौकरी लगी वे भी परेशान और जिनको बाहर किया वह भी अनिश्चित हैं, जो भी दोषी हैं भाजपा की सरकार बनने पर उनके विरुद्ध कार्रवाई होगी। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के धान किसानों को भी हमेशा धोखा दिया है झूठ बोला है, याद रखो मैं बहुत जिम्मेदारी से बोल रहा हूं यहां के किसानों दाना दाना मोदी सरकार खरीदति है। धान खरीदने के लिए मोदी सरकार ने 1 लाख करोड रुपए से ज्यादा दिए हैं। यहां के धान किसानों को पैसे केंद्र की भाजपा सरकार देती है यह बात आपको किसानों से जोर से बोलना चाहिए सच्चाई लोगों तक पहुंचने चाहिए झूठों को बेनकाब करना चाहिए। मैं फिर आपको विश्वास दिलाता हूं भाजपा धान किसानों के लिए समर्पित है, पीएम किसान सम्मान निधि योजना से बिना बिचौलिया के सीधे पैसा किसानों के खाते में जा रहा है। मोदी भेजते हैं तो पैसे पूरे पहुंचते हैं 15 प्रतिशत नहीं। पीएम किसान निधि के तहत छत्तीसगढ़ के हर हितग्राही के खाते में हजारो रुपए तक पहुंचे हैं। युद्ध और महामारी में खाद का दाम बढ़ गया है यूरिया दुनिया के देशों में 3000 में मिल रही है भारत में 300 में उपलब्ध करा रहे हैं। इसके लिए भारत सरकार भारत के किसानों के लिए हजारों करोड़ों रुपए की सब्सिडी दे रही है। गरीबों का जीवन आसान बने उनका जीवन स्तर सुधारे, आपके सपनों पूरे होंगे तो मेरा संतोष पूरा होगा मेरा जीवन धन्य हुआ मेरे देश के गरीबों का कल्याण ही मेरा जीवन है। सौभाग्य योजना से मुक्त बिजली कनेक्शन दिया, घर रोशन हुए। उज्ज्वला योजना ने बहनों को धुएं से मुक्ति दिलाई, गैस सिलेंडरों को 400 सस्ता भी कर दिया गया है। आयुष्मान भारत योजना से 500000 तक का लाभ लोगों को मिल रहा है इसका लाभ छत्तीसगढ़ के आदिवासी दलित गरीब पिछड़े परिवारों को मिल रहा है। आयुष्मान योजना दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना है। मां की पीड़ा गरीब मां का बेटा समझता है इसलिए आपके इस बेटे ने गारंटी दी है 5 लाख बिल मोदी देगा। नारी शक्ति वंदन अधिनियम अब सच्चाई बन चुका है, लेकिन भाइयों बहनों मोदी ने जो गारंटी दिए हैं वह पूरी करेगा पर बहनों को सतर्क रहना पड़ेगा बहुत मुश्किल से यह पड़ाव हमने पर किया है। घमंडिया साथियों की नींद हराम हो गई है, वह नए-नए खेल-खेल रहे हैं। माता और बहनों की बड़ी हुई जागरूकता से घमंडियां डर गए थे इसीलिए उन्होंने समर्थन किया, अब बहनों में फूट डालना चाहते हैं पिछले छत्तीसगढ़ के माता और बहनों को कहना चाहता हूं आने वाले हजारों साल तक हर परिवार के लिए नई शक्ति देने वाला काम हुआ है आपकी बेटी का भविष्य उज्जवल बनाने का काम हुआ है कृपया झूठ बोलने वालों के चक्कर में ना फंस जाए इसलिए एकता और आशीर्वाद जरूरी है ताकि आपके सपने मोदी पूरा कर सके। मोदी ने बहनों को 4 साल में 10 करोड़ घरों में पाइप से शुद्ध पानी जल पहुंचने का काम किया। छत्तीसगढ़ में लोगों को शुद्ध पानी पिलाने का काम भी तेजी से नहीं हुआ। यहां की सरकार यह सोचती है कि माता और बहनों को शुद्ध पानी मिलेगा तो वे मोदी मोदी करने लगेगी इसलिए वे इस काम को लटका कर रखे हैं। कांग्रेस की सरकार को मोदी और मोदी की योजनाएं पसंद नहीं। आवास योजना में देश में गरीब परिवार (4 करोड़) लोगों को दिए गए। रमन सिंह मुख्यमंत्री थे तब आवास देने का काम तेजी से शुरू हुआ था। भाजपा की सरकार बनने के बाद कैबिनेट का पहला फैसला गरीबों के पक्के घर जो भी बाकी है सारे के सारे तेज गति से पूरे करके हर गरीब परिवार को उपलब्ध कराया जाएगा मोदी से कांग्रेस के लोगों को तकलीफ है पिछड़े समाज से आया हुआ कैसे प्रधानमंत्री बन गया? वह मोदी के बहाने पूरे पिछड़े समाज के लोगों को गाली देने से नहीं चूकते और सोचते हैं कि हम इन लोगों को गाली देते रहेंगे कुछ नहीं होगा। पिछड़े वर्गों से दलित वर्गों से कांग्रेस के लोग नफरत करते हैं। हमने रामनाथ कोविंद को राष्ट्रपति बनाया आदिवासी बेटी द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाया लेकिन कांग्रेस के लोगों को यह पसंद नहीं।

कांग्रेस सतनामी समाज को कैसे छल कर रही है यह गुरु बाल दास छत्तीसगढ़ में उठाते रहे है, विशेष परिवार के दरबार में हाजिरी लगाने वाला ही कांग्रेस में बढ़ पाता है।13000 करोड़ रुपए की योजना विश्वकर्मा परिवारों के लोगों के लिए हमने हाल में ही शुरू की है। कुम्हार लोहार सोनार फूलों की माला बनाने वाले कपड़े धोने वाले परिवार बाल काटने वाले खिलौने बनाने वाले राजमिस्त्री ऐसे तमाम कारीगर परिवारों को हजारों करोड़ों की विश्वकर्म योजना से लाभ मिलेगा। आधुनिक उपकरण खरीदने के लिए भी सस्ता ऋण मिलेगा, प्रशिक्षण भी दिया जाएगा,लेकिन विश्वकर्मा भाइयों से कोई बैंक गारंटी नहीं मांगेगा क्योंकि आपकी गारंटी मोदी ने पहले से लेकर रखी है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस के कुशासन को हटाने के लिए तैयार रहें। कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है हर बूथ को जीतना है। हमारा एक ही नेता है कमल हमारा एक ही लक्ष्य है कमल को जीताना, हर बूथ में कमल खिलाना होगा।

# कलेक्टर सिन्हा ने की चिटफंड संचालकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई

**रायगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने आज चिटफंड के नाम से लोगों से धोखाधड़ी करने के एक मामले में आरोपियों से जप्त 44 लाख 58 हजार रुपए की संपत्ति की नीलामी और 3 लाख रुपए नकद को राजसात करने का अंतरिम आदेश पारित किया है और प्रकरण को अंतिम आदेश के लिए माननीय जिला न्यायाधीश के समक्ष प्रेषित किया है। जहां से अंतिम आदेश के पश्चात नीलामी और राजसात से मिली राशि निवेशकों को लौटाई जायेगी।

इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली जिला रायगढ़ के द्वारा लिखित शिकायत आवेदन दिया गया था कि कलकत्ता वेयर इण्डस्ट्रीज लिमिटेड कंपनी लक्ष्मीपुर रायगढ़ के द्वारा रकम दुगुना करने का विभिन्न स्कीम बताकर प्रार्थी से 5 लाख रुपये एवं अन्य निर्देशकों से रकम जमा कराया गया तथा परिपक्वता अवधि पूर्ण होने के पूर्व कंपनी बंद करके फरार हो गये। प्रार्थीगण की रिपोर्ट के आधार पर कलकत्ता वेयर इण्डस्ट्रीज लिमिटेड के संचालक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अनावेदकगणों को सुनवाई हेतु उनके निवास गृह के पते में रजिस्टर्ड डाक से नोटिस प्रेषित किया गया। नोटिस तामिली की समस्त प्रक्रियाओं के पश्चात भी निर्धारित सुनवाई तिथि को अनावेदकगण अनुपस्थित रहे। अतः अनावेदकगणों के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की गई। पुलिस के द्वारा आरोपी 1-शाहजहाँ खान आ.मुकसद खान सा.जयदेवपुर होरिडेगा डायमण्ड हर्बर 24 परगना (पश्चिम बंगाल), 2-समशूल आलम खान पिता मुकसद खान सा.जयदेवपुर होरिडेगा डायमण्ड हारबर 24 परगना (पश्चिम बंगाल) को दिनांक 07 अप्रैल 2023 को गिरफ्तार किया गया तथा उनके कब्जे से जप्ती पत्रक के अनुसार नगदी रकम 3 लाख रूपये एवं सोने के जेवर मूल्य 30 लाख 03 हजार 900 रूपये, एक नग एकार्ड कंपनी की कार मूल्य 13 लाख रूपये, एक नग राडो घड़ी मूल्य 1 एक लाख रूपये एवं मोबाईल कुल कीमती लगभग 55 हजार रूपये जप्त की गई है।

## विधायक पति आशीष ने सामुदायिक भवनों का किया लोकार्पण

**तखतपुर,** 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। विभिन्न समाज के थाना के बगल में बने नवनिर्मित भवन का लोकार्पण कांग्रेस नेता आशीष सिंह ठाकुर के द्वारा किया गया इस दौरान समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए आशीष सिंह ठाकुर ने कहा कि थाना के ठीक सामने 6 समाज जिसमें आदिवासी समाज, यादव समाज, सोनी समाज, कुम्हार समाज, धुरी समाज, रजक समाज का भवन विधायक श्रीमती रश्मि सिंह के पहल पर विधायक निधी से बनकर तैयार हुआ है सभी भवन एक जगह हो जाने से सब एक दूसरे के सुखदुख में सहभागी होते हुए आपसी समझ और सहयोग की भावना के साथ भवन का समय समय पर उपयोग करेंगे। इतना ही नही सभी समाजों के भवन एक जगह हो जाने से यह एक बहुत अच्छा क्षेत्र बन गया है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार (परि.भूमि) सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.)**

**॥ ईश्तहार ॥**

क्रमांक 204 / ना.तह./ वाचक/ 2023
सक्ती, दिनांक 21/09/2023
रा.प्र.क्र. अ-2 / 2022-2023
ग्राम सोंठी तहसील सक्ती

एतद् द्वारा आम जनता साकिन सोंठी, प.ह.नं. 16, तहसील सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री ओम प्रकाश देवांगन पिता गणेशराम देवांगन, निवासी ग्राम झूलकदम सक्ती, तहसील व जिला सक्ती (छ.ग.) के द्वारा ग्राम सोंठी, तहसील सक्ती, जिला सक्ती (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 380/11 रकबा 0.03 एकड़ भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बाबत् अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सक्ती के न्यायालय से इस न्यायालय को जांच प्रतिवेदन प्रकरण प्राप्त हुआ है।

अतः आवेदक के उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन व्यवपर्तन किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो वे अपनी आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 05/10/2023 को स्वयं या जरिये अधिवक्ता के द्वारा उपस्थित होकर विधि अनुसार लिखित रूप में पेश कर सकते हैं। पेशी तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

सील
नायब तहसीलदार

## जिला पंचायत की बैठक से नदारद 9 अधिकारियों को शोकॉज नोटिस

**बिलासपुर।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरूण सिंह चौहान की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत सभागार में हुई। बैठक में विभिन्न विकास कार्यों और योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में बिना पूर्व सूचना के 9 अधिकारी और अपूर्ण जानकारी प्रस्तुत करने पर मछली पालन विभाग को शो कॉज नोटिस जारी किया गया है। जिन्हें नोटिस जारी की गई है उनमें गौरेला पेण्ड्रा मरवाही के उद्यानिकी के सहायक संचालक श्री एनएस कुशवाहा, जीपीएम जिले के मछली पालन के सहायक संचालक श्री आरडी पाण्डेय, जीपीएम जिले के महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री अतुल परिहार, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी संभाग बिलासपुर के कार्यपालन अभियंता श्री रविशंकर पटेल, लोक निर्माण विभाग बिलासपुर के कार्यपालन अभियंता श्री बीएल कापसे, लोक निर्माण विभाग बिलासपुर के श्री अरविंद चौरसिया, जीपीएम जिले की खाद्य नियंत्रक सुश्री श्वेता अग्रवाल, जीपीएम जिले के मनरेगा के सहायक परियोजना अधिकारी श्री लक्ष्मीकांत कौशिक, जीपीएम जिले के समाज कल्याण विभाग के सहायक संचालक श्री एके श्रीवास्तव शामिल है।

**कार्यालय, नगरपालिका परिषद जांजगीर-नैला**
**जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)**
Email Id- janjgirnailacmo@gmail.com

क्र./ 2603/ न.पा./ लो.नि.वि./ 2023-24 जांजगीर-नैला, दिनांक 29.09.2023

**सूचना**

कार्यालयीन द्वितीय निविदा सूचना क्र 2599 दिनांक 29.09.2023 में यार्ड क्र.25 बिजली आफिस के सामने से स्कूल तक सी.सी.रोड निर्माण कार्य हेतु सिस्टम टेंडर क्र 144507 दिनांक 29.09.2023 दैनिक समाचार पत्र नवभारत एवं देशबन्धु में त्रुटिवश प्रकाशित हो गया है। उक्त सी.सी.रोड निर्माण कार्य का सिस्टम टेंडर क्र 148712 दिनांक 29.09.2023 पढ़ा जावे, शेष नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी। सूचनार्थ।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद् जांजगीर-नैला**

**पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank**

Circle Sastra Centre पीएनबी हाऊस,किंग्सवे नागपुर-440001 फोन: 0712-6630484, 6603753 ई-मेल : cs6795@pnb.co.in

**अचल संपत्तीयों की बिक्री हेतु बिक्री सुचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिकनयम 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री/निलामी हेतु ई-निलामी बिक्री सूचना। एतद्द्वारा सर्वसाधारण को और विशेष रुप से कर्जदार (रों) तथा गारंटर (रों) को सुचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित अचल संपत्तीयाँ, जिनका प्रलक्षित/सांकेतिक कब्जा बैंक/प्रत्याभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा सकता है, संबंधित कर्जदार (रों) तथा गारंटर (रों) की तरफ बैंक/प्रत्याभूत लेनदार की बकाया राशि की वसुली के लिए नीचे तालिका में वर्णित तिथी को "जैसी है जहां है", "जैसी है जो है", तथा "जो भी है वहां है" आधार पर बेची जायेगी। सुरक्षित मूल्य तथा धरोहर राशि जमा नीचे तालिका में संबंधित संपत्ती के सामने वर्णितानुसार होगी।

**अनामत संपत्ती का विवरण**

| अनु. क्र. | शाखा का नाम / खाते का नाम / नाम तथा पत्ता कर्ज लेनेवाले/ जमानतदार का खाता | गिरवी अचल संपत्ती का विवरण/ मालक का नाम (गिरवी संपत्ती) | अ) सेक्शन 13(2) सरफेसी ॲक्ट 2002 अन्वये मांग सूचना दिनांक<br>ब) थकीत बकाया रक्कम<br>क) सेक्शन 13(4) सरफेसी ॲक्ट 2002 अन्वये कब्जा दिनांक<br>ड) कब्जा स्थिती सांकेतिक/ प्रत्यक्ष/ रचनात्मक | इ) सुरक्षित मूल्य (रुपये)<br>ई) ईएमडी (ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथी<br>उ) बोली वृध्दि राशि | ई-निलामी की तिथी/ /समय | प्रत्याभूत लेनदारो कों ज्ञात ऋणभारों का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1) | शाखा:किंग्सवे,नागपूर<br>मे.श्री राधे इंडस्ट्रीज लि. अध्यक्ष : श्री नारायणदास अग्रवाल संचालक : 1) श्रीमती शकुंतला एन. अग्रवाल 2) श्री अरुण एन. अग्रवाल 3) श्रीमती स्नेहलता चतुर्वेदी | खुला प्लॉट नं.2, खसरा नं.1605/1/एन, प.ह.नं. 02, वार्ड नं.13, मौजा भोजापूर, चंपा शक्ती मेन रोड, नविन क्रिएशन ॲकेडमी इंग्लिश स्कुल के पास, तह.चंपा, जि.जंजगिर, अंदाजन आराजी 3318.43 स्के.मि. (0.82 एकर) श्री अरुण एन. अग्रवाल के नाम से. | 22.12.2007<br>रु.46,74,27,942.34 30.09.2007 व 08.09.2007 को + ब्याज व शुल्क<br>24.02.2012<br>सांकेतिक ताबा | रु.73,07,000.00<br>रु.7,31,000.00 दि.18.10.2023<br>रु.10,000/- | दि. 19.10.2023 सुबह 11.00 से दोपहर 03.00 | ज्ञात नही |
| 2) | | खुला प्लॉट नं.2, खसरा नं.1159/1, 1160/1, 1161/1, प.ह.नं.02, वार्ड नं.13, मौजा भोजापूर, चंपा शक्ती मेन रोड, नविन क्रिएशन ॲकेडमी इंग्लिश स्कुल के पास, तह.चंपा, जि.जंजगिर, अंदाजन आराजी 1173.558 स्के.मि.श्री अरुण एन.अग्रवाल के नाम से. | | रु.25,84,000.00<br>रु.2,58,000.00 दि.18.10.2023 | | |

अटी तथा शर्ते :

1) विक्रय, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 में निर्धारित नियमों तथा शर्तो और निम्नलिखीत शर्तो के अधीन होगा।
2) संपत्तीयाँ "जैसी है जहां है आधार " ,तथा "जो है जैसी है आधार", तथा "जो भी है वहाँ है आधार" पर बेची जा रही है।
3) यहां ऊपर तालिका मेंविनिर्दिष्ट प्रतिभू आस्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वश्रेष्ठ जानकारी के अनुसार वर्णित किया गया है, परंतु प्राधिकृत अधिकारी इस उदघोपणा में किसी तृटी, मिथ्याकथन अथवा विलोपन के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे।
4) बिक्री अधोस्ताक्षरी द्वारा दि.19.10.2023 को https://www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध कराए गए ई-नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से उपरोक्तानुसार की जाएगी। ।
5) बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तो की अधिक जानकारी www.ibapi.in,www.mstcecommerce.com,https://eprocure.gov.in/epublish/app पर उपलब्ध है।
6) उपरोक्त किसी भी आयपी के लिये बोली लगानेवाले को निर्धारीत आरक्षित मुल्य के अलावा न्यमतम बढोतरी रक्कम रु.10000/- जोडने होंगे।
7) संपर्क व्यक्ती श्री आर. के.प्रधान-मो.8827659943,श्री निकेत पाटिल-मो.9967921643, श्री पवन गुडधे-मो.9423743110 तथा श्री दीपक मडावी-मो.9049222238

सरफेसी एक्ट 2002 के नियम 8 (6) के तहत बिक्री के संबंध में 15 दिन का कानूनी नोटिस

नागपूर दिनांक 30.09.2023
(इंग्लिश में प्रकाशित जाहिरात सही मानी जायेगी)
*अधिकृत अधिकारी*
*पंजाब नॅशनल बैंक, सुरक्षित लेनदार*

# देश

उवाच

अत्यधिक वास्तुशिल्प महत्व की एक ऐतिहासिक इमारत को ध्वस्त कर दिया जाएगा और उसकी जगह कुकी-कटर सरकारी भवन बनाया जाएगा और इस बीच कम से कम दो साल तक कोई राष्ट्रीय संग्रहालय नहीं होगा। यह बर्बरता है, शुद्ध व सरल।

**-शशि थरूर, कांग्रेस नेता**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 35 | 23 |
| मुंबई | 32 | 28 |
| कोलकाता | 27 | 26 |
| चेन्नई | 32 | 28 |

# मध्य प्रदेश में राहुल ने लोकतांत्रिक चेतना की अलख जगाई : कांग्रेस

**भोपाल/शाजापुर,** 30 सितम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने शनिवार को राज्य में वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की जनसभा के बाद कहा कि राहुल गांधी ने लोकतांत्रिक चेतना का अलख जगाया है। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री

- **शाजापुर में आयोजित जन आक्रोश यात्रा में शिवराज सरकार को घेरा**
- **प्रदेश में आज सबसे बड़ी चुनौती हमारे नौजवानों का भविष्य**

कमलनाथ ने शाजापुर में शिवराज सिंह चौहान सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि शिवराज सिंह चौहान ने आज पूरे प्रदेश को चौपट प्रदेश बनाकर रख दिया है। शिवराज की घोषणा मशीन डबल स्पीड पर चल रही है। इनकी झूठ की मशीन भी डबल स्पीड से चल रही है। फिर भी भाजपा आज प्रदेश में जन आशीर्वाद यात्रा निकाल रहे हैं। मैं तो कहता हूं कि शिवराज सिंह चौहान को अपने रेट कार्ड की यात्रा भी निकालनी चाहिए। मध्य प्रदेश में आज सबसे बड़ी चुनौती हमारे नौजवानों का भविष्य है।

**महिलाओं के प्रति अत्याचार में प्रदेश नंबर वन**

कमलनाथ ने कहा कि आप जिस प्रदेश में आए हैं वह महिलाओं के प्रति अत्याचार में नंबर वन है। आदिवासियों पर अत्याचार में भी



**मप्र की भाजपा सरकार ने आज पूरे प्रदेश को चौपट प्रदेश बनाकर रख दिया है : कमलनाथ**

है नंबर वन है। मध्य प्रदेश में चौपट रोजगार व्यवस्था, चौपट कृषि व्यवस्था, चौपट शिक्षा व्यवस्था, चौपट स्वास्थ्य व्यवस्था, चौपट उद्योग धंधे और इस तरह के कई और चौपट उदाहरण हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि अब भाजपा के पास बचा क्या है। इनके पास पुलिस, पैसा और प्रशासन बचा हुआ है।

मुझे आप सभी पर विश्वास है कि दो महीने में जो चुनाव होने वाला है वह केवल एक उम्मीदवार या किसी पार्टी का चुनाव नहीं है, बल्कि यह चुनाव तो अब मध्य प्रदेश के भविष्य का चुनाव बन चुका है। मुझे पूरा भरोसा है कि यहां आए हुए सभी लोग और मध्य प्रदेश के मतदाता इस बार केवल सच्चाई का ही साथ देंगे। कमलनाथ ने कहा कि 50 प्रतिशत भ्रष्टाचार और कमीशन की व्यवस्था पूरे प्रदेश में पंचायत से लेकर मंत्रालय तक बनाई है। पैसे दो और अपना नाम गरीबी रेखा के नीचे की सूची में लिखवाने का काम किया जा रहा है। प्रदेश में भाजपा का समय पूरा हो चुका है। मध्य प्रदेश के मतदाताओं ने तय कर लिया है कि शिवराज सिंह और भारतीय जनता पार्टी को बड़े प्यार विदा करना है। आज प्रदेश की पूरी तस्वीर आपके सामने है। मुझे पता है कि खेतों में कटाई चल रही है। इसके बाद भी इतनी संख्या में लोग यहां उपस्थित है, जो हमें शक्ति दे रहे हैं।

## मध्य प्रदेश में अंधेर नगरी चौपट राजा है : कांग्रेस

कांग्रेस नेता शोभा ओझा ने पोलायकलां में जनसभा की शुरुआत करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में अंधेर नगरी चौपट राजा है। नवंबर में चुनाव होंगे। कमर कस लीजिए। भाजपा हर तरह का हथकंडा अपनाएगी और भ्रमित करेगी। लोगों को गुमराह करने के लिए प्रयास कर सकते हैं। सात सांसदों को चुनावों में उतारा है। इससे कोई फायदा नहीं होने वाला। उन्हें डर है। प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से कहना चाहती हूं कि आप भी चुनाव लड़ लीजिए। कांग्रेस के विधायक और उम्मीदवार आपको भी धूल चटा देंगे। इंदौर में संजय शुक्ला के सामने कैलाश विजयवर्गीय को उतारा है। मैं दावे के साथ कहती हूं कि संजय शुक्ला निश्चित तौर पर कैलाश विजयवर्गीय को पटखनी देंगे।

# तेलंगाना में रेल सेवा को झंडी दिखाएंगे मोदी

**नई दिल्ली,** 30 सितम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जकलियर-कृष्णा के बीच नई रेलवे लाइन को राष्ट्र को समर्पित करेंगे और कृष्णा रेलवे स्टेशन से कचेगुडा तक उद्घाटन रेल सेवा को हरी झंडी दिखाएंगे। यह कार्यक्रम तेलंगाना में महबूबनगर में आयोजित किया जाएगा। दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) की शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि मोदी कार्यक्रम के दौरान 13500 करोड़ रुपए से अधिक के कार्यों जिसमें सड़क , पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस एवं उच्च शिक्षा जैसी कई विकासात्मक परियोजनाएं की आधारशिला रखेंगे एवं राष्ट्र को समर्पित करेंगे। तेलंगाना हाल के दिनों में अपने रेल नेटवर्क में तेजी से बदलाव का गवाह रहा है।



चाहे वह नई लाइनों का निर्माण हो, मौजूदा लाइनों का विस्तार हो, रेल लाइनों का विद्युतीकरण हो या नई यात्री सुविधाओं की शुरुआत हो, राज्य ने पहले कभी ऐसा विकास नहीं देखा है। मोदी द्वारा इस परिवर्तनकारी विकास को आगे बढ़ाते हुए जकलियर-कृष्णा के बीच एक नई लाइन राष्ट्र को समर्पित की जा रही है जो दक्षिणी तेलंगाना में रेल विकास की एक नई सुबह की शुरुआत करेगी। तेलंगाना के दक्षिणी जिलों को राज्य की राजधानी और कर्नाटक के रायचूर दोनों से जोड़ने वाले इस मार्ग पर ट्रेन सेवाओं की शुरुआत से क्षेत्र के लोगों के सामाजिक-आर्थिक विकास में मदद मिलेगी।

# जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, दो आतंकी ढेर

**जम्मू,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। सेना ने कुपवाड़ा के मच्छेल सेक्टर में घुसपैठ के एक प्रयास को नाकाम बनाते हुए दो आतंकियों को अंतिम समाचार मिलने तक मार गिराया था। उनके कब्जे से हथियार व गोला बारूद भी बरामद हुआ है। जबकि पुलवामा में आतंकियों द्वारा जमीन के अंदर बनाए गए दो ठिकानों को नेस्तनाबूद करते हुए हथियार बरामद किए गए हैं। सेना प्रवक्ता के अनुसार, मच्छेल में घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए दो अज्ञात आतंकवादियों को मार गिराया गया है। कुपवाड़ा में मारे गए घुसपैठियों के पास से दो एसाल्ट राइफल, चार मैगजीन, 90 कारतूस, एक पिस्टल और पाकिस्तान मुद्रा में 2100 रुपए मिले हैं। यहां मिली जानकारी अनुसार, जिला कुपवाड़ा के अंतर्गत मच्छेल सेक्टर में एलओसी के साथ सटे कुमकारी हयहामा इलाके में गश्त रहे जवानों ने आज तड़के उस पार से घुसपैठियों के एक दल को भारतीय इलाके की तरफ आते देखा। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि मच्छेल में आतंकरोधी अभियान जारी है। दो आतंकियों के मारे जाने की सूचना है। अभियान के समाप्त होने के बाद ही मारे गए आतंकियों की सही संख्या और उनकी पहचान का पता चल सकेगा। एक्स पर कुपवाड़ा पुलिस ने लिखा कि कुपवाड़ा पुलिस द्वारा उपलब्ध कराए गए एक खुफिया इनपुट के आधार पर, मच्छेल सेक्टर के कुमकारी हयहामा क्षेत्र में सेना और पुलिस द्वारा किए गए एक संयुक्त अभियान में, घुसपैठ करने वाले 2 आतंकवादी अब तक मारे गए हैं। आप्रेशन अभी भी जारी है। इस बीच सुरक्षाबलों ने दक्षिण कश्मीर में पुलवामा के त्राल में दो आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया। सेना



- **सेना ने आतंकियों के पास से हथियार किए बरामद**

प्रवक्ता ने बताया कि एक विशिष्ट सूचना पर कार्रवाई करते हुए, जम्मू कश्मीर पुलिस और सेना की 42 आरआर ने नागबल वन, गुलशनपोरा त्राल के वन क्षेत्र में घेराबंदी की। तलाशी के दौरान, दो आतंकी ठिकानों का भंडाफोड़ किया गया। संबधित अधिकारियों ने बताया कि यह दोनों ठिकाने त्राल के ऊपरी हिस्से में गुलशपोना के साथ सटे नागबल जंगल में थे। यह दोनों ठिकाने जंगल में जमीन खोदकर तैयार किए गए थे और इनके ऊपर लकड़ियां व घासफूस बिछाई गई थी, ताकि किसी को इनके बारे में पता न चले। इन ठिकानों से कंबल, कुछ खाने पीने का सामान व हथियार मिले हैं। सूत्रों ने बताया कि यह दोनों ठिकाने काफी पुराने हैं। यह दूसरी घुसपैठ की कोशिश है जिसे पिछली रात कश्मीर में सेना ने नाकाम कर दिया है। गत 16 सितम्बर को बारामूला जिले के उरी सेक्टर में मुठभेड़ में तीन घुसपैठिए मारे गए। उस घुसपैठ विरोधी अभियान के बाद, सेना ने कहा कि घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों को पाकिस्तानी सेना से 'गोलीबारी का समर्थन' भी मिला।

## सार संक्षेप

### कश्मीर में आतंकी हमले के मामले में छापामारी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी के ढांगरी गांव में हुए, आतंकवादी हमले की जांच के सिलसिले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी की टीम ने शनिवार को पुंछ जिले में कई जगहों पर छापे मारे। एक अधिकारी ने कहा कि एनआईए टीम ने स्थानीय पुलिस की सहायता से सुबह पुंछ जिले में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की। साथ ही पुंछ जिले के गुरसाई गांव के दो लोगों पर आतंकवादियों को शरण देने के मामले में एनआईए ने पहले ही मामला दर्ज कर लिया है। गौरतलब है कि इसी साल एक जनवरी को राजौरी जिले के ढांगरी गांव में हुए आतंकवादी हमले में सात नागरिक मारे गए और 13 घायल हो गए।

### शाह ने विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को गुजरात की राजधानी गांधीनगर में अहमदाबाद नगर निगम और अहमदाबाद शहरी विकास प्राधिकरण के 1651 करोड़ रुपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। शाह ने सरखेज, भाड़ज गांव, ओगणज, जगतपुर गांव और त्रागड में तालाबों के नवीनीकरण कार्यों का शिलान्यास भी किया। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल समेत अनेक गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। विश्वकर्मा योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि देश में करोड़ों लोग अलग-अलग प्रकार के छोटे-छोटे व्यवसाय करते हैं और इनके बिना देश का विकास संभव नही है।

### गिरिराज सिंह असली हिंदू हैं ही नहीं : वीरेंद्र

**पटना।** संसद के विशेष सत्र के दौरान राज्यसभा में महिला आरक्षण पर हो रही बहस के दौरान राजद के सांसद मनोज झा द्वारा पढ़ी गई एक कविता को लेकर बिहार की सियासत में उठा बवंडर अभी थमा भी नहीं है कि राजद विधायक भाई वीरेंद्र ने केंद्रीय मंत्री गिरिराज को लेकर विवादास्पद बयान दे दिया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि वे असली हिंदू हैं ही नहीं। पत्रकारों ने जब उनसे गिरिराज सिंह के एक बयान को लेकर सवाल किया तो भाई वीरेंद्र ने कहा कि सच्चाई यह है कि गिरिराज सिंह असली हिंदू हैं ही नहीं।

### मप्र के सतना में उल्टी दस्त से तीन लोगों की मौत

**सतना।** मध्य प्रदेश के सतना जिले के नागौद थाना क्षेत्र के सितपुरा गांव में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत उल्टी दस्त से हो गई। सितपुरा में उल्टी दस्त की वजह से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई है। डायरिया से दो बच्चों सहित एक महिला की मौत हो चुकी है। पीड़ित सितपुरा की कोलान नई बस्ती निवासी ढैया कोल की महिला झल्ली कोल, उसकी 6 वर्षीय बेटी व पांच वर्षीय बेटा की मौत हो गई हैं।

# कुलगाम में सेना लोगों का कर रही उत्पीड़न : महबूबा

**श्रीनगर,** 30 सितम्बर (एजेंसियां)। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सेना की एक इकाई की ओर से निवासियों के कथित उत्पीड़न की परेशान करने वाली खबरों पर गंभीर चिंता व्यक्त की। महबूबा ने सेना के अवंतीपोरा स्थित विक्टर फोर्स के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल बलबीर सिंह से भी चिंताजनक आरोपों पर गौर करने का अनुरोध किया। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, कुलगाम के कांसलो कांडा क्षेत्र के निवासियों से 9 आरआर शिविर के सैनिकों द्वारा कथित तौर पर परेशान किए जाने के बारे में परेशान करने वाले फोन आए। यह भी चिंता है कि वे युवाओं को सेना शिविर में बुला रहे हैं और उन्हें मुफ्त में मजदूरी करने के लिए मजबूर कर रहे हैं। महबूबा ने यह भी कहा कि जीओसी अवंतीपोरा बलबीर सिंह से अनुरोध है कि कृपया इन चिंताजनक आरोपों पर गौर करें। यदि यह सच है तो उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि इसमें शामिल लोगों पर कार्रवाई की जाए। सेना के अधिकारियों ने हालांकि, कहा कि आरोप सही नहीं हैं।



- **लोगों के कथित उत्पीड़न पर जताई चिंता**

अधिकारियों ने कहा कि यह सच नहीं है। इसे लोकल फॉर्मेशन से चेक किया गया है। सेना द्वारा नियोजित आकस्मिक मजदूरों को समय पर भुगतान किया जाता है और ऐसा कुछ नहीं हुआ है।

# अज्ञानता का राजनीतिक लाभ लेना शर्मनाक : धनखड़

**नई दिल्ली,** 30 सितम्बर (एजेंसियां)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम की आलोचना करके राजनैतिक लाभ अर्जित करने के प्रयास को मानवता के लिए शनिवार को घातक बताया और कहा कि देश का भविष्य युवाओं के योगदान और उनकी सजगता पर निर्भर करेगा। धनखड़ शनिवार को यहां संकल्प फाउंडेशन और पूर्व लोक सेवा अधिकारी संघ को संबोधित कर रहे थे। उपराष्ट्रपति ने भारतीय मूल्यों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा समाज में परिवर्तन तब आएगा जब हम अपने सांस्कृतिक मूल्यों का आदर करेंगे। भारतीयता और भारत हमारे लिए सर्वोपरि हैं और प्रत्येक व्यक्ति भारतीय होने पर गर्व करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत जैसी समृद्ध विरासत पूरी दुनिया में कहीं नहीं है।

- **उपराष्ट्रपति ने पूर्व लोक सेवा अधिकारी संघ को किया संबोधित**

भारत की संस्कृति पांच हजार वर्षों से भी अधिक पुरानी संस्कृति है, जो लोकाचार और मानवीय मूल्य भारत की संस्कृति में विद्यमान है जो पूरी दुनिया में किसी भी देश की संस्कृति में नहीं है। उन्होंने कहा कि जब पूरी दुनिया कोविड महामारी से जूझ रही थी उस समय भारत ने एक सौ से अधिक देशों को वैक्सीन भेजकर उनकी सहायता की। भारतीय संस्कृति का यही लोकाचार और संस्कृति की पहचान है। वसुधैव कुटुंबकम का सच्चा अर्थ यही है। धनखड़ ने अन्य देशों में जाकर भारत की आलोचना करने वालों पर निशाना साधते हुए कहा कि जब बहुत अधिक प्रगति होती है तब कुछ ताकतें देश की प्रगति की आलोचना करने में कोई कसर नहीं छोड़ती हैं। और किसी भी हद तक जाकर आलोचना करती हैं तथा देश को बदनाम करने का कुकृत्य करती हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा किसी भी देश की सबसे बड़ी पूंजी वहां का मानव संसाधन है। देश की सांस्कृतिक विरासत भी एक बड़ी पूंजी होती है और सांस्कृतिक विरासत एक सौम्य शक्ति के रूप में देश की तरक्की में अपनी भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि जिस दिन हमारे देश के युवा ठान लेंगे की चुना हुआ सांसद संविधान की अपेक्षा के अनुसार अपने कर्तव्य का पालन करेगा उस दिन हमारे सांसदों को संविधान के अनुसार आचरण करना पड़ेगा। भारत की नई शिक्षा नीति की प्रशंसा करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा नई शिक्षा नीति बदलाव का एक मुख्य कारण बनेगी। इस शिक्षा नीति के तहत युवा एक साथ कई पाठ्यक्रमों का अध्ययन कर सकते हैं।



**समाज में परिवर्तन तब आएगा जब हम अपने सांस्कृतिक मूल्यों का आदर करेंगे : जगदीप धनखड़**

## देश के युवा राष्ट्र की उन्नति के कर्णधार : उपराष्ट्रपति

देश के युवाओं को आगाह करते हुए धनखड़ ने कहा कि देश के युवा राष्ट्र की उन्नति के कर्णधार हैं और भारत को विकसित बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। भारत की आबादी में युवाओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हमारे देश का भविष्य देश के युवाओं के योगदान और उनकी सजगता पर निर्भर करेगा। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने वाले योद्धा युवा ही बनेंगे। सांसदों के आचरण और मर्यादा को लेकर अपनी चिंता को साझा करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि संसद में सांसद संवाद करेंगे, चर्चा करेंगे, गहन विचार विमर्श करेंगे और महत्वपूर्ण कानूनों के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएंगे लेकिन वे शोर हंगामा, आरोप-प्रत्यारोप करते हैं।

# विधानसभा व लोकसभा चुनावों में भाजपा को मजबूत करने को बहाल होगे विस्तारक

**नई दिल्ली,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। भाजपा ने विधानसभा व लोकसभा चुनावों में पार्टी को मजबूत करने के लिए विस्तारकों को बहाल करने का अहम फैसला लिया है। अगले दो महीने में सभी विस्तारकों की बहाली हो जाएगी और प्रशिक्षण देकर इनकी तैनाती कर दी जाएगी। इसके लिए भाजपा ने 10 सदस्यीय समिति का गठन किया है। पार्टी ने तय किया है कि 1 दिसम्बर से पहले उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और बिहार जैसे राज्यों में विस्तारकों की बहाली व प्रशिक्षण का काम पूरा कर इन्हे पूरी तरह से जमीन पर उतार दिया जाएगा।

वहीं छोटे राज्यों में यह काम एक जनवरी तक पूरा कर लिया जाएगा। देश भर में विस्तारकों की सभी गतिविधियों की संचालन केंद्रीय स्तर पर भाजपा महासचिव सुनील बंसल देंखेगे। उनके अधीन 10 नेता अलग-अलग राज्यों में काम करेंगे। विस्तारक योजना का संयोजन उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा करेंगे। वहीं सह संयोजक कि जिम्मेदारी बिहार के संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया और दिल्ली के भाजपा नेता राजुकंमार सभांलेंगे। इसमें बतौर सदस्य तमिलनाडु के श्रीनिवासन, महाराष्ट्र के सुनील कर्जतकार, यूपी के विजय बहादुर पाठक, मध्य प्रदेश के श्याम महाजन, हिमाचल प्रदेश के उमेश शर्मा, बिहार के प्रोफेसर मनोज सिंह और त्रिपुरा के पार्टी नेता किशोर बर्मन को बनाया गया है। इन सभी नेताओं को देश भर के अलग-अलग राज्यों में विस्तारक बहाली, प्रशिक्षण व समन्वय की जिम्मेदारी दी गई है। भाजपा नेतृत्व ने इसकी जानकारी सभी प्रदेश अध्यक्षों को दे दी है औरअति शीर्ष विस्तारकों के काम को तेजी से लागू करने का निर्देश दिया है। बतादें कि विस्तारक ऐसे कार्यकर्ता होते हैं जो सालों से भाजपा या राष्ट्रीय स्वयं सेवक के किसी प्रकल्प में काम कर रहे हैं। ये जमीन पर पार्टी के आंख, नाक और कान होते हैं। जो दिन प्रतिदिन की जमीनी हकीकत से पार्टी के शीर्ष नेताओं को अवगत कराते हैं।



**भाजपा ने इसके लिए दस सदस्यीय समिति का किया गठन**

# ओडिशा विधानसभा में फिर हुआ हंगामा

**भुवनेश्वर,** 30 सितम्बर (एजेंसियां)। ओडिशा में विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यों द्वारा शनिवार को सदन में हंगामा के कारण सुबह करीब 10:31 बजे से शाम चार बजे तक कार्यवाही स्थगित कर दी गई। जैसे ही आज सदन में प्रश्नकाल की कार्यवाही शुरू हुई वैसे ही भाजपा सदस्य सदन के वेल में आ गए और गुरुवार को अध्यक्ष द्वारा अपने दो सदस्यों के निलंबन को हटाने और सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) के अरुण साहू द्वारा नेता प्रतिपक्ष जयनारायण मिश्र के मानसिक स्वास्थ्य पर की गई अपमानजनक टिप्पणी को हटाने की मांग करते हुए नारे लगाने लगे। सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद अध्यक्ष प्रमिला मलिक ने बीजद के सुधीर सामल को अपना प्रश्न उठाने के लिए कहा, लेकिन इससे पहले कि वह प्रश्न को आगे बढ़ाते, भाजपा सदस्य वेल में आ गए और सदन में विरोध प्रदर्शन करने लगे। भाजपा के दो विधायकों मोहन चरण माझी और मुकेश महालिंग को गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष के आसन पर कथित तौर पर दाल फेंकने के बाद शेष सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया था।



# झारखंड में नहीं थम रहा डेंगू-चिकनगुनिया का कहर

- **मेडिकल स्टूडेंट सहित अब तक सात की मौत**
- **डेढ़ हजार से ज्यादा मरीज मिले**

**रांची,** 30 सितम्बर (एजेंसियां)। झारखंड में डेंगू-चिकनगुनिया का कहर थम नहीं रहा। मरीजों की तादाद डेढ़ हजार से भी ज्यादा पहुंच गई है। पिछले चार साल में डेंगू पीड़ितों की संख्या कभी इससे ज्यादा नहीं रही। अब तक सात मरीजों की मौत हो चुकी है। इनमें तीन स्कूली छात्र और एक मेडिकल स्टूडेंट शामिल हैं। राज्य के जिला अस्पतालों में बनाए गए डेंगू वार्ड मरीजों से फुल हो चुके हैं। शुक्रवार को जमशेदपुर के टाटा मेन हॉस्पिटल में इलाजरत मेडिकल प्रथम वर्ष के छात्र अविनाश कुमार झा की मौत हो गई। वह आदित्यपुर बाबाकुटी निवासी आईएन झा के पुत्र थे। जमशेदपुर के जेपीएस बारीडीह, तारापोर एग्रिको और डीबीएमएस स्कूल के तीन छात्रों की मौत भी डेंगू से हुई है। शुक्रवार को जमशेदपुर में डेंगू के 19 मरीज मिले। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता जमशेदपुर के रहने वाले हैं और सबसे ज्यादा मरीज इसी जिले (पूर्वी सिंहभूम) में पाए गए हैं। यहां डेंगू के कुल मरीजों की संख्या 891 पहुंच चुकी है। स्वास्थ्य विभाग के आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक राज्य में इस साल जनवरी से अब तक डेंगू के 1534 और चिकनगुनिया के 240 मरीज मिले हैं।



यह आंकड़ा सिर्फ सरकारी अस्पतालों में इलाजरत मरीजों का है। अनुमान है कि सैकड़ों मरीजों का इलाज प्राइवेट हॉस्पिटलों में चल रहा है।

प्रतिबद्धता | *नारी सशक्तीकरण के नए युग की शुरुआत*

# देश के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी बनेगा नारी शक्ति वंदन अधिनियम

**भोपाल,3 सितम्बर (देशबन्धु)। देश के संसदीय इतिहास में नारी सशक्तिकरण का एक अनूठा उदाहरण पेश करते हुए संसद के दोनों सदनों ने ऐतिहासिक 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पारित कर दिया है। राष्ट्रपति मुर्मू की स्वीकृति के बाद नारी शक्ति वंदन अधिनियम अब कानून का रूप ले चुका है। अधिनियम यह सुनिश्चित करने की सरकार की।**

प्रतिबद्धता है कि महिलाओं की आवाज को अब और भी अधिक प्रभावी ढंग से सुना जाए। नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारत के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी बनेगा। इससे जहां नारी शक्ति का प्रतिनिधित्व और मजबूत होगा, वहीं अधिनियम से नारी सशक्तिकरण के एक नए युग की शुरुआत होगी। यह सिर्फ एक कानून नहीं है, बल्कि इसके जरिए राष्ट्र निर्माण में अमूल्य भागीदारी निभाने वाली देश की माताओं, बहनों और बेटियों को उनका अधिकार मिला है। इस ऐतिहासिक कदम से महिलाओं की आवाज और बुलंद होगी, उनकी शक्ति, साहस और सामर्थ्य को एक नई पहचान मिलेगी। नारी शक्ति के सहयोग और सामर्थ्य के बिना एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण संभव नहीं है।



- **आधी आबादी की विधायिका में भी मुखर होगी आवाज**

देश की महिला शक्ति को उनका अधिकार देने वाला सरकार का यह निर्णय, आने वाले समय में एक विकसित और समृद्ध भारत के निर्माण का मुख्य स्तंभ बनेगा। लंबे समय से लंबित मांग को पूरा करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया भर में लैंगिक समानता और समावेशी शासन का एक शक्तिशाली संदेश दिया है। इस अधिनियम के माध्यम से 140 करोड़ की आबादी में 50 प्रतिशत हिस्से वाली मातृशक्ति को सच्चे अर्थों में सम्मानित करने का काम किया है। अब देश की महिलाएं न केवल नीतियों में भागीदार बनेंगी, बल्कि नीतियों के निर्धारण में भी अपना योगदान देंगी। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री का पदभार संभालने के दिन से ही महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सहभागिता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्राथमिकता रही है। वर्तमान प्रावधान के अनुसार संसद में चुनकर आने वाले सदस्यों की तीनों श्रेणियों सामान्य (जिसमें ओबीसी शामिल हैं), अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति में सरकार ने 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को दिया गया है। जिससे देश में महिला सशक्तिकरण की एक नई दिशा तय होगी। संविधान संशोधन की धारा 330 (ए) और धारा 332 (ए) के माध्यम से महिला आरक्षण का प्रावधान किया गया है। इस विधेयक के जरिए लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया गया है। हालांकि, महिलाओं को इसका लाभ जनगणना और परिसीमन (लोकसभा और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों का पुनर्निर्धारण) की प्रक्रिया के बाद ही मिलेगा।

## हाना

दुधारू गाय के लातों मीठ।
दूध देवइया गाय के लात ह घलो मीठ लागथे वइसने काम करइया मनखे के दू ठन बात ह घलो करू नई लगय मीठ लगथे। तब ये हाना ल केहे जाथे।

## शब्द अरथ

1.चिटिक कन - छोटा कमी, अभाव।
2. चीला- चावल पिसान के बनाए जाने वाली दोसा जइसन एक पातर रोटी, पानी में उत्पन्न होने वाली एक पुरई पान
3. चिरी- जीभ साफ करके फेंक जाने वाले दातौन के फांक
4. चिरे- फाड़ा हुआ
5. चिरल- चिरै, चिरई
6. चिरैया- पक्षी, चिड़िया, फाड़ने वाला
7. चिरौंजी- फलों के बीज की गिरी,
8. चिरौनी-चिरउनी, फाड़ने की क्रिया या भाव
9. चिलउटी- गर्म बर्तन को पकड़ने के लिए प्रयुक्त किया जाने वाला कपड़ा
10. चिलचिल- परेशानी, झंझट

## छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग : साहित्यिक कुंभ

अभी 23–24 सितम्बर के छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के सातवां प्रान्तीय सम्मेलन रायपुर के वीआईपी रोड, बेबीलोन इंटरनेशनल होटल म होइस। दू दिन बर होटल बुक रहिस हे। हर जिला लें 15–15 कवि साहित्यकार मन आये रहिन हें। अपन राज में फाइव स्टार होटल के मजा लीन। आठ सत्र म कार्यक्रम होइस। ये कार्यक्रम संस्कृति विभाग के सभागृह ले निकल के सीधा फाइव स्टार होटल म पहुचगे। येखर श्रेय डॉ. अनिल कुमार भतपहरी, सचिव छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग ल जाथे। ये बेरा के कार्यक्रम के विषय में बदलाव आये रहिस हे। 'पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ी' ल अइसे बेरा म रखे गे रहिन हें जब नवा शिक्षा नीति म प्राथमिक स्तर तक मातृभाषा म शिक्षा के आदेश हावय। जेन बारहवीं तक के पाठ्यक्रम हावय। ओमा प्राथमिक स्तर तक मातृभाषा म शिक्षा लिखाये हावय। छत्तीसगढ़ राज्य पाठ्यक्रम तइयार नइये कहिके 2023 म लागू नइ करिस। अब 2024 म लागू करत हावय।

प्राथमिक स्तर म येला एक विषय के रूप म रखे जावत हे। येखर बर पाठ तइयार होवत हावय। ये सत्र म एससीईआरटी रायपुर के जया चंद्रा बतइन। कई ठन बात होइस। हल्बी ल छत्तीसगढ़ी के समान बतइन डॉ. बिहारीलाल साहू फेर शकुंतला तरार आम जन के बीच कुछ.शब्द ल रख के बता दिस के हल्बी अउ छत्तीसगढ़ी म बहुत अंतर हावय। क्षेत्रीय भाषा ऊपर काम होना चाही। सब बोली ऊपर छत्तीसगढ़ी ल लादना नइ चाही। आयातित शब्द मन ल ज्यों के त्यों लेना चाही। चर्चा बहुत बढ़िया रहिस हे।

आठवीं अनुसूची म आये बिना भी छत्तीसगढ़ी के विकास होही, एम ए खुल गे हावय। 2001 ले एक पेपर के रूप म छत्तीसगढ़ी ल एम ए म पढ़ाये जात हावय। छत्तीसगढ़ी के विकास रूक नइ सकय। येला जन जन के भाषा बनाये के काम होवत हावय। नंदाय के बात तो सोचे भी नइ जा सकय।

दूसरा सत्र के विषय रहिस हे– छत्तीसगढ़ी राज्य बने के बाद 'छत्तीसगढ़ी गद्य साहित्य म नवाचार' चर्चा बहुत जोशपूर्ण होइस। 1985 ले ले के 2000 तक के भूमिका ओखर बाद अब तक के नवाचार सब के आगू म अइस।' फेर एक बात दिखिस के जन जन तक पुस्तक के नई पहुंचे के कारण जानकारी कमती रहिथे।

चौथा सत्र 'छत्तीसगढ़ राज बने के बाद महिला साहित्यकार मन के योगदान' –एक सत्र बढ़िया रहिस हे फेर जानकारी बहुत कमती अइस। बार–बार निरुपमा शर्मा ल पहिली महिला साहित्यकार बोले जाथे, ये जानकारी ल मैं कई समूह म प्रमाण के साथ देय हावंव, के पहिली महिला साहित्यकार डॉ. सत्यभामा आड़िल आयें। ओमन 1957 ले नवभारत म छपत रहिन हें। कमती उमर म संपादन भी करत रहिन हें। निरुपमा शर्मा पहिली महिला मंचीय कवियत्री रहिन हें। साहित्यकार नोहय। अइसने कई तरह के गलत जानकारी प्रतियोगी पुस्तक मन म घलो छपे हावय।

'छत्तीसगढ़ के लोक साहित्य में राजन यादव जी छाये रहिन हें। बढ़िया जानकारी मिलिस। दू सत्र रात–रात के कवि मन बर रखे रहिन हें। ये समय एक नवा बात ये होइस के 'छत्तीसगढ़ म नवा पीढ़ी' सत्र नवा पीढ़ी मन बर रखे गे रहिस हे। जोशपूर्ण ढंग ले भाषा, मानकीकरण पाठ्यक्रम ऊपर चर्चा होइस। मानकीकरण ऊपर दू तरह के बात सामने अइस। एक तो बावन अक्षर ल स्वीकार करे के त दूसर बात युवा मन रखिन के बावन अक्षर ले के आज व्याकरण बनाना कहां तक सही हे? जबकि हीरालाल काव्योपाध्याय के बनाये व्याकरण ल झुठला देय जाये। स्वीकार तो उही ल करे बर परही। नवा विचार अउ तर्क भी रखे गीस। बहुत जरूरी हावय के युवा मन ल अउ महिला मन ल अलग से सत्र मिलना चाही। नवा विचार निकल के आथे।

तीसरा सत्र 'दूध मोंगरा' के छत्तीसगढ़ी नृत्य

नाटिका के प्रस्तुति कार्यक्रम म जान डार दिस। भाषा के कार्यक्रम ल हमर संस्कृति के प्रस्तुति मजबूत बना दिस। ये बेरा म समन्वयक मन के भी मोमेंटो दे के सम्मान करे गीस। एक नवा जोश, जेन आक्सीजन के काम करिस। प्रवेश द्वार के सजावट हमर संस्कृति ल बतावत रहिस हे।

अनिल भतपहरी ह बहुत मेहनत करे रहिस हे। समय के कार्यक्रम म सत्र के चुनाव अउ वक्ता मन ल सोच के रखेगे रहिस हे। पूरा छत्तीसगढ़ होटल में समाहित रहिस हे, तीस जिला ले साहित्यकार मन आये रहिन हें। ये बेरा म सब एक दूसर ले बने मिलिन फोटो खिंचाइन। जशपुर सरगुजा के कवि लेखक मन ल साक्षात देखे बर मिलिस, सही म ये साहित्य कुंभ रहिस हे। जगह के चुनाव बहुत सोच विचार के करे गे रहिस हे। हमेशा के तरह सब ल बैग मिलिस। बहुत विचार मंथन के बाद सत्र मन समाप्त होगे। सब अपन–अपन घर चल दिन। फेर सुरता अभी ले बांचे हावय। फोन घलो चलत हावय फोटो अभी ले आवत हावय। अइसन यादगार सम्मेलन के फेर अगोरा म।

**सुधा वर्मा**

# पूर्वज मन के प्रति श्रद्धाभाव पितरपाख म

एपर युग पुरुष श्रीकृष्ण के कुरुक्षेत्र म महारथी अर्जुन ल देय उपदेश–'कर्मण्ये वाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन' ह समस्त मनखे जाति बर देय संदेश आय। श्रीकृष्ण के मुताबिक मनखे ल अपन जिनगी भर सिरिफ करम करते रहना चाही; कर्म म ही उंकर अधिकार हो सकथे, कर्मफल या परिणाम म नहीं। तभे तो मनखे ल अपन करम के हिसाब ले ही फल मिलथे; अउ येहू बात ह बिसरे के नोहे कि मनखे ल कुछ अपन करम के, कुछ अपन किस्मत के अउ कुछ अपन पुरखा के करम के फल मिलथे। याने कहे जा सकथे कि हर मनखे ल अपन पुरखा माने पूर्वज के करम–कमई के फल के सुवाद वर्तमान जनम म जाने ल मिलथे। जब जेन पूर्वज मन के करम–कमई के फल मनखे हर पाथय; तब तो उंकर प्रति सम्मान श्रद्धाभाव व्यक्त करे के हर मनखे के कर्तव्य घलो बनथे। अइसना हमर छत्तीसगढ़ के ग्राम्य–शहरी अंचल म हिंदू धर्म के लोगन हर अपन पूर्वज मन के प्रति सादर श्रद्धाभाव निर्धारित समयावधि म रखथे। जेन ल 'पितरपाख या पितृपक्ष' केहे जाथे। कुंवार महीना के अंधियारी पाख के एक्कम तिथि ले लेके अमावस्या तक समय पितरपाख आय। पंदरा दिन के इही अवधि म लोगन अपन पूर्वज मन ल श्राद्ध–तरपन देथे, पितर शब्द ह संस्कृत के पितृ शब्द ले बने हे। पितृ या पितर माने सरग सिधारे पूर्वज अउ अपने स्वजन– दाई–ददा, बबा–परबबा, भाईबंध, लोग–लइका। साधारण बोली म समझे जाय तो पूर्वज ही पितर आय। ये पितर शब्द ह व्याकरण के दृष्टि ले एक जातिवाचक संज्ञा, उभयलिंग अउ एकवचन आय।

पितर–मनई के शुरुआत–हमर हिंदुधर्म देहाती लोक संस्कृति के मुताबिक परलोक सिधारे कोनों मनखे ला पहिली बइसाख मास के अक्ति तिहार म विशेष नेंग–जोग करके जल तर्पण दे जाथे। जेला 'अक्ति पानी देवई या 'अक्ति मिलई' कहे जाथै। जेन तिथि के वो मनखे हर सरग गमन करे रथे, तेन तिथि म वोकर पितरपाख म पहिली पितर मनाय जाथै, पितर मिलई कहलाथे। सरग गेय मनखे के अक्ति पानी पाय बिना वोला पितर नइ मिलाय जाय। पितरपक्ष के एक्कम यानी पहिली दिन, जेला बैठकी घलो कथै, बिहनिया ले ही लोगन के हिरदय म पूर्वज के प्रति घात श्रद्धाभाव उमड़थे। फजरे ले घर–भीतरी अंगना ले लगे मुंहाटी ल गोबर म लीप के सुघर चऊंक पुरे जथे। पीढ़ा ऊपर लोटाभर पानी म दू–चार ठन दतुवन रखे जाथे। कुम्हड़ा, तोरई, चिरइया, दस्मत फूल ले सजाये जाथे। तोराई पान म दू–दू चार–चार दाना चंउर अउ उरिद घला रखे जाथे। लोटा या लोटा के बगल म कुश ( काशी प्रजाति की घास) अउ दूबी रखे जाथे। लोगन हर अपन पुरखा के आगमन अउ सुवागत–सत्कार के बड़ा सुग्घर बेवस्था करथें।



पितर के नेंग–जोग –पितर मनइया मनखे ह बिहनिया दस–गियारा बजे तक तरिया–नंदियां नहाये बर जाथे। कांचा कपड़ा पहिरे–पहिरे कुश या दूबी ले पानी के तर्पण देथे। पांच–सात घांव दार–चाऊर के तरपन देवत तोरई पान सुद्धा दार–चाऊर ल पार म एक जगा मढ़ा देथे। घर म आके पितर–ठउर म दीया बारथै। हूम–धूप देथे। पितर याने पुरखा ल देव समान मानथे। उनला आह्वान करथे। श्रद्धापूर्वक सुमरथे। पूजा–अर्चना करथे। नमन करथे। थारी म तोराईपान ऊपर रखे दार–भात, तोराई साग, बरा, भजिया, सोंहारी ल नान–नान खोंट (टुकड़ा कर के ) के पितर ल अर्पित करे जाथे। पितरपाख म तोराई पान, फूल अउ साग के उपयोगिता सम्भवत: येकर सेती होथय कि इही समै बारी–बखरी म तोराई हर जादा फुलते–फरथे। हरियर तोराई के फूल–फर–पान ह हरियर बारी–बखरी, मतलब हमर कृषि उपज के समृद्धि के प्रतीक आय। ताहन तोराई पान म दार–भात अउ रोटी–पीठा ल सान के तोराईपान म ही रखके छानी ऊपर रखथे; जेन ल कउआं मन देखत रहिथे। छानी म अर्पित दार– भात अउ रोटी–पीठा ल कउआं मन ग्रहण करथें; याने खाथें। इंकर ये खवई ल शुभ माने जाथे। लोगन समझथे कि पीतरदेव मन हर ही ग्रहण करत हें। ये लोगन के अपन पितर के प्रति आस्था अउ आस–विश्वास के प्रतीक आय। पितरपाख भर कउआं मन ल गारी देवई, भगई अउ मरई वर्जित रथे। जेन दिन कोनों मनखे हर अपन बाप ल पितर मानथे, वो दिन वोकर 'माई पितर' आय। ये दिन पहिली ले नेवताय अपन पास–परोस, सगा सोदर, हितु–पिरोती मन ल खाये बर बलाय जाथे। येकर ले लोगन म प्रेम, सहयोग, भाईचारा जइसे सामाजिक भावना पनपथे। पितर–मनई के अंतर्गत पितरपक्ष के पंचमी के दिन सरग चल बसे कुंआरा–कुंआरी ल अउ नवमी के दिन परलोक गमन करे जम्मों बेटी जात याने माईलोगिन मन ल पितर माने जाथे, जेला नवमी पितर घला कहिथे। ये पितर ले लोगन म नारी–सम्मान के भाव झलकथे। पितरपाख म कतको झन हर तो चुंदी अउ दाढ़ी–मेछा नइ बनवावय। ये अवधि म लोगन अपन घर के कुलदेवता अउ गांव के डीह–डोंगरी के पूजा–पाठ नइ करें।

पितर बिदाई–पितर पाख के आखिरी दिन रोजेच असन पितर मन के मान–गउन होथे; पर ये दिन थोरिक विशेष ढंग ले पूरा मान–सम्मान के तर्पण देय जाथे। हूम–धूप देये के बाद अन्न–जल अउ रोटी–पीठा अर्पित तो करबे करथे; संगे–संग एक ठिन बड़े–असन तोराई पान म दार–भात अउ नान–नान बरा, सोंहारी, भजिया रख के, वोला घर ले थोरकिन दुरिहा म एकजगा रखे जाथे। इही रसम म रोटी–पीठा जोर के जम्मों पितरदेव मन ल मया–पिरीत , असीस के आस–विश्वास के साथ उनला स–सम्मान बिदा करे जाथै, जेला पितर बिदा कहे जाथे। क्षेत्र विशेष म इही ल पितर–खेदा घला कही देथे। अइसन ढंग ले हमर गांव–देहात म पितरपाख ह सरगवासी पूर्वज अउ स्वजन मन के मान–सम्मान के लोक पारम्परिक परब होथे; जेन हमर छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति के एक बड़ा सुग्घर झलक आय।

**— टीकेश्वर सिन्हा गब्दीवाला, व्याख्याता ( अंग्रेजी ) घोटिया–बालोद**

# नावाखाई परब अन्न के प्रति आभार

हमर छत्तीसगढ़ राज के जब बात आथे त अपने अपन इहां के कला,संस्कृति,रहन–सहन, रीति–रिवाज, खेती किसानी,बखरी–बारी,धान–पान के सुरता आ ही जाथे। विशेष करके इहां के परब–पूजा–पाठ,करम–कांड, हमर छत्तीसगढ़ के रहईया मन ल एक सूत्र म बांध देथे अउ इही म सब के दया–मया, दुलार ह फरी–फरी झलक जाथे। ए सब कारन से हमर पुरखा मन, जे परम्परा बनाय हे ओहर हमर सबले बड़े धरोहर कहलाथे। इही परम्परा ल सहेजे खातिर छत्तीसगढ़ म किसम–किसम के संस्कृति ह सतरंगी रंग म रंगे हावे।

> **पुरखा के परम्परा ल धरोहर मान के अपन कुलदेवता के आशीष समझथें अउ एखरे से घर-परिवार म सुख समृद्धि ह बने रहिथे। इही सुख समृद्धि ल बनाए खातिर हमर छत्तीसगढ़ म कुवांर मास, शुक्ल पक्ष के नवमी म नवाखाई के परब ल अड़बड़ धूमधाम ले मनाय जाथे। ए परब ह प्रकृति के प्रति कृतज्ञता जाहिर करे के परब आय। नावा फसल आय के खुशी म सबसे पहिली अपन गांव के देवता अउ कुल देवता ल अर्पित करथें।**

छत्तीसगढ़ के परब ह वइसे तो बारह मासी होथे, लेकिन इहां के हर परब ह अलग–अलग महत्व रखते अउ ए सबो परब ह नावा–नावा सन्देश ल दे जाथे, जेला छत्तीसगढ़ वासी मन, पुरखा के परम्परा ल धरोहर मान के अपन कुलदेवता के आशीष समझथें अउ एखरे से घर–परिवार म सुख समृद्धि ह बने रहिथे इही सुख समृद्धि ल बनाए खातिर हमर छत्तीसगढ़ म कुवांर मास, शुक्ल पक्ष के नवमी म नवाखाई के परब ल नवरात्रि म अड़बड़ धूमधाम ले मनाय जाथे। ए परब ह प्रकृति के प्रति कृतज्ञता जाहिर करे के परब आय। नावा फसल आय के खुशी म सबसे पहिली अपन गांव के देवता अउ कुल देवता ल अर्पित करथें। अम्बिकापुर क्षेत्र म ए परब हर छेरछरा परब म बदल जाथे, इहां के नान्हे–नान्हे लइकामन धान फसल के कटाई ले शूरु कर देथें। लइकामन खेत म जा के धान के सिला सिलाथें अउ छेरछेरा के दिन ओ धान ल मिजाई करके ओकर दुधभात खा के नावाखाई के परब मनाथें।

बिलासपुर क्षेत्र के गांव म एक दिन पहिली मुनादी करवाए जाथे के काली गांव म –बाली परही फेर बईगा मन सब ले पहिली भिनसरहा म उठके गांव के तरिया ले पवित्र जल अउ खेत ले धान के सुग्घर पाके बाली ल लाथें ,अउ गांव के देवता, ठाकुर देव देवाला म अर्पित करथें, ओकर बाद ओ बईगा मन के द्वारा,नावा धान के बाली ल सम्मक गांव के घरोघर बांट देथें। फेर उही बाली के चाउर म घरोघर तसमई भात बनाथें। एती गांव म कुलदेवता के पूजा अर्चना के तियारी करत रहिथें,अउ नावा चाउर के दुदभात बना के संग म गुरहा गुचकुलिया, बरा–पूड़ी अउ नरियर, लाली मंदार फूल,पांच ठन बेल पतिया ल सकेल के बरगद पान के नावा–नावा उल्हवा पान के पतरी बनाके अपन घर के कुल देवता म प्रसाद चढ़ाथे फेर घर भर प्रसाद के रूप म ग्रहण करथें। बस्तर क्षेत्र म भी नावाखाई के परब ल धूमधाम ले मनाए जाथे, जेमा आदिम और अरण्य संस्कृति,आपन आदर्श परंपरा अउ मूल्य ल सुरक्षित रखे के भरपूर प्रयास करे जाथे। प्रकृति से उपजे ल सबसे पहिली अपन कुल देवता ल चढाथें फिर ओला प्रसाद के रूप म ग्रहन करथें। इही समय म खेती– किसानी कारज ले जब एमन ठलहा हो जाथें त नावाखाई के उत्सव मनाथें। अपन सगा– सोदर मन ल न्यौता देके सब एक दूसर घर आथे–जाथें अउ सुंदर रोटी–पीठा खांथें, बिदाई के बेरा अपन शक्ति अनुसार ओ सगा मन ल कपड़ा–लत्ता भेंट करके बिदा करथें।ए प्रकार से कहे जा सकत हे के हमर छत्तीसगढ़ राज्य म अपन संस्कृति, मूल्य परम्परा ल सुरक्षित रखे खातिर किसम–किसम के परब ल मनाए जाथे। ये सब परब के पाछू म मात्र अउ मात्र अपन पुरखा के द्वारा जो विरासत म परम्परा मिले हे ओमा हमर प्रकृति के आशीर्वाद हावे। ए प्रकृति हमर धरोहर आय, जेमा हमर सर्वस्व जीवन भर आश्रित रहिथे, एला हमन ल जीवंत रखे बर परही अउ प्रकृति ल ओकर उपकार खातिर, कृतज्ञता ज्ञापित करना चाहि। तभे हमर संस्कृति परम्परा अउ मूल्य ह सुरक्षित रह पाही।

**अशोक पटेल आशु मेघा,धमतरी( छ ग )**

साइबर अपराध

# आनलाइन ठगी के नवा तरीका

विडियो कालिंग रिकॉर्ड करके ब्लैकमेलिंग, वायरल नई करे के खातिर करत हे पइसा के मांग, डरव मत, रहव सावधान।

जतेक तेजी से तकनीक हमर जिनगी में नवापन लावत हे, ओकर ले दुगुना नुकसान भी होवत हे। इंटरनेट के जमाना म फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्वीटर, यूट्यूब अऊ वाट्स एप येकर ले आज कोनो भी पीढ़ी अछूता नई हे, सोसल मीडिया के उपयोग आज जरूरत बनगे हे, युवा पीढ़ी मन में तो नसा सहिन लत लग गेहे। इही सब साइबर अपराधी मन के हथियार हरे। आनलाइन के माध्यम से फर्जी आईडी बना के ठगी के बहुते मामला आवत हे, जादातर पुरुस मन ल सिकार बनावत हे। अइसे मामला म फंसे लोगन मानसिक रूप ले परेसान होके अपन जिनगी के संग अनहोनी करे के अतेक बड़े फैसला लेवत हे। आज ये मामला भयानक समस्या बने हे। येकर बर सावधानी अऊ जागरूक होय के जरूरत हे।

जाल म फंसाय के तरीका:– इंटरनेट के माध्यम से आनलाइन ठगी ल साइबर अपराध माने जाथे, चालाकी से अपन जाल म फंसा के पइसा अंइठे के काम चलत हे। सोसल मीडिया के फेसबुक इंस्टाग्राम ट्वीटर यूट्यूब अऊ वाट्स एप इही मन इंकर हथियार हरे। सबले पहिली येमन कोनो भी युवती के नाम ले गांव देहात के लड़की वाला फोटू लगा के इंस्टाग्राम अऊ फेसबुक म फर्जी आईडी बनाथे। येमन अधिकतर युवक मन ल हि चिरौरी करके दोस्त बना लेथे, नाव, गांव, पता, काम बुता अऊ मोबाइल नंबर पूछ के बातचीत के शुरूआत करथे। सबो जानकारी लेहे के बाद रतिया म फेसबुक के मैसेंजर में विडियो कालिंग करथे जेमे अपन चेहरा ल नई दिखा के बिना कपड़ा में आथे अऊ सामने वाला ल उघरा होय बर बोलथे, ये सब होते रहि अऊ विडियो कालिंग ल स्क्रीन रिकार्डिंग में रिकार्ड भी करते रइहीं।

सोसल मीडिया के उपयोग– ब्लैकमेलिंग के खेल अब शुरू होही, रिकार्डिंग करे विडियो ल हमर करा भेजही, देखके आश्चर्य हैरान मानसिक रूप से परेसान हो जाबो। ओ आपत्तिजनक विडियो ल हमर ले जुड़े फेसबुक इंस्टाग्राम दोस्त करा भेजे के अऊ यूट्यूब म वायरल करे के धमकी देही, दस मिनट के समय हे झटकुन पांच हजार रुपिया भेज नहीं त विडियो ल सब जगा साझा करे के बात करही। कतको मन पइसा भेज देते, घबराके ओला फेसबुक दोस्त से हटा के बातचीत बंद कर देबे त, दू– तीन दिन बाद फोन करके बोलही पुलिस थाना ले बोलत हव तोर नाव ले एक युवती रिपोर्ट करे हे, तोला घर ले उठा लेहुं, ओ युवती ले बात कर अऊ मामला ल खत्म करे के बात करही। दिल्ली, मुंबई म येकर मन के समूह हे जेन मन अइसन गलत काम करत हे।

सावधानी अऊ बचाव– अइसने घटना काकरो संग झन होय, अऊ अगर होगे भी त का करना हे ऐला पढ़हव, सबले पहिली घबराबव मत दिमाग में गलत कदम उठाय के मत सोचव, पइसा भेजना ही नइ हे। बिना जान–पहिचान के सोसल मीडिया म संगवारी झन बनावव, तुरते फेसबुक इंस्टाग्राम में ओला अपन सूची ले हटा देवव, विडियो कालिंग म मोबाइल के आगू कैमरा ल बंद नइते तोप के रखव, दस मिनट के धमकी देही ओतना समे तक इंतजार करव, ज्यादा धमकी देही त बोल दव जो करना हे कर लें। जादा ही परेसान करही त तीर के पुलिस थाना म सिकायत जरूर करहू, हकीकत म ये ह हमर आपत्तिजनक विडियो ल ओमन फेसबुक इंस्टाग्राम यूट्यूब मन म कभु अपलोड नइ कर सके, ये सोसल मीडिया मन परमिसन नई दे। बात करे समय डरना नइ हे। ये सब घटना हमरे गलती ले ही होथे, हमेशा सावधान रहव सतर्क रहव।

**देव हीरा लहरी**
**चंदखुरी फार्म, रायपुर**

# आस्था संग प्राकृतिक दरस के ठउर बोहरहीधाम

हमर छत्तीसगढ़ के राजधानी रायपुर के विधानसभा भवन ले उत्तर दिशा म दू कोस के दुरिहा म एक सुग्घर अउ मयारुक देव ठउर हे बोहरही धाम. रायपुर ले बिलासपुर जवइया रेलवाही म मांढर अउ सिलयारी रेलवे स्टेशन के बीच कोल्हान नरवा के खंड़ म बसे हे ए बोहरही धाम ह। बोहरही धाम ल लोगन बोहरही दाई के नाम ले जादा चिन्हारी पाथे। फेर जइसे हमन ईश्वर ल 'त्वमेव माता च पिता त्वमेव' के रूप म महतारी अउ ददा दूनोच मानथन, ठउका अइसनेच बोहरही दाई ल घलो महतारी अउ ददा दूनोच रूप म सुमरन करे जाथे। एकरे सेती एला जय ठाकुर देव, जय बोहरही दाई समिलहा रूप म कहे जाथे।

कोल्हान नरवा के खंड़ म बसे बोहरही धाम ह वइसे तो पटवारी हल्का के मुताबिक गांव पथरी म हावय, फेर ए ठउर ले गांव पथरी ह जतका दुरिहा म हावय, वतकेच दुरिहा म गांव नगरगांव, गांव टोर अउ गांव तरेसर घलो हावय, एकरे सेती ए तीर के जम्मो च गांव वाले मन बोहरही धाम ल अपनेच मानथें अउ वतकेच मान–गौन अउ आस्था घलो राखथें।

बोहरही दाई के ए ठउर म आए अउ स्थापित होय के संबंध म बड़ गुरतुर अउ मयारुक किस्सा हे। हमर सियान मन बतावंय– बोहरही दाई ह कोनो दूसर गांव ले रिसा के कोल्हान नरवा म बोहावत ए जगा आए रिहिसे अउ ए जगा आए के पाछू गांव पथरी के एक पोठहा किसान ल सपना दे के कहिस के– मैं ए ठउर म हाववं, तुमन कइहू चाहथव के मैं इहिच मेर आसन पाववं, त तुमन मोर रहे खातिर एको ठन मंदिर बनवा देवव।



पथरी वाले वो किसान ह अपन सपना म आए बात ल गांव वाले मन जगा बताइस, त गांव वाले मन चलव तो जी सपना म बताए जगा के आरो लेथन कहिके कोल्हान नरवा के खंड़ म गिन। उहां गांव वाले मन देखिन ते सपना म बताए जगा सिरतोन म एक ठन मूर्ति माढ़े पाइन। तहां ले वो मूर्ति ल सब गांव वाले मन के कहे म कोल्हान नरवा के खंड़ ले उचा के थोरिक दुरिहा म लान के एक ठन चौंरा असन जगा बना के स्थापित करिन। आज उही जगा ल हम सब बोहरही दाई या बोहरही धाम के रूप म जानथन।

बोहरही दाई के नामकरण के संबंध म सियान मन बतावंय, के वो देवी दाई ह नदिया म बोहा के आए रिहिसे, तेकर सेती वोला बोहरही दाई कहे जाथे। पहिली ए ठउर म बोहरही दाई के नांव य सिरिफ एक ठन चौंरा असन मंदिर भर रिहिसे, वोकर पाछू फेर एक ठन छोटकन शिव जी के मंदिर रेलवे विभाग ह बनवाइस। रेलवे वाले मन के द्वारा ए जगा मंदिर बनवाए के संबंध म सियान मन बतावंय के अंगरेज शासन काल म जब मुंबई–हावड़ा रेलवाही बनीस तेन पइत इही बोहरही धाम तीर के एक ठन नान्हे बानी के नरवा म बनत पुलिया ल घेरी–भेरी भरभरा के भोसक जावय। तेकर सेती रेलवाही बनाए के बुता ह अटके असन हो जावय। सियान मन बतावंय के वो पुलिया ल एक बंगाली इंजीनियर के देखरेख म बनाए जावत रिहिसे। एक रतिहा उही बंगाली इंजीनियर के सपना म आइस के बोहरही दाई के मंदिर के तीर म रेल विभाग ह एक अउ मंदिर बनवा देही, त ए पुलिया ल बनाए के कारज ह बने–बने सिध पर जाही। सपना के बात ऊपर भरोसा करत फेर वो बंगाली इंजीनियर ह बोहरही दाई के जेवनी मुड़ा म एक शिव जी के मंदिर बनवाइस, तब जा के वो नरवा म पुलिया बनाए के कारज ह सिध परिस। वो पुलिया ल आज घलो लोगन वो बंगाली इंजीनियर के सुरता म बंगाली पुलिया ही कहिथें। बोहरही धाम ह आज पूर्ण रूप ले विकसित एक धार्मिक अउ पर्यटन ठउर बनगे हावय। इहां कतकों अलग–अलग समाज के लोगन अपन–अपन श्रद्धा अउ आस्था के मुताबिक अलग–अलग मंदिर अउ देव ठउर बनवा डारे हें। अब बोहरही धाम म पर्यटन के एक मयारुक ठउर बनगे हावय जिहां लोगन के रोज दिन आना–जाना लगे रहिथे। महाशिवरात्रि के बेरा म इहां तीन दिन के जबर मेला भराथे, जेमा दुरिहा–दुरिहा के लोगन गंज संख्या म जुरियाथें। बोहरही धाम म अब दूनों नवरात म मनोकामना जोत घलो जलाए जाथे। कतकों श्रद्धालु मन अपन मनोकामना पूरा होय म बोकरा आदि के पूजवन घलो देथें। इहां के पूजवन प्रथा म रोक लगाए खातिर तीर–तखार के कतकों समाजसेवी मन रैली आदि निकाल के जनजागरण के कारज करत रिहिन हें फेर जनआस्था के सेती ए पूजवन परंपरा ह अभी घलो चलतेच हे। बोहरही धाम जाए बर आजकाल राजधानी रायपुर के रेलवे स्टेशन ले रोज सिटी बस जाए लगे हे। रेलवे के रद्दा ले जवइया मन मांढर या सिलयारी रेलवे स्टेशन ले उतर के जा सकथें। जे मन अपन साधन ले उहां जाना चाहथें, वो मन विधानसभा भवन ले बोहरही धाम होवत सिलयारी रेलवे स्टेशन तक सड़क गे हवय, तेमा आसानी के साथ जा सकथें।

**–सुशील भोले संजय नगर, रायपुर**

## लघुकथा

'आज के सरवन कुमार' पाछू इतवार के बात आए। बड़े बिहनिया हमर पड़ोसी तिवारी जी के फोन आइस। वो हर जय जोहार पैलगी करके बोलिस– पटेल भइया, हमन बमलेसरी देबी दरसन करे बर जावत हन। हमर आत ले घर अउ बाबूजी के हालचाल थोरिक देखत रइहू ,काबर कि बाबूजी हर घर में अकेला रइही।

बाबूजी अकेल्ला काबर रिही जी? में हर पलट के पूछेंवं। ओहू ल संग म काबर नइ लेगत हव? मोर सवाल के जवाब म तिवारीजी बोलिस– –असल म बाबूजी ल संग म लेके चल देतेन, फेर का हे कि कार में चारे झिन बने अराम से जा सकत हन। वोखर जवाब सुन के मैं हर फेर पूछेवं –सही कहत हव,फेर तुमन तो तीने झिन होहू न। आप,भौजी अउ बाबूजी। तब तिवारी जी ह दांत गिजोरत बोलिस– अरे नहीं भई, आप तो हमर दूनो डॉगी(कुकुर) मन भुलावत हावव। हमर संग ओहू मन ह जाहीं न। त अइसन में हमन मैं मोर सुवारी अउ हमर दूनो मयारूक डागी ल मिला के तो चार झिन हो जावत हन न। अइसन म भला बाबूजी बर कार म जगह कहां बांचही? ओखर गोठ सुन के में हर हक्का–बक्का रही गेंवं,मोर आंखी डबडबा गे। मन ल बांधत में हर बोलेंवं–हां भई, में ह बाबूजी के खियाल राखहूं।

अतका सुनते तिवारी जी हें.. हें ..हें ..हें करत फोन ल काट दीस। में ह अपन आंखी ले ढरकत आंसू ल अंगोछी म पोंछे लागेंवं। मोर मुंहू ले निकलिस– वाह रे, आज के सरवन कुमार।

**विजय मिश्रा 'अमित' एम 8 सेक्टर 2 अग्रसेन नगर ,पोस्ट ऑफिस– सुंदर नगर रायपुर**

**उल्टा पुल्टा**

दोस्त- तू इतना मोटा कैसे हो गया?
पप्पू - वो हमारे घर फ्रिज नहीं है न!
दोस्त- उसका मोटे होने से क्या संबंध?
पप्पू- जो भी बचे खाना पड़ता है, कल के लिए नहीं रख सकते न!

# प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपने जा रहे हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति के कार्यकर्ता गिरफ्तार

## समिति के सदस्यों ने कहा हवाई सेवा के क्षेत्र में लगातार बिलासपुर की अपेक्षा की जा रही









### राघवेंद्र राव सभा भवन से जा रहे थे साइंस कॉलेज

**बिलासपुर,** 30 सितंबर ( देशबन्धु ) । बिलासपुर में सर्व सुविधा युक्त हवाई सेवा के लिए पिछले 4 सालों से संघर्ष कर रहे हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति के कार्यकर्ता को उस वक्त गिरफ्तार कर लिया गया जब वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन सौंपने के लिए साइंस कॉलेज मैदान की ओर जा रहे थे।

बिलासपुर में सर्व सुविधा युक्त हवाई सेवा के लिए आंदोलित कार्यकर्ताओं का कहना है कि हवाई सेवा के क्षेत्र में लगातार बिलासपुर की अपेक्षा की जा रही है। उड़ान 5 योजना से भी बिलासपुर को बाहर कर दिया गया है। जमीन वापसी भी नहीं हो पाई है। सांसद भी लोगों की नहीं सुनते, जिसे लेकर हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया था। इसके लिए सप्ताह भर पहले ही प्रधानमंत्री कार्यालय और छत्तीसगढ़ से केंद्र में राज्य मंत्री रेणुका सिंह के कार्यालय से ज्ञापन देने के लिए समय मांगा गया था, लेकिन पीएमओ से समिति को कोई जवाब नहीं मिला ।इसके बाद महाधरना स्थल से हेलीपेड तक के लिए कार्यकताओं ने कूच किया।

जिनका आरोप है कि बिलासपुर एयरपोर्ट से संबंधित सभी महत्वपूर्ण मामले केंद्र सरकार के पास अटके हुए हैं। सेना के कब्जे वाली दस बारह एकड़ जमीन 2011 में अधिग्रहण के बाद से बेकार पड़ी है। सेना ने अपना ट्रेनिंग सेंटर और छावनी बनाने का प्रस्ताव रद्द कर दिया है। जमीन को रखा मंत्रालय ने वापस करने की सैद्धांतिक सहमति पहले से ही दे दी है। इन्हीं मुद्दों को लेकर प्रधानमंत्री से मिलने जा रहे साघर्ष समिति के सदस्यों को देवकीनंदन चौक के पास गिरफ्तार कर लिया गया। जिन्हें सिविल लाइन थाने ले जाया गया है । गिरफ्तारी देते हुए कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री के खिलाफ़ नारेबाजी भी की।



# सिम्स में अंतरराष्ट्रीय सुरक्षित गर्भपात दिवस पर जागरुकता कार्यशाला आयोजित

**बिलासपुर**, 3 सितंबर ( देशबन्धु ) । छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान सिम्स बिलासपुर के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉक्टर संगीता रमन जोगी के अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय सुरक्षित गर्भपात दिवस के उपलक्ष में दो दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन दिनांक 26 एवं 29 सितंबर को रखा गया। कार्यक्रम का रूपरेखा निम्न अनुसार है 26 सितंबर यूपीएससी राजकिशोर नगर स्वास्थ्य केंद्र में 11 से 12 बजे तक जन जागरूकता कार्यक्रम सुरक्षित गर्भपात हर महिला का सही अधिकार रखा गया था व आज 29 सितंबर 223 उक्त विषय मे रखा गया कार्यक्रम सिम्स ऑडिटोरियम में रखा गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ कमल किशोर सहारे अधिष्ठाता सिम्स बिलासपुर अतिथियों का सम्मान डॉक्टर नीरज शेन्डे चिकित्सा अधीक्षक, डॉ विवेक शर्मा के द्वारा किया गया, इस कार्यक्रम में 5 एमबीबीएस छात्र एवं छात्राओं एवं 5 विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सुरक्षित गर्भपात हेतु शपथ लिया पोस्टर एवं स्लोगन कंपटीशन का भी आयोजन किया गया जिस जज करने के लिए अधिष्ठाता डॉक्टर के के सहारे डॉ रेखा बारपात्रे विभागाध्यक्ष माइक्रोबायोलॉजी, डॉक्टर विनोद टंडन डेमोंस्ट्रेटर ने भाग लिया इसके अलावा सुरक्षित गर्भपात कराने हेतु हेल्थ केयर कर्मी के लिए जागरूकता विमोचन किया गया है जन जागरूकता नुक्कड़ नाटक का आयोजन शासकीय नर्सिंग कॉलेज बिलासपुर के द्वारा किया गया।

आयोजन समिति सचिव डॉक्टर दीपिका सिंह सह प्राध्यापक, व टीम के सदस्य डॉ दुर्गा कौशिक सहायक प्राध्यापक, डॉ रचना, डॉ सोमा डॉ,वार्णिका, डॉ कृतिका डॉ अनीश, डॉ प्राची, रेशमा, डॉ अंजु, जितेन दुबे श्रीमती सरोज यादव दिनेश निर्मलकर का मुख्य योगदान रहा।

## सार-संक्षेप

### प्रियदर्शनी समाज सेवा समिति ने महेंद्र कपूर को किया याद, सुमधुर गीतों की दी प्रस्तुति




**बिलासपुर,** 30 सितंबर (देशबन्धु) । प्रियदर्शनी समाज सेवा समिति द्वारा महेंद्र कपूर की पुण्यतिथि की अवसर पर उनके गाए हुए गीतों को गाकर राघवेंद्र भवन परिसर में उन्हे कलाकारो द्वारा याद किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्यअतिथि श्रीमती रितु शैलेश पांडे छत्तीसगढ योग आयोग सदस्य रविंन्द्र सिंह ठाकुर विशिष्ट आतिथि रंजीत सिंह खनुजा वीरेंद्र गहवई शिवा मुदिलयार मार्ग्रेट बेंजामिन तरु तिवारी उपस्थित रहे । इसी कड़ी में शहर के विभिन्न कलाकार रंगमंच के कलाकार लोक कलाकार छत्तीसगढ़ी फिल्म में काम किए कलाकार बॉलीवुड छत्तीसगढ़िया फिल्म डायरेक्टर प्रोडूसर सह लेखक निर्देशक संगीतकार गीतकार लघु फिल्में डायरेक्टर सभी का श्रीफल साल मोमेंट देकर सम्मान ऋतु शैलेष पांडें व रविन्द्र सिंह के हाथो से किया गया । इसी अवसर पर कार्यक्रम संचालनकर्ता डायरेक्टर दीपक मिश्रा संरक्षक विजय दुबे अध्यक्ष आकाश दुबे एवं समिति के समस्त सदस्यगण नरेंद्र चंदेल राजा सोनी धनंजय चंद्रवंशी श्रवण कुमार यादव आदर्श विश्वकर्मा व नगर के संगीत प्रेमी काफी संख्या मे उपस्थित रहे।

### ईद मिलादुन्नबी पर निकला जुलूस, आप नेत्री डॉ. उज्वला ने किया स्वागत




**बिलासपुर,** 30 सितंबर ( देशबन्धु) । गुरुवार को मुस्लिम समुदाय द्वारा पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब का यौमे विलादत (जन्मदिन) जश्ने ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इसके चलते शहर के विभिन्न क्षेत्रों से कौमी सद्भावना जुलूस निकाले गए और जलसों के आयोजन किए गए। इस मौके को खास बनाने के लिए मस्जिदों में भी तैयारी की गई थी। पर सबसे ज्यादा आकर्षक सड़कों पर निकलने वाले जुलूस रहे ईद मिलादुन्नबी के जुलूस का आम आदमी पार्टी की प्रदेश संयुक्त सचिव उज्वला कराड़े ने भव्य स्वागत किया इस दौरान बड़ी संख्या में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।इस अवसर पर रहबर क्लब, तैयबा चौक तारबाहर उसकी देन कमेटी सहित तमाम कमेटियों द्वारा भव्य जुलूस निकाला गया। जिसका शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर भव्य स्वागत हुआ ।तार बहार चौक पर आप आदमी पार्टी की प्रदेश सयुक्त सचिव उज्वला कराड़े ने जुलूस का भव्य स्वागत किया इस दौरान उनके समर्थक व पार्टी कार्यकर्ताओं ने जुलूस में शामिल मुस्लिम जमात के लोगो का आत्मीयता पूर्वक गले मिलकर ईद मिलादुन्नबी की बधाइयां दी। डॉ. उज्वला ने सभी को मिठाई खिला कर सबको मुबारकबाद दी ।

# विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी में मनाया गया विश्व हृदय दिवस

**बिलासपुर,** 30 सितंबर ( देशबन्धु)। जरहाभाटा मंदिर चौक स्थित विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी (उपासना एजुकेशन ट्रस्ट) में विश्व हृदय दिवस मनाया गया ।जिसमे जी डी ए ( नर्सिंग असिस्टेंट) के विद्यार्थीयों के द्वारा चित्रकला का प्रदर्शन हेतु ,हृदय को कैसे स्वस्थ रखा जा सकता है,हृदय की गतिविधि, कार्यप्रणाली,हृदय रोग से बचाव,आदि का सुंदर चित्रांकन किया गया।



सभी विद्यार्थीयों के द्वारा एक से बढ़ कर एक मनमोहक चित्रकला की प्रस्तुति दी गई ।इस अवसर पर हृदय दिवस संबंधी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित किया गया। जिसमे विद्यार्थियो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया । इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष मिंटू अरोरा ने हृदय दिवस पर विद्यार्थियो को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कोलेस्ट्रॉल हमारे हृदय की गतिविधि को कम कर देता है इसलिए हमे कोलेस्ट्रॉल रहित भोजन को प्राथमिकता देना चाहिए ।तथा संस्था सचिव श्रीमती संध्या चंद्रसेन के द्वारा भी विद्यार्थियो को संबोधित किया गया ।उन्होंने कहा कि विश्व हृदय दिवस की शुरवात सन 2000 में मनाना शुरू किया गया ।ताकि लोग हृदय रोग के विषय में जागरूक हो पाएं ।तथा उनकी हृदय रोग होने से बचाव हो पाए ।तथा हम देखते हैं की कुछ लोग एक्स्ट्रा जीम करने की वजह से हार्ट अटैक के शिकार होते हैं ।जिससे हमे बचना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में विजेता विद्यार्थियो को मेडल देकर सम्मानित किया गया ।जिसमे चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आस्था ध्रुव,द्वितीय स्थान दिव्या विजय एवम तृतीय स्थान अंकुश को दिया गया ।वही प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तनु निषाद, द्वितीय स्थान अंजली कश्यप एवम तृतीय स्थान श्रद्धा साहू को दिया गया ।कार्यक्रम ने संस्था अध्यक्ष मिंटू अरोरा सचिव श्रीमती संध्या चंद्रसेन ,मनीषा सैमुएल, ऋषभ रैदास, मानसी सिंग,दीप जोशी,अभिषेक जोशी,शिवानी ,तनुजा,रंजिता एवम संस्था के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### बीकानेर-पुरी एक्सप्रेस का मेड़ता रोड स्टेशन में प्रायोगिक ठहराव

**बिलासपुर,** 30 सितंबर (देशबन्धु) । रेलवे प्रशासन द्वारा रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर रेल मण्डल के अंतर्गत आने वाले मेड़ता रोड जंक्शन रेलवे स्टेशन में गाड़ी संख्या 20471/20472 बीकानेर-पुरी-बीकानेर एक्सप्रेस का ठहराव की सुविधा 1अक्टूबर, से प्रदान की जा रही है। यह ठहराव प्रायोगिक तौर पर 6 माह के लिए दिया जा रहा है।

# जिले में 2 लाख से ज्यादा महिलाओं ने लगाई स्वीप मेंहदी की

**बिलासपुर,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया गया। मतदाताओं को जागरूक करने, मतदान के लिए प्रेरित करने एवं मतदान संबंधी शिक्षा प्रदाय करने व्यापक स्तर पर शैक्षणिक संस्थानों सहित ग्रामीणवासियों को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जोड़ा गया। जागरूकता अभियान के क्रम में स्वीप के तहत जिले में महिला मतदाताओं एवं 18 वर्ष पूर्ण कर चुके लड़कियों को मतदान हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप की मेंहदी अभियान चलाया गया। जिसमें जिले के विभिन्न विकासखण्डों से स्व सहायता समूहों की 1 लाख 31 हजार 974 दीदियों सहित 1 लाख 30 हजार 140 अन्य महिलाओं एवं लड़कियों ने बड़े ही उत्साह के साथ इसमें भाग लिया।



# गणेशोत्सव में शामिल हुए अंकित

**बिलासपुर** ,30 सितंबर (देशबन्धु) । सुख समृद्धि और वैभव का आशीर्वाद देकर पार्वती नंदन श्री गणेश बैकुंठ धाम लौट गए। जगह जगह प्रथम पूज्य का लोगों ने पूजा आराधना कर आशीर्वाद मांगा। आम जनता ने इस दौरान पूरे समय मन वचन से श्री गणेश की सेवा कर सुख समृद्धि का आशीर्वाद लिया ।गणेश चतुर्थी की पूजा के बाद भगवान श्री गणेश अपने भक्तों को आशीर्वाद देकर बैकुंठ धाम लौट गए। आम जनता ने इस दौरान भक्ति भाव से शिवनंदन का पूजा पाठ किया। साथ ही गांव जिला और प्रदेश में अमन चैन का आशीर्वाद भी मांगा। पूरे समय भक्तों ने भजन संध्या के साथ ही जगह-जगह सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया ।जिला पंचायत सभापति अंकित गौरहा ने अपने जिला पंचायत क्षेत्र का भ्रमण किया। जगह-जगह आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शिरकत भी किया। भगवान श्री सन्मुख गणेश से आशीर्वाद भी मांगा। जगह-जगह आयोजित कार्यक्रमों के बीच पहुंचकर



अंकित गौरहा ने बताया कि हिंदू धर्म में किसी भी पूजा उपासना के पहले भगवान श्री गणेश की उपासना और पूजा होती है। हम 12 महीने सभी प्रकार के आयोजन में भगवान श्री गणेश की वंदना करते हैं। इसके बाद ही अन्य कार्यक्रमों का संचालन किया जाता है। अंकित गौरहा ने बताया कि सबसे पहले सार्वजनिक रूप से गणेश उत्सव मनाने का अभियान बाल गंगाधर तिलक के प्रयास से शुरू हुआ। आजादी के पहले गणेश उत्सव आयोजित करने का मूल उद्देश्य देश के लिए मर मिटने वालों को आजादी का संदेश देना था। इस दौरान भारत मां के बेटे आजादी को लेकर एकता का मंत्र जन जन तक पहुंच जाते थे। कमोबेश आज भी वही स्थिति है। हम जगह जगह गणेश उत्सव का आयोजन कर एकता और आपसी स्नेह का परिचय देते हैं ।अंकित ने कहा हमारे देश में गणेश उत्सव का स्थान सबसे ऊपर है। भगवान गणेश हमारे बीच साकार रूप में उपस्थित रहते हैं। सभी की मुरादे भी पूरी करते हैं। सभी धर्मों के लोग इस दौरान देश में अमन चैन और भाईचारे का आशीर्वाद भी प्राप्त करते हैं। गौरहा ने बताया कि जिला पंचायत क्षेत्र के कमोबेश सभी 21 ग्राम पंचायत में पहुंचने का अवसर मिला। इस दौरान भगवान के सामने मत्था टेक कर गांव गरीब जिला और प्रदेश की उन्नति का आशीर्वाद मांगा,साथ ही जगह-जगह आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी शिरकत करने का अवसर मिला। इस बात की खुशी है कि सभी जगह खुशहाली का वातावरण देखने को मिला। लोगों ने एक दूसरे को शुभकामनाएं देकर सुख समृद्धि की कामना की है।

# व्यक्तित्व विकास में पंचकोष की अहम भूमिका- डॉ. कोठारी

### चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास- पंचकोषीय अवधारणा विषय पर कार्यशाला

**बिलासपुर,**30 सितंबर ( देशबन्धु)। गुरू घासीदास विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय) शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास-पंचकोषीय अवधारणा विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला (28-30 सितंबर, 2023) आयोजन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अतुल कोठारी, राष्ट्रीय सचिव, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली रहे। विशिष्ट अतिथि सौराष्ट्र विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति प्रो. नीलांबरी दवे तथा अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने की।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अतुल कोठारी, राष्ट्रीय सचिव, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा का कोई भी कार्य विद्यार्थियों के बगैर अधूरा है। कार्यशाला की सफलता विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करती है। इस कार्यशाला में हमारी गौरवशाली ज्ञानपरंपरा पर आधारित पंचकोष की अवधारणा को सुव्यवस्थित ढंग से समझने एवं अनुभूत करने का अवसर प्राप्त होगा ।डॉ. कोठारी कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार शिक्षा का अंतिम लक्ष्य चरित्र निर्माण है। पंचकोष की अवधारणा की राष्ट्रीय चरित्र एवं सामाजिक चरित्र के विकास में अहम भूमिका है। संपूर्ण विश्व संतुलित अकादमिक विकास के लिए भारत की ओर देख रहा है। भारत ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के माध्यम से विश्व को अपने गुरुत्व का संकेत दे दिया है। विशिष्ट अतिथि प्रो. नीलांबरी दवे, पूर्व कुलपति सौराष्ट्र विश्वविद्यालय ने पंचकोषीय अवधारणा को विस्तारित करते हुए कहा कि अन्नमयकोष, अन्य सभी कोषों का आधार है अर्थात जैसा आप भोजन करेंगे वैसा आपके विचार उत्पन्न होंगे। एक स्वस्थ शरीर में ही एक स्वस्थ मन रह सकता है। भारतीय ज्ञान परंपरा में शरीर सौष्ठव में वैज्ञानिक तरीके से खानपान व जीवन पद्धति को बताया गया है ।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उद्देश्य विद्यार्थियों के समग्र विकास एवं चरित्र निर्माण पर बल देती है। इस कार्यशाला के माध्यम से प्रतिभागियों को अनुभवजन्य ज्ञान के साथ-साथ भारतीय ज्ञानपरंपरा के अनुरूप व्यक्तित्व विकास में मदद मिलेगी। किसी भी देश के भविष्य का आधार युवा होते हैं और इनका व्यक्तित्व एवं जीवनी शक्ति का विकास पंचकोषीय अवधारणा के द्वारा किया जा सकता है जिससे विद्यार्थी सबल एवं तजस्वी होंगे जिससे एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण होगा ।मंचस्थ अतिथियों का नन्हें पौधे से स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन कार्यशाला के कार्यक्रम समन्वयक प्रो. पी.के. बाजपेयी ने दिया। मंचस्थ अतिथियों का शॉल, श्रीफल और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रिंसी मतलानी ने तथा धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. मनीष श्रीवास्तव ने किया। कार्यशाला में विभिन्न विद्यापीठों के अधिष्ठातागण, विभागाध्यक्षगण, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### गाली-गलौच कर युवक पर किया चाकू से हमला

**कोरबा,** 30 सितंबर (देशबन्धु)। गाली-गलौच करने से मना करने पर एक वाहन चालक के साथ मारपीट कर चाकूनुमा हथियार से हमला किया गया। पीड़ित के परिजनों से भी धक्का-मुक्की की गई। जानकारी के अनुसार मामला सिविल लाइन थाना रामपुर अंतर्गत सिंचाई कालोनी का है। यहां रहने वाला सोना साहू वाहन चलाने का काम करता है। 29 सितंबर को रात करीब 10.30 बजे वह खाना खाने की तैयारी कर रहा था कि शोरगुल की आवाज सुनकर घर से बाहर निकला। बाहर में राजेश सारथी, विक्की सारथी और उसके दोस्त आपस में गाली-गलौच कर रहे थे। सोना साहू ने उन्हें ऐसा करने से मना किया तो गाली-गलौच करते हुए तुम कौन होते हो मना करने वाले कह कर चाकूनुमा हथियार से सोना साहू के सिर व नाक में चोट पहुंचाया। विक्की और उसके अन्य साथी ने हाथ-मुक्का से मारपीट किया। घटना के दौरान भाभी मां और भतीजी ने बीच-बचाव किया तो उनसे भी गाली-गलौच, धक्का-मुक्की और मारपीट किया गया। पुलिस ने मामले में धारा 294, 323, 34 भादवि के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### गणेश बनाओ प्रतियोगिता में बच्चों ने भाग लिया



**कोरबा,** 30 सितंबर (देशबन्धु)। इंदिरा विहार विकास समिति व इंदिरा विहार महिला मंडल द्वारा बच्चों के लिए गणेश बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में रुद्र अग्रवाल, शौर्य अग्रवाल, विराज राठौर, केविन पटेल, धन्वी अग्रवाल, दिव्यांश अग्रवाल, रुद्रांश अग्रवाल, प्रिशा सिंघानिया, परिशिका अग्रवाल, प्रभु राठौर, लड्डू गोयल ने भाग लिया।

बच्चों की भव्य झांकी के साथ हवन, आरती उपरांत गणपति बप्पा का विसर्जन किया गया। इंदिरा विहार महिला मंडल द्वारा आयोजन को भव्य बनाने विभिन्न सुन्दर सांस्कृतिक आयोजन किये गए। अध्यक्ष रश्मि श्रीवास, सचिव मुक्ता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष भूमिका अग्रवाल, मुक्ता गोयल, सिप्पी अग्निहोत्री व महिला मंडल की सभी सदस्यों का अमूल्य योगदान रहा।

### गतिहीन जीवनशैली हृदय रोग का बड़ा कारण - डॉ. शर्मा




**कोरबा,** 30 सितंबर (देशबन्धु)। विश्व हृदय दिवस पर यूज हार्ट, नो हार्ट इज ओपन-इन्डेड थीम पर स्वस्थ भारत समृद्ध भारत अभियान के अंतर्गत चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत पतंजलि चिकित्सालय निहारिका में आयुष मेडिकल एसोसिएशन, लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट एवं विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त तत्वाधान में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 56 मरीज लाभान्वित हुये। डॉ. नागेंद्र नारायण शर्मा ने गतिहीन जीवनशैली को हृदय रोग सबसे बड़ा कारण बताया। उन्होंने हृदय रोगों से बचाव हेतु ओवरइटिंग, प्रोसेस्ड फूड, जंक फूड, मद्यपान एवं धूम्रपान से परहेज करने कहा। सडन कार्डियक अरेस्ट (हृदयाघात) के बारे में बताया कि यह कभी भी किसी को भी कहीं भी आ सकता है जिसमें अधिकांश केस में सीपीआर थेरेपी (सावित्री आसन) के माध्यम से जीवन रक्षा में सफ़लता प्राप्त हुई है। सडन कार्डियक अरेस्ट (हृदयाघात) से जीवन रक्षा हेतु सावित्री आसन, सीपीआर थेरेपी की जानकारी एवं नेत्र नंदन साहू ने दिया। शिविर में लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के अध्यक्ष शिव जायसवाल, प्रतिभा शर्मा, नेत्रनंदन साहु, अश्वनी बुनकर, नीतेश गोस्वामी, अरुण मानिकपुरी, कमल धारीया, चक्रपाणि पांडे, तोरेंद्र सिंह, सिद्धराम शाहनी, राकेश इस्पात, स्नेहा मिश्रा एवं हर्ष नारायण शर्मा ने योगदान दिया।

### हरदीबाजार तक सिटी बस चलाने की मांग जारी

**कोरबा,** 30 सितंबर (देशबन्धु)। कटघोरा जनपद के ग्राम पंचायत भिलाईबाजार व गंगदेई के सरपंच ने कोरबा से हरदीबाजार तक सिटी बस चलाने का परमिट होने पर भी चालक-परिचालक के मनमानी करने का आरोप लगाते हुए कलेक्टर स शिकायत की है। ज्ञापन में बताया है कि भिलाई बाजार मुख्य मार्ग से महज 1 किलोमीटर के भीतर बुधवारी मार्केट तक सिटी बस के परिचालन की स्थानीय प्रतिनिधियों की मांग को पूरा किया गया था लेकिन अब यह सेवाएं भी बंद कर दी गई है। इससे क्षेत्र के लोगों को परेशानी हो रही है। तीन सिटी बस के परिचालन का परमिट है लेकिन मानमानी की वजह से हरदीबाजार तक सिटी बस की सेवा का लोगों को लाभ नहीं मिल पा रहा है।

### बहुप्रतीक्षित सतनाम भवन का भूमिपूजन आज

**कोरबा,** 30 सितंबर (देशबन्धु)। सतनामी समाज जिला कोरबा की बहुप्रतीक्षित सतनाम भवन की मांग राजस्व मंत्री के प्रयास एवं नगरीय प्रशासन मंत्री छग शासन डॉ. शिव कुमार डहरिया के सामाजिक स्वीकृति एवं प्रशासनिक स्वीकृति के पश्चात पूरी हुई है। सतनाम भवन ट्रांसपोर्ट नगर में 1 अक्टूबर को एक करोड़ की लागत से बनने वाले सतनाम भवन निर्माण का भूमिपूजन कार्यक्रम दोपहर 12 बजे रखा गया है। कोरबा सतनामी कल्याण समिति के अध्यक्ष यूआर महिलांगे ने सामाजिकजनों से अधिकाधिक उपस्थिति का आग्रह किया है।

### डीएसपीएम से अधिकारी-कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

**कोरबा,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह से माह सितम्बर में मन्नूलाल शर्मा (अधीक्षण अभियंता), गोरेलाल पाण्डेय (अनुभागीय अधिकारी), विजय पटनायक (कनिष्ठ पर्यवेक्षक) एवं भगवान प्रसाद साव (कनिष्ठ पर्यवेक्षक) कोरबा पूर्व संयंत्र से अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्ति हुये।

प्रशासनिक भवन के कान्फ्रेन्स हाल में आयोजित सम्मान में समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. हेमंत सचदेवा, मुख्य अभियंता एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता, अंजना कूजुर, राजेश्वरी रावत एवं एलएन सूर्यवंशी उपस्थित थे।

# नापजोख करने गए एसईसीएल के अधिकारी से भाजपा नेता ने की मारपीट, जुर्म दर्ज



**कोरबा-हरदीबाजार,** 30 सितंबर (देशबन्धु)। जिला भाजपा के महामंत्री ने नापजोख करने गए एसईसीएल के अधिकारी के साथ मारपीट कर धमकी दिया है। भाजपा नेता पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

जानकारी के अनुसार शिखर सिंह चौहान एसईसीएल गेवरा में प्रबंधन (प्रशिक्षु) ई-2 के पद पर पदस्थ है। 27 सितंबर को दोपहर 2 बजे गेवरा द्वारा अर्जन ग्राम रलिया में नापी करने टीम के साथ गया था। शिखर सिंह चौहान ग्राम रलिया के मकान के नापी के लिए अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कटघोरा द्वारा संयुक्त नापी दल में नामांकित है। नापी के दौरान ग्राम हरदीबाजार के निवासी नरेश टंडन जो कि भाजपा नेता भी है, के द्वारा वन भूमि पर मकान बनाते हुए शीट का छवाई किया जा रहा था। शिखर द्वारा छवाई को रोकने का अनुरोध कर नियमानुसार उक्त मकान जिस अवस्था में था,उसका जी.पी.एस. जिला प्रशासन द्वारा गठित टीम के समक्ष लिया गया। आरोप है कि नरेश टंडन ने उक्त मकान के पास आकर शिखर सिंह तथा टीम के लोगों से गाली-गलौच कर यहीं दफन कर जान से मार देने की धमकी दी। उसे समझाया गया कि उसके मकान का नापी नहीं हुआ है किंतु वह मानने को तैयार नहीं हुआ और वहाँ पड़ा ईंट, पत्थर से फेंक कर मारा। शिखर के साथ लात, घूंसा से मारपीट किया। साथ में मौजूद राजीव कैवर्त सर्वेयर, पवन कश्यप एसईसीएल कर्मी, कुमार सिंह चन्द्रा एसईसीएल कर्मी, राजस्व पटवारी आदि लोग बीच बचाव कर किसी तरह से बचाये। इस घटना का वीडियो शिखर के द्वारा मोबाईल से लिया गया है। अपने वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा बाद एफआईआर थाना हरदीबाजार में दर्ज कराया है। नरेश टंडन के विरुद्ध धारा 186, 294, 323, 332, 353, 506 भादवि के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# दूरस्थ इलाकों में स्वास्थ्य, विद्युत और शिक्षा सुविधाओं को और बेहतर बनाएं

### निर्देशों पर शीघ्रता से पालन सुनिश्चित करने सांसद के निर्देश




**कोरबा,** 30 सितंबर (देशबन्धु)। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक लोकसभा सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में सांसद श्रीमती महंत ने निर्देशित किया कि जिले में शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो और योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएं। दूरस्थ इलाकों में स्वास्थ्य, विद्युत और शिक्षा जैसी सुविधाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में कदम उठाने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने दूरस्थ क्षेत्र के स्कूलों में आवश्यकतानुसार शिक्षकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सांसद ने सिकलसेल की जांच करने, एनीमिया पीड़ित महिलाओं को पोषण आहार प्रदान करने, स्कूलों में बच्चों को गर्म एवं गुणवत्तापूर्ण मध्यान्ह भोजन देने, दिव्यांगजनों को पात्रतानुसार दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने, स्कूलों में विद्यार्थियों के बैठने हेतु टाटपट्टी उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर सौरभ कुमार ने दिए गए निर्देशों का पालन करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

दिशा समिति की विगत बैठक में सांसद श्रीमती महंत ने पूर्व बैठकों में दिए गए निर्देशों के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की। सांसद श्रीमती महंत ने कोरबा जिले में मनरेगा के कार्यों की जानकारी ली और जनप्रतिनिधियों से क्षेत्र में आवश्यकतानुसार कार्यों का प्रस्ताव प्रस्तुत करने कहा। उन्होंने मनरेगा अंतर्गत कार्यों को समय पर कार्य पूरा करने के साथ समय पर मजदूरी भुगतान के निर्देश दिए। सांसद ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना, जल जीवन मिशन के कार्यों की जानकारी तथा जिले में कराएं गए कार्यों की सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने कहा। सांसद ने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत मातृत्व स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, परिवार कल्याण कार्यक्रम राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ नियंत्रण कार्यक्रम, आयुष्मान भारत योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी ली और दूरस्थ क्षेत्रों में चिकित्सक तथा मरीजों के उपचार के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में सांसद श्रीमती महंत ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, रूरबन मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजना, एकीकृत बाल विकास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सडक् योजना, भू-अभिलेख आधुनिकीकरण, दीनदयाल उपाध्याय विद्युतीकरण योजना, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, स्कूल शिक्षा विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग, सांख्यिकी विभाग, नगर पालिक निगम अंतर्गत संचालित आवास एवं पेयजल तथा स्वच्छता से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में विधायक कटघोरा पुरूषोत्तम कंवर, विधायक पाली-तानाखार मोहित राम केरकेट्टा, राज्य खाद्य आयोग के सदस्य हरीश परसाई, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला कंवर, जिला पंचायत सदस्य गणराज सिंह कंवर सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारीगण और जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# दलदल में फंसे बच्चे के ऊपर से गुजर गया हाथियों का दल

**बेबी एलीफेंट की मौत**

### देर रात पानी पीने के दौरान हुई घटना, डीएफओ सहित वन अमला पहुंचा था मौके पर

**कोरबा-कटघोरा,** 30 सितंबर (देशबन्धु)। जिले के कटघोरा वनमंडल अंतर्गत जटगा वन परिक्षेत्र के ग्राम नगोई के सालिहाभाठा में तालाब के पास एक बेबी एलीफेंट की मौत हो गई। बेबी एलीफेंट की मौत की सूचना पर वन विभाग के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। प्रारंभिक तौर पर पाया गया कि दलदल में फंसने और कुचल जाने के कारण उसकी मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम बाद दफन किया गया।



कटघोरा वन मंडल के अंतर्गत लगभग 40 से 42 हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। डीएफओ कुमार निशांत ने बताया कि घटना 29-30 सितम्बर के मध्य रात्रि लगभग 3 बजे की है। घटनाक्रम की जानकारी ली गई है और आगे की जांच कार्यवाही की जा रही है। घटना को लेकर प्रारंभिक पड़ताल के बाद यह बात सामने आई है कि रात में हाथियों का दल पानी पीने के लिए उक्त तालाबनुमा जलस्त्रोत के पास गया था। इस दल में हाथी का बच्चा भी शामिल था। संभवतः पानी पीने के बाद वापस लौटते समय बच्चा दलदल में फंस गया और अंधेरा होने की वजह से हाथी उसे देख नहीं पाए और उसके ऊपर से गुजरते हुए निकल गए। घटनास्थल पर बड़ी मात्रा में खून फैला पाया गया जिससे इस बात की प्रबल संभावना बनी है कि कुचलने और फंसने से उसकी मौत हुई है। बहरहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट का भी विभाग को इंतजार है ताकि वास्तविक कारण स्पष्ट हो सके। अमले ने पशु चिकित्सक द्वारा मौके पर ही पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार किया।

# संकल्प शिविर में रहमान खान ने किया अतिथियों का स्वागत



**कोरबा-दीपका,** 30 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित किये जा रहे विधानसभा स्तरीय संकल्प शिविर 29 सितम्बर को कटघोरा विधानसभा के दीपका में आयोजित हुआ। इसमें शामिल होने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज का प्रथम दीपका आगमन हुआ। उनके साथ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, मंत्री जयसिंह अग्रवाल का सैंकड़ों युवाओं के साथ भव्य स्वागत प्रदेश सचिव तनवीर अहमद के नेतृत्व में युवा कांग्रेस कटघोरा विधानसभा अध्यक्ष रहमान खान की अगुवाई में किया गया।

सैंकड़ों की संख्या में बाइक रैली से नगर भ्रमण कर अतिथियों को कार्यक्रम स्थल तक लाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लोकेश राठौर, संतोष सिंह, युवा कांग्रेस जिला महासचिव भरत मिश्रा, एल्डरमैन अफजल अली, बाबा ठाकुर, रवि तिवारी, अनिरुद्ध सिंह, अशोक राठौर,रामकुमार श्रीवास, तारकेश्वर मिश्रा, सोनू खान, फ़ैयाज़ अंसारी,शत्रुहन पटेल महासचिव युवा कांग्रेस कटघोरा विधानसभा, सनी देव, गणेश श्रीवास, हरसेन महंत, तरेश राठौर, विक्रम राठौर, शोएब अख्तर, आज़म अंसारी, कमलेश प्रजापति, पटेल, मयंक राठौर, सिकंदर खान, सद्दाम शेख, मनोज कुमार, नूर मोहम्मद, शोएब मिर्जा, विकास यादव, शशि गोस्वामी, अजय पटेल, रामकुमार आदिले, पुरातन दास, विक्रम सिंह, प्रमोद सिंह, जावेद खान, सफीक खान, अशोक सारथी,नीरज बंजारे आदि उपस्थित थे। महामाला से अतिथियों का मंच पर स्वागत किया गया।

# व्यवसाय बढ़ाने डाकघर के कर्मचारियों को किया गया प्रशिक्षित



**कोरबा-बरपाली,** 30 सितंबर (देशबन्धु)। उप संभाग कोरबा के अन्तर्गत शाखा डाकघर के कर्मचारियों को व्यवसाय बढ़ाने हेतु सामुदायिक भवन तिलकेजा में प्रशिक्षण दिया गया।

डाकघर घर कोरबा उप संभाग के अन्तर्गत उप डाकघर भैंसमा, बाराद्वार, मानिकपुर कालरी, रजगामार, सारागांव के अन्तर्गत आने वाले सभी शाखा डाक पाल, सहायक शाखा डाकपाल एवं जीडीएस कर्मचारियों को सहायक डाक अधीक्षक जीआर देवांगन द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने कहा कि अपने अपने शाखा डाकघर में अधिक से अधिक व्यवसाय कर विभाग के लक्ष्य को पूरा करेंगे तथा खुद के लिए अच्छी इंसेटिव में अच्छी लाभ कमा सकते हैं। सभी शाखा डाक कर्मचारियों को अपने अपने क्षेत्र में लोगों से प्रतिदिन संपर्क बनाकर रखना चाहिए, उनसे अच्छा व्यवहार करना तथा डाक विभाग में चल रही सभी योजनाओं को बताने से आज नहीं तो कल जरूर वह ग्राहक बनेगा। डाक विभाग सभी नियमित एवं जीडीएस कर्मचारियों को डाक कर्मयोगी बना रही है जिसके लिए डाक कर्मयोगी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमें सभी के प्रश्न पूछा जा रहा एवं आन लाईन परीक्षा भी ली जा रही जिसमें सभी को परीक्षा पास करना अनिवार्य बनाया गया है। सहायक डाक अधीक्षक ने बताया कि डाक अधीक्षक बिलासपुर एचआर साहू द्वारा बिलासपुर संभाग को प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान पर लाना है जिसके लिए सभी कर्मचारियों को पहले प्रशिक्षण देकर प्रशिक्षित कर लिया जाए। किसी व्यवसाय को करने के पहले उस व्यवसाय की संपूर्ण जानकरी होना आवश्यक है। प्रशिक्षण में डाक अधीदर्शक विक्रम सिंह सहित सभी शाखा डाकपाल, सहायक डाक पाल, जीडीएस उपस्थित थे।

### डीडीयू-जीकेवाय की मनाई गई एल्युमिनी मीट



**कोरबा,** 30 सितंबर (देशबन्धु)। बिहान योजनांतर्गत दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना कार्यक्रम के तहत् जिला मिशन प्रबंधन इकाई, जिला पंचायत कोरबा, छत्तीसगढ़ के द्वारा एल्युमिनी मीट 2023 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले के नामांकित परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी पीआईए द्वारा प्रशिक्षण उपरांत नियोजित बच्चों एवं उनके अभिभावक के अलावा संकुल स्तरीय संगठन के पदाधिकारी एवं बिहान के जिला एवं विकासखण्ड स्तर के पदाधिकारी उपस्थित रहे। अध्यक्षता डिप्टी कलेक्टर विकास चौधरी ने की। उप संचालक पंचायत सुश्री जुली तिर्की, श्रीमती अमिता साहू, सहायक परियोजना अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत-पाली भूपेन्द्र सोनवानी के द्वारा बच्चों के उज्जवल भविष्य के मार्गदर्शन दिया। नियोजित बच्चों के ने अपने-अपने जॉब के पूर्व एवं उपरांत अनुभव साझा किये गये। इसके अतिरिक्त विकासखण्ड करतला के उद्यमी वर्षा यादव के द्वारा आर्थिक स्थिति बेहतर होने का अनुभव साझा किया। इस कार्यक्रम में राज्य कार्यालय के प्रतिनिधि श्री कमल के द्वारा डीडीयू-जीकेवाय अंतर्गत प्रावधानित योजना, प्लेसमेंट, प्रशिक्षण व राज्य के विविध उपलब्धियों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से एनआरएलएम बिहान के अंतर्गत संचालित डीडीयू-जीकेवाय योजना से ग्रामीण परिवार के सशक्तिकरण में प्रमुख भूमिका निभा रही है। इस एल्युमिनी मीट 2023 में सीएलएफ व उपस्थित प्रतिभागी को विस्तृत जानकारी दी गई। सभी प्रशिक्षित प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह प्रदाय किया गया तथा सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की गयी।

### फूलदास महंत प्रदेश कांग्रेस सचिव नियुक्त

**कोरबा,** 30 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश सचिव के पद पर फूलदास महंत पिता पी.डी. महंत निवासी लाल घाट, बालको जिला कोरबा को नियुक्ति दी गई है। प्रदेश अध्यक्ष चौलेश्वर चंद्राकर द्वारा यह नियुक्ति



पत्र सौंपा गया। यह नियुक्ति अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन अजय सिंह यादव के सहमति पर किया गया है। फूलदास महंत से अपेक्षा की गई है कि कांग्रेस पार्टी के रीति नीति सिद्धांत पर चलकर सक्रियता के साथ कार्य करेंगे।

### एसीबी में प्रस्तावित हड़ताल स्थगित

**कोरबा,** 30 सितंबर (देशबन्धु)। नव जागृति समिति कल्याण समिति एसीबी पावर प्लांट रेंकी के कर्मचारियों के द्वारा कंपनी के विरुद्ध अपनी मांगों एवं समस्याओं के संबंध में 3 अक्टूबर को हड़ताल की चेतावनी दी गई थी। प्रबंधन एवं समिति के मध्य आपसी समझौता बैठक होने के पश्चात उक्त प्रस्तावित हड़ताल को स्थगित करने का निर्णय समिति द्वारा लिया गया है। समिति के अध्यक्ष उभय राठौर के द्वारा उक्त जानकारी दी गई।

# बेटियों के प्रति नकारात्मक सोच बदलेगा जागरुकता रथ

### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ रथ सांसद ने रवाना किया




**कोरबा,** 30 सितंबर (देशबन्धु)। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत बाल लिंगानुपात में सुधार व बालिकाओं के प्रति लोगों की मानसिकता परिवर्तन करने के लिए सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने आज जिला कार्यालय में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना जिले के समस्त ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में बेटियों के प्रति नकारात्मक सोच को बदलने एवं बेटियों को बचाने, बेटियों को पढ़ाने एवं आगे बढ़ाने में सेतु का कार्य करेगा। इस कार्यक्रम अन्तर्गत प्रचार रथ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ से संबंधित संदेशों व बालक-बालिका संरक्षण से संबंधित अधिनियमों कानूनों प्रचार प्रसार जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए किया जाएगा। लिंगभेद से संबंधित कुरीतियों को रोकने संबंधी जानकारी भी उन्हें दी जाएगी।

गौरतलब है कि भारत सरकार की बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत बाल लिंगानुपात में सुधार तथा बालिकाओं के प्रति लोगों की मानसिकता परिवर्तन करने के लिए लागू ही गई है। इस हेतु जिले में आज 5 प्रचार रथ का सांसद द्वारा रवाना किया गया। यह प्रचार रथ जिले के सभी जनपदों में घूमकर ग्रामीणों में जागरूकता लाने का कार्य करेगा। इस अवसर पर विधायक कटघोरा पुरूषोत्तम कंवर, विधायक पाली तानाखार मोहितराम केरकेट्टा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला कंवर, खाद्य आयोग के सदस्य हरीश परसाई, कलेक्टर सौरभ कुमार, अपर कलेक्टर प्रदीप साहू, श्रीमती रश्मि सिंह, श्रीमती उषा तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला व बाल विकास श्रीमती प्रीति खोखर चखियार सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# सार-संक्षेप

## लोकतन्त्र रहेगा तो ही हम रहेंगे- डा महन्त



**एमसीबी** 30 सितंबर (देशबन्धु)। समृद्ध है छत्तीसगढ़ की पत्रकारिता, जिनकी पहचान राष्ट्रीय स्तर पर है। यहां काम करने की स्वतंत्रता,मौलिकता और सामाजिक समरसता की विचारधारा है. ग्रामीण पत्रकारिता भी लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के सजग प्रहरी के रूप में अपनी भूमिका महती ढंग से निभा रही है। आगामी दिनों होने जा रहे हैं चुनाव के परिवेश में आपकी जिम्मेदारी और बढ़ गई है। सम्मेलन का सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं। उक्त बातें अतिथि के आसंदी से छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डा.चरणदास महंत ने व्यक्त किये। श्री महंत ने श्रमजीवी पत्रकार संघ की जमकर तारीफ की उन्होंने कहा कि मेरे लिए शौभाग्य का पल है कि आज प्रदेश के कोने कोने से आए पत्रकारों से मिलने का अवसर मिला ये बहुत सराहनीय है कि आपके प्रदेश अध्यक्ष अवस्थी जी एक एक पत्रकार को नाम से जानते है इतनी विशाल उपस्थिति वंदनीय है। राजधानी रायपुर के निरंजन धर्मशाला में आयोजित छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रादेशिक सम्मेलन में सांसद सुनील सोनी, सांसद संतोष पांडे,खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी, विधायक इंदु बंजारे, शाकमभरी बोर्ड के अध्यक्ष राम कुमार पटेल,पूर्व विधायक लाभचंद बाफना,क्रेडा के पूर्व अध्यक्ष पुरंदर मिश्रा,प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल भी सम्मेलन में शामिल हुए।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत बटवाही में स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन आज

**अम्बिकापुर** 30 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर श्री कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।शासन द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार यह कार्यक्रम जिला, जनपद, ग्राम पंचायत व ग्राम सभी स्तरों पर एक साथ एक ही समय प्रातः 10:00 से 11:00 बजे तक किया जाना है। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत लुण्ड्रा के ग्राम पंचायत बटवाही में किया जाएगा। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिधियों, जिला स्तरीय अधिकारियों-कर्मचारियों, स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा हाट बाजार व प्रमुख स्थलों के आस-पास स्वच्छता श्रमदान किया जाएगा। इसके साथ ही वृक्षारोपण कार्यक्रम, हाथ धुलाई कार्यक्रम, स्वच्छता संवाद कार्यक्रम, तालाब के आस पास की स्वच्छता हेतु श्रमदान कार्यक्रम, घरों व दुकानों में डोर टू डोर संपर्क कर स्वच्छता संवाद, स्वच्छता शपथ कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा।

## यातायात बाधित करने वालों पर की जा रही कार्रवाई

**रायगढ़** 30 सितंबर (देशबन्धु)। जिला कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के मार्गदर्शन में एवं निगम आयुक्त सुनील कुमार चंद्रवंशी के निर्देशानुसार शहर के अंदर सड़क किनारे व्यवसाय करने वाले पथ विक्रेताओं को व्यवस्थित करने विशेष मुहिम चलाई जा रही है जिसमे उन्हें यातायात बाधित स्थलो से उठाकर व्यवस्थित किया जा रहा है साथ ही कार्यवाही भी की जा रही है।

विदित हो कि आये दिन शहर के मुख्य मार्गो में छोटे गुमटी ठेला पथ विक्रेताओं के अस्त ब्यस्त दुकान और पसरा लगाने के कारण यातायात को बाधित होते देख जिला कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के मार्गदर्शन में निगम आयुक्त सुनील कुमार चन्द्रवंशी ने निगम के राजस्व एवं एनयूएलएम टीम को विशेष रूप से पथ विक्रेताओं के व्यवस्थापन कार्य में लगाया है प्रतिदिन शहर के च8चिन्हांकित स्थलों अंतर्गत गाँधी चैक स्थित कई क्षेत्रों से फल-फूल व्यवसायी जो यातायात को प्रभावित करते हुए सड़क पर व्यवसाय कर रहे थे उनके सामान को हटाकर व्यवस्थित किया गया वही कलेक्ट्रेट से लेकर डिग्री कॉलेज तक भी व्यवसायियो को व्यवस्थित किया गया कई लोगो सख्त हिदायत दी गई है तो काई पथ विक्रेताओं पर जुर्माने की राशि और यूजर चार्ज की वसूली भी की जा रही है।

निगम आयुक्त श्री चन्द्रवंशी ने कहा कि यातायात बाधित स्थलों से पथ विक्रेताओं को हटाकर व्यवस्थित किया जा रहा है समझाइस दी जा रही है जुर्माने के साथ कठोर कार्यवाही भी की जाएगी।

## सात दिवसीय पदयात्रा को मिला जबरदस्त जनसमर्थन

**रायगढ़** 30 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र में युवा मितान क्लब के समन्वयक और युवा कांग्रेस के शहर जिलाध्यक्ष आशीष जायसवाल को पार्टी ने बड़ी जिम्मेदारी सौपी,जिसमें उन्हें सात दिवसीय पदयात्रा के माध्यम रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में बूथ स्तर में गांव गांव जाकर राजीव युवा मितान क्लब के कार्यों की समीक्षा एवं आम जनता से मुलाकात कर उन्हें सरकार की जनहितैषी योजनाओं का प्रचार प्रसार करने को कहा गया था।

इस दौरान उन्होंने पहले पुसौर विकासखंड से पद यात्रा का आरंभ किया जिसके बाद लगातार तीन दिन युवा कांग्रेस अध्यक्ष आशीष जायसवाल और युवा मितान क्लब के पदाधिकारी उनके साथ पुसौर विकासखंड में पद यात्रा में शामिल रहे हैं,कार्यक्रम की तय रूप रेखा अनुसार पुसौर के 3 दिवसीय पदयात्रा कार्यक्रम में 30 पोलिंग बूथो का धुँवाधार दौर किया गया,बाद उसके बाद सरिया की ओर रुख करते हुए आशीष जन जन से मुलाकात कर सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओ को आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए चार्ज किया।

उक्त पदयात्रा में रायगढ़ लोकसभा युवा कांग्रेस के प्रभारी परमजीत पम्मी शामिल हुए,आशीष जायसवाल के पदयात्रा कार्यक्रम को गाँव गाँव मे युवाओ जबरदस्त जनसमर्थन एवम आम जन का भरपूर आशीर्वाद मिल रहा है,आशीष की भाषा शैली एवम उनके सरल स्वभाव को लेकर इन दिनों पदयात्रा के माध्यम से वह चर्चा का विषय बन चुके है,और उनके पदयात्रा के प्रत्येक पड़ाव में उन्हें जबरदस्त जनसमर्थन प्राप्त हो रहा है, आशीष गांव गांव में जाकर लोगों से मुलाकात के दौरान उन्हें हितग्राही कार्ड योजना के लाभ को समझाते हुए,कार्ड भरवाये जाने एवम वितरण का कार्य भी किया , पुसौर सरिया में पद यात्रा निकालने के आशीष जायसवाल के नेतृत्व की यह यात्रा पदयात्रा के 7 वे एवं आखरी दिन रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्वांचल क्षेत्र पहुंची ग्राम पंचायत पंडरीपानी से यहां यात्रा चालू की गई जिसका समापन ग्राम पंचायत विश्वनाथ पाली में किया गया। उक्त कार्यक्रम की जानकारी देते हुए युवा कांग्रेस अध्यक्ष आशीष जायसवाल ने बताया कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के आव्हान पर उन्हे रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में जाकर लोगों से मुलाकात कर सरकार की योजनाओं को घर घर तक पहुंचाने को कहा गया था।

# बेरोजगारी भत्ता: जिले के 3415 हितग्राहियों के खाते में 85.37 लाख रुपए अंतरण

## नव नियुक्त सहायक शिक्षक व आईटीआई प्रशिक्षण अधिकारियों को मिला नियुक्ति प्रमाण पत्र




**अम्बिकापुर** 30 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने शनिवार को अपने रायपुर निवास कार्यालय से वर्चुअल माध्यम के द्वारा बेरोजगारी भत्ता योजना के हितग्राहियों के खाते में छठवीं किस्त की राशि का अंतरण किया। साथ ही मुख्यमंत्री श्री बघेल ने सहायक शिक्षक एवं आईटीआई के प्रशिक्षण अधिकारियों की नियुक्ति पत्र सौंपा। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सहायक शिक्षक भर्ती के पहले चरण में 166 सहायक शिक्षकों को नियुक्ति आदेश जारी किए गए थे। वहीं आज 30 सितम्बर सरगुजा संभाग के 95 सहायक शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा बेरोजगार युवाओं को आर्थिक संबल प्रदान करने के लिए बेरोजगारी भत्ता के साथ ही प्रशिक्षण से जोड़कर उनके रोजगार उपलब्ध कराने की विशेष नवाचार किया जा रहा है।

वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री श्री बघेल द्वारा सहायक शिक्षकों को नियुक्ति प्रमाण पत्र दिया गया। वहीं नव नियुक्त सहायक शिक्षक शशिकला साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा भर्तियां निकाली गई जिसमें उन्होंने सहायक शिक्षक पद के लिए आवेदन दिया था। शासन द्वारा निष्पक्ष, पारदर्शी और त्वरित गति से चयन प्रक्रिया होने की वजह से उनका चयन सीतापुर के लिए हुआ है। वे और उनका परिवार इसके लिए धन्यवाद करते हैं।

बेरोज़गारी भत्ता योजनान्तर्गत सरगुजा जिले के 3 हजार 415 हितग्राहियों के खाते में प्रतिमाह 2500 रुपए के मान से 85 लाख 37 हजार रुपए की राशि हस्तांतरित की गई है। इस अवसर पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला कलेक्टरेट के ई सेवा केन्द्र में जिला पंचायत सीईओ नूतन कंवर, जिला शिक्षा अधिकारी, रोजगार अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी तथा बेरोजगारी भत्ता हेतु पात्र युवा मौजूद रहे। पात्र युवाओं ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद देते हुए कहा कि बेरोजगारी भत्ता मिलने से उन्हें पढ़ाई में लगने वाले सामग्री खरीदने में आसानी होती है।

# आदर्श आचार संहिता लागू होते ही होगी संपत्ति विरूपण की कार्रवाई

**विधानसभा निर्वाचन 2023**

## एमसीएमसी समिति प्रिंट, इलेक्ट्रानिक सोशल मीडिया में पेड न्यूज और राजनीतिक विज्ञापनों पर रखेगी नजर



**अम्बिकापुर** 30 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुनील कुमार नायक की उपस्थिति में शनिवार को निर्वाचन कार्य से संबंधित प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आदर्श आचार संहिता के नियमों और कार्यवाही की जानकारी दी गई तथा जिला स्तरीय मीडिया अनुप्रमाणन एवं मॉनिटरिंग समिति के कार्यों के संबंध में भी प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्रदाता एवं मास्टर ट्रेनर अपर कलेक्टर श्री टेकचंद अग्रवाल, सहायक प्राध्यापक डॉ. अखिलेश द्विवेदी, डॉ अजयपाल सिंह के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

**अधिकारियों कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण**

आदर्श आचार संहिता लागू होते ही संपत्ति विरूपण की कार्यवाही की जायेगी। शासकीय सम्पत्ति शासकीय कार्यालय से राजनैतिक संबद्धता के सभी विज्ञापन, बैनर पोस्टर, फ्लैक्सी, दीवार लेखन राजनैतिक व्यक्तियों के फोटो आदि 24 घण्टे के भीतर हटाने की कार्यवाही की जायेगी। इसी प्रकार सार्वजनिक स्थल जैसे-रेल्वे स्टेशन, बस स्टॉप, सडक, पुल के किनारे सरकारी खर्च पर लगाए गये होर्डिंग, राजनैतिक विज्ञापन, राजनीति में सक्रिय व्यक्तियों के चित्र, संदेश वाले विज्ञापन, बिजली के खंभों एवं वृक्षों पर लगाए गये बैनर, पोस्टरों को 48 घंटे के भीतर हटाया जायेगा। निजी घरों में किये गये दीवार लेखन, राजनैतिक विज्ञापन को 72 घंटे के भीतर हटाने की कार्यवाही की जायेगी। आदर्श आचार संहिता लागू होते ही केन्द्र अथवा राज्य के सरकारी उपक्रम, स्थानीय निकाय में राजनैतिक पदाधिकारियों को दी गयी शासकीय वाहन वापस लिये जायेंगे। शासकीय वाहन का दुरुपयोग नहीं होगा। सभी अधिकारी अपने क्षेत्र में चल रही निर्माण कार्य की सूची प्राप्त करेगें। कोई नया कार्य प्रारम्भ नहीं होगा। किसी भी प्रकार का शिलान्यास, भूमिपूजन अथवा टेन्डर जारी नहीं होगी। सरकारी खर्च पर सरकार की उपलब्धि संबंधी विज्ञापन जारी नहीं होगें। ऐसे विज्ञापन के प्रसारण पर तत्काल रोक रहेगी। आदर्श आचार संहिता लगते ही निर्वाचन व्यय की निगरानी करने वाली समितियां तत्काल सक्रिय हो जाएगी और पूरे चुनाव के दौरान जिला स्तर पर 24 ग् 7 नियंत्रण कक्ष तत्काल सक्रिय हो जाएगा। शिकायत प्रकोष्ठ तत्काल कार्य करना प्रारम्भ कर देंगी। आदर्श आचार संहिता लागू होते ही इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में कोई भी विज्ञापन बिना पूर्व प्रमाणन के प्रसारित नहीं होंगे। दोपहिया तीनपहिया, चारपहिया व भारी वाहनों के उपयोग, वाहनों के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने, आमसभा, रैली, रोड शो करने के लिए अनुमति लिया जाना आवश्यक होगा।

रोड शो के दौरान किसी भी तरह की अस्त्र-शस्त्र के उपयोग की अनुमति नहीं होगी और न ही पुतला दहन व पटाखे फोड़ने की अनुमति होगी। कोलाहल अधिनियम के तहत रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा।

### उम्मीदवार को नोटिस जारी किया जायेगा

मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति द्वारा पेड न्यूज की मॉनिटरिंग की जायेगी। यह समिति राजनैतिक विज्ञापनों पर भी नजर रखेगी। पेड न्यूज होने पर उसकी जानकारी समिति द्वारा रिटर्निंग ऑफिसर को दिया जायेगा। रिटर्निंग अधिकारी द्वारा उम्मीदवार को नोटिस जारी किया जायेगा। विभिन्न मीडिया में राजनीतिक विज्ञापन जारी कराने एमसीएमसी समिति से पूर्व अधिप्रमाण करना अनिवार्य होगा। जिले में गठित एमसीएमसी द्वारा इलेक्ट्रानिक मीडिया, केबल नेटवर्क, सोशल मीडिया आदि पर जारी किये जाने वाले राजनैतिक विज्ञापनों की सतत मानिटरिंग की जायेगी। एमसीएमसी समिति अंतर्गत गठित प्रिंट, इलेक्ट्रानिक मीडिया, सोशल मीडिया और एफएम रेडियो इकाई प्रसारित व प्रकाशित किए जाने वाले समाचारों का अनुवीक्षण कर पेड न्यूज से संबंधित समाचारों का चिन्हांकन कर एमसीएमसी को प्रस्तुत करेगी।

## 3 करोड़ का टेंडर हुआ निरस्त

**भ्रष्टाचार के खिलाफ धरना प्रदर्शन हुआ समाप्त**

**रायगढ़** 30 सितंबर (देशबन्धु)। नगर पंचायत बरमकेला मे विकास कार्य को लेकर बन्दर बाँट करने के मामले मे पार्षद, एल्डरमैन व स्थानीय कांग्रेसी पिछले सात दिनों से धरने पर बैठे हुए थे कांग्रेसी नगर विकास के नाम पर हो रहे बंदरबाँट के खिलाफ मुहीम खोल रखा था जिससे शासन प्रशासन की एवं सारंगढ़ विधायक उत्तरी जांगड़े, पद्ममा मनहर अनुसूचित आयोग सदस्य, सहित तमाम जनप्रतिनिधि के अथक प्रयास से नगर पंचायत बरमकेला में निविदा निरस्त करने छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर से निविदा निरस्त करने व मुख्य नगर पालिका अधिकारी को कारण बताओ नोटिस मिलने के बाद अब धरना को समापन कर दिया है। जिससे मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा धरना स्थल पहुंचकर उक्त आदेश को सभी के समक्ष पढकर सुनाया जिसे जिससे धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ।

धरना प्रदर्शन मे क्षेत्र के कई बड़े कांग्रेसी नेता पहुंच कर अपना समर्थन दे चुके हैं और गनपत जांगड़े ने भी बरमकेला नगर कि भाजपा सरकार के खिलाफ शिकायत किया था पर कार्यवाही नहीं होने पर कई सवाल खड़े हो रहे थे, नगर पंचायत बरमकेला के जनता यह सब कुछ बड़ी खामोशी से देख रही है, और आने वाले चुनाव मे इसका जबाब जनप्रतिनिधियों को देना पड़ेगा आने वाले चंद महीने मे विधानसभा चुनाव होना है और जनता सब कुछ देख रही है अब इस मामले पर स्थानीय विधायक उत्तरी जांगड़े ने उचित कार्यवाही होने कि खबर आंदोलनकारीयों को देने पर 3 निर्दलीय पार्षदों ने कांग्रेस प्रवेश कर लिया है जिससे अब बरमकेला कि राजनीती गरमा गई है।

## शहर में बढ़ रहा गुंडातत्वों का उत्पात

**रायगढ़** 30 सितंबर (देशबन्धु)। शहर के हृदयस्थल सत्तीगुड़ी चैक में शुक्रवार की रात करीब 9 बजे कुछ गुडा तत्वों द्वारा सरेआम एक लड़के की बेरहम पिटाई का वीडियो वायरल होनें के बाद शहर में चर्चा का दौर गर्म हो गया है। लोग यह पूछने लगे हैं क्या हमारा शहर यूपी बिहार की तर्ज पर गुडा तत्वों की सरपरसती में जी रहा है। इस वीडियो में शहर के सत्तीगुड़ी चैक में रात करीब 9 बजे 8 से 10 लड़के एक युवक की बेतरतीब पिटाई कर रहे हैं और इस अकेले युवक को बचाने काफी देर तक कोई भी सामने नही आया। बताया जा रहा है कि मरते दम तक युवक की पिटाई करने के बाद युवक की बाईक को वहीं पर गिराकर आरोपीगण इस युवक को उठाकर कोतरा रोड़ की तरफ कहीं ले गए हैं। यहां सवाल यह उठता है कि क्या हमारा शहर गुंडातत्वों के कब्जे में है। गौरतलब रहे कि पिछले दिनों गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान भी लगभग हर दिन झगड़ा मारपीट की घटनाएं सामने आई है और शराब में धुत्त कथाकथित गणेश भक्तों ने राह चलने वाले बेकसुर लोगों की यहां तक की छोटे बच्चों तक से मारपीट की है।

## हाथी के हमले से एक युवक की मौत, दूसरा घायल

**रायगढ़** 30 सितंबर (देशबन्धु)। जिले में जंगली हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी क्रम में बीती रात फसल रखवाली करने जा रहे 2 ग्रामीणों का जंगली हाथियों के दल से अचानक सामना हो गया। जिसके बाद जंगली हाथी ने एक ग्रामीण को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया वहीं एक अन्य ने किसी तरह भागकर जान तो बचा ली लेकिन वह भी घायल हो गया है, जिसे खरसिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है।



इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ वन परिक्षेत्र के छाल रेंज के हाटी-सिथरा के बीच रनाई नामक खेत के पास बीती रात तकरीबन 10 बजे गांव के ही 2 ग्रामीण पवन राठीया और राजेन्द्र राठीया फसल रखवाली करने खेत की तरफ पहुंचे ही थे कि उनका जंगली हाथी के दल से सामना हो गया। अचानक हाथी को सामने देख दोनों ग्रामीणों के पैरों तले जमीन सरक गई, जिसके बाद जंगली हाथी ने पवन राठिया पर हमला कर दिया। जिसे गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। पवन के साथ एक अन्य युवक राजेन्द्र राठीया जो एलिफेंट ट्रैकर भी है वह हाथी से अपनी जान बचाने में कामयाब रहा परंतु इस घटना में उसका एक पैर टूट गया है। साथ ही साथ शरीर के अन्य हिस्सों में चोट लगने की वजह से उसे उपचार हेतु खरसिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## क्या टिकट वितरण में ऊहापोह की स्थिति में है पार्टिया

### सर्वे को माना जा रहा मुख्य आधार

**सारंगढ** 30 सितंबर (देशबन्धु)। जहां भाजपा ने अपनी पहली सूची काफी पहले ही जारी कर दिया गया था तथा कांग्रेस ने भी मुख्यमंत्री व कुछ प्रमुख लोगों की सूची को ही फायनल किया है तथा शेष सूची को जारी करने में दोनों ही पार्टियां एक दुसरे का मुंह ताकती नजर आ रही है जिसका एक प्रमुख कारण सर्वे रिपोर्ट का लगातार बदलना ही नजंर आ रहा है तथा इसके पीछे सर्वे में कुछ चयनित लोगों तक ही सीमित रह जाने का भी एक कारण नजर आता है वहीं कई स्थानों पर स्थानीय संगठन में किसी एक नाम पर आम सहमति नहीं बन पाना भी एक प्रमुख कारण नजर आता है।

बहरहाल अगर बात सारंगढ की किया जाए तो वर्तमान में भाजपा पार्टी दावेदार चयन को लेकर भारी ऊहापोह की स्थिति में नजर आती है क्योंकि इस बार सारंगढ की स्थिति दोनों ही पार्टियों में जिला बनाने वर्सेस रेल लाइन लाने के मुद्दे की लडाई नजर आती है तथा भाजपा से किसी नए स्वच्छ व धन जन बल में अति सक्षम व्यक्ति को ही टिकट मिलने पर ही वह वर्तमान में सारंगढ में कांग्रेस को हराने की सोच सकता है।वैसे तो उत्तरी जांगडे की टिकट लगभग फायनल मानी जा रही तथा इनके अलावा जिला पंचायत सदस्यगण विलास तिहारू सारथी व अनिका बिनोद भारद्वाज घनश्याम मनहर अन्य प्रमुख दावेदार हैं जो किसी विषम व विशेष परिस्थितियों में टिकट पा सकते हैं।वहीं अगर भाजपा से देखा जाए तो जीवन रात्रे मनोज लहरे देवेंद्र रात्रे दीनानाथ खूंटे हरिनाथ खुंटे कामदा जोल्हे अरविंद खटकर केराबाई मनहर भारत भूषण जोल्हे इत्यादि प्रमुख रूप से दावेदारी कर रहे हैं तथा दोनों ही पार्टियों के प्रत्याशियों की अधिकृत घोषणा के बाद ही सारंगढ विधानसभा की वास्तविक स्थिति का पता चल सकता है।





### रायपुर व दिल्ली का चक्कर लगा रहे कई दावेदार

वर्तमान में राजधानी रायपुर व दिल्ली के कई बडे नेता प्रत्याशियों की लगातार आवाजाही से काफी परेशान नजर आते हैं तथा इनमें से कई बडे नेताओं ने कई दावेदारों को झिडकते हुए क्षेत्र में काम करने की नसीहत भी दे दिया है।भाजपा के कुछ सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बिलासपुर में होने वाली आमसभा के बाद ही दूसरी सूची जारी करने की बात कही है वहीं कांग्रेस ने भी स्क्रीनिंग कमेटी की एक और बैठक के बाद प्रत्याशियों की सूची जारी करने की बात कही है जबकि दोनों ही पार्टियों का एक दुसरे की सूची का इतंजार करना और एक तरह से देखा जाए तो दोनों एक दुसरे को कोई भी मौका नहीं देना चाहते हुए नजर आते हैं।

### निर्णय लेने में पार्टियों के फूल रहे हाथ पांव

कांग्रेस व भाजपा दोनों ही पार्टियों में कई सीटों के प्रत्याशी चयन में ऊहापोह की स्थिति नजर आती है जिसमें कई जगहों के सीटिंग एमएलए के सर्वे रिपोर्ट में पिछडने के बाद भी उनके टिकट काटने में पार्टियों के भी हाथ पांव फूलते नजर आ रहे हैं ।

## शैक्षणिक स्थलों के समीप धूम्रपान विक्रय करने वालों पर हुई कार्रवाई



**अम्बिकापुर** 30 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया है कि राष्ट्रीय तम्बाकू निषेध दस्ता से संबंधित टीम द्वारा अम्बिकापुर में अमानक तम्बाकू उत्पाद पर शुक्रवार को छापेमारी कार्यवाही की गई। प्राप्त शिकायत के आधार पर शासकीय पीजी कॉलेज समीप फुटकर विक्रेताओं की तलाशी तथा सार्वजनिक स्थल पर धूम्रपान करने वाले व्यक्तियों कोटपा एक्ट 2003 अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय तम्बाकू उत्पाद नियंत्रण कार्यक्रम की स्वास्थ्य विभाग, खाद्य एवं औषधि, पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही की गई शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज (91 मीटर) की दूरी पर धूम्रपान अथवा तम्बाकू का क्रय-विक्रय तथा सेवन पूर्णतः वर्जित है इसके बावजूद कई पान मसाला विक्रेता के यहां धूम्रपान करते हुए व्यक्ति पाये गये जिनके ऊपर कोटपा अधिनियम के तहत चालानी कार्यवाही करते हुए 800 रूपये का चालान एवं नियम विरूद्ध तम्बाकू विक्रय करने वाले पान मसाला संचालकों पर 2200 रूपये का चालान काटा गया। इसके साथ ही समझाइश दी गई भविष्य में सार्वजनिक स्थल, शैक्षणिक संस्थानों के समीप धूम्रपान करने वाले एवं संचालनों के विरुद्ध कार्यवाही तथा सील बंद की कार्यवाही की जावेगी।

लोगों को तम्बाकू के दुष्प्रभावों से बचाने के लिये भारत सरकार द्वारा सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन, प्रदाय और वितरण का विनियमन) अधिनियम 2003 कोटपा लागू किया गया है। इस अधिनियम के अन्तर्गत सार्वजनिक स्थल पर धूम्रपान, तम्बाकू उत्पाद का विज्ञापन, 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को तम्बाकू उत्पाद बेचना, स्कूल व कॉलेजों के 100 गज के परिधि के अन्दर तम्बाकू उत्पाद बेचना, बिना चेतावनी चित्रण के तम्बाकू उत्पाद बेचना सभी कानून के विरुद्ध है। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि इसका उल्लंघन करने पर राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1800-110-456 पर सूचित कर सकते हैं।

इस अवसर पर खाद्य एवं औषधि विभाग से श्री नवीन सिंह, श्री प्रशांत कश्यप, श्री अवधेश कुजूर एवं रक्षित बल से पुलिस बल श्री अनिल पैकरा, श्री मौर्य उपस्थित थे।

# सार-संक्षेप

## मोबाइल पशु चिकित्सा वाहन हुआ रवाना



**खरसिया** 30 सितंबर (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद् खरसिया के अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील शर्मा ने पशु चिकित्सा को समर्पित मोबाइल पशु चिकित्सा वाहन को हरी झंडी दिखाकर पशु चिकित्सालय खरसिया से रवाना किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप हाट बाजार क्लीनिक योजना एवं मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना की तर्ज पर गौवंश हेतु मोबाइल पशु चिकित्सा योजना प्रारंभ की गई हैं। इस योजना के तहत विकासखंड में पशु चिकित्सा सेवाएं देने वाले वेटनरी वैन को आज रवाना किया गया। इसके माध्यम से कही भी पशुओं की दुर्घटना होने पर टोल फ्री नंबर 1962 में कॉल करने से तत्काल सेवाएं प्राप्त होगी।

वहीं नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील शर्मा, खरसिया के संवेदनशील गौसेवक राकेश केशरवानी सहित गौसेवा संगठन की पूरी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल को धन्यवाद देते हुए कहा कि गौ वंश की सेवा में यह योजना एक महत्वपूर्ण कदम हैं। इस अवसर पर परीक्षित राठौर, परदेशी यादव, रेशम गवेल, एल्डरमैन राजू सारथी, गौ सेवक संगठन खरसिया की पूरी टीम उपस्थित थे। उल्लेखनीय है की गोवंश मोबाइल चिकित्सा योजना का प्रमुख उद्देश्य छत्तीसगढ़ के सभी पशुओं को वक्त पर बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करना है। जिसके लिए इस योजना के तहत चिकित्सा वाहन के द्वारा बीमार पशुओं को गौठानों के माध्यम से ट्रीटमेंट दिया जाएगा। अब विकासखंड के कोई भी पशुपालक अपने पशुओं के बीमार होने पर टोल फ्री नंबर पर संपर्क कर पशुओं का समय पर इलाज करवा सकेंगे, इससे पशु संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

## चौहान कल्याण समिति महासभा अकलसरा मे

**बाराद्वार** 30 सितंबर (देशबन्धु)। गांधी जयंती 2 अक्टूबर को जिला सक्ती के अंतर्गत ग्राम अकलसरा में अखिल छत्तीसगढ़ चौहान कल्याण समिति के संरक्षक महावीर गुरूजी, प्रदेशाध्यक्ष सोहन चौहान, महासचिव राधेश्याम चौहान के उपस्थिति में सक्ती जिला अंतर्गत ग्राम अकलसरा के नवधा चौक के समीप दोपहर 12 बजे से आयोजित है



उक्त प्रादेशिक महासभा में कोरबा, बिलासपुर, जांजगीर चांपा, सक्ती, रायगढ़, सारंगढ़ बिलाईगढ़, कोरिया जिला के सामाजिक पदाधिकारियों सदस्यों व कार्यकर्ताओं का समागम होगा जहां अखिल छत्तीसगढ़ चौहान कल्याण समिति के पंजीयन, सामाजिक सरोकार से संबंधित ज्वलंत मुद्दों पर संगोष्ठी और मौजूदा राजनीति पर भी समसामयिक परिप्रेक्ष्य में वार्ता भी होगी। अखिल छत्तीसगढ़ चौहान कल्याण समिति के संस्थापक स्व बी आर चौहान द्वारा 1982 से चौहान समाज के गाड़ा जाति को आदिवासी संवर्ग में बहाली की मांग को लेकर मुद्दा उठाया गया था जो आज भी ज्वलंत मुद्दा बनी हुई है इस विषय पर भी महासभा में प्रस्ताव पारित कर दिल्ली के जंतर-मंतर में धरना प्रदर्शन करने संबंधी नीति निर्धारण किया जायेगा साथ ही छत्तीसगढ़ प्रदेश में अखिल छत्तीसगढ़ नाम के अनुरूप बनी संस्था का पूरे छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में जहां संगठन का ढांचा अपरिहार्य कारणोंवश नहीं बन पाया है जिस पर भी संगठनात्मक परिचर्चा होगी महासभा के आयोजक ध्रुपत चौहान व गनपत चौहान ने 10868 पंजीयन के मानने वाले सामाजिक पदाधिकारियों सदस्यों , कार्यकर्ताओं को उक्त अवसर पर आमंत्रित किया है।

## कहरा समाज के द्वारा निशुल्क कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आज

जांजगीर, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। जांजगीर में आज संस्कृतिक भवन गांधी चौक के पास नि:शुल्क कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संयुक्त संचालक शिक्षा बिलासपुर आरपी आदित्य,जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोरबा डॉक्टर लाल कटकवार,सहायक प्राध्यापक रिप्स रायपुर,डॉ ओमप्रकाश आदित्य, प्राचार्य डॉ प्रमोद आदित्य सभी अतिथियों के द्वारा बच्चों को विशेष कैरियर मार्गदर्शन देंगे। जिसमें 10 वीं12 वीं के बाद बच्चे किस लाइन में क्या करना चाहिए, टेक्निकल एवं इंजीनियरिंग करें या स्पोर्ट लाइन में जाए या सीजी पीएससी,या सीजी व्यापम की तैयारी या शासन के योजना अप्लाई करे या प्राइवेट जॉब करें जिसको लेकर बच्चों को काफी समस्या होती है। इसे देखते हुए जांजगीर के सांस्कृतिक भवन में निशुल्क कैरियर मार्गदर्शन,आयोजन किया जा रहा है।

## स्वच्छता ही सेवा के तहत आज चलाया जाएगा विशेष अभियान

**जांजगीर,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता ही सेवा अभियान 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। इसके तहत गांव में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हो रहा है। इसी तारतम्य में 1 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से 11 बजे तक एक साथ एक घंटा स्वच्छता ही सेवा के माध्यम से श्रमदान किया जाएगा। 1 अक्टूबर को जिले में सार्वजनिक स्थलों, तालाबों, स्कूल परिसर, शासकीय परिसर, हैंडपंप के आसपास, धार्मिक स्थलों, गौठान सहित अन्य स्थानों पर स्वच्छता को लेकर श्रमदान करते हुए साफ सफाई का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों, महिलाओं, युवाओं, स्व सहायता समूह की महिलाओं के साथ सभी की सहभागिता करते हुए आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारियों को लेकर समस्त जनपद पंचायत सीईओ, स्वच्छ भारत मिशन टीम को आवश्यक निर्देश दिए है।

## राजेश्री महन्त का जिला प्रवास

**जांजगीर**, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास 1 अक्टूबर को एक दिवसीय प्रवास पर जांजगीर चांपा



जिले में रहेंगे। जानकारी के अनुसार राजेश्री महन्त सुबह 10 बजे श्री दूधाधारी मठ रायपुर से रवाना होकर दोपहर 12 बजे अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन समाज कल्याण विभाग जांजगीर के द्वारा आयोजित कार्यशाला में सम्मिलित होंगे। दोपहर 1 बजे छत्तीसगढ़ आंगनवाड़ी सहायक कल्याण संघ के द्वारा कचहरी चौक जांजगीर में पदाधिकारीयों के शपथ ग्रहण के साथ महासम्मेलन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। अपरान्ह 3.15 बजे उनका आगमन लक्षनपुर चौक चांपा होगा, शाम 4 बजे मारुति टाउनशिप चांपा में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम में सम्मिलित होंगें।

# औसत बारिश का कोटा नहीं हुआ पूरा

## अब तक1104 मिमी बारिश

जांजगीर, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। इस बार जिले में मानसून की बारिश औसत से कम रहा। अब मानसून की विदाई का समय है,हांलाकि जाते- जाते मानसूनी बारिस ने किसानों को बडी राहत जरूर दी है। मौसम विभाग के हिसाब से बारिश का खाता 30 सितंबर तक रहता है। 1 जून से 30 सितंबर तक बारिश की अवधि मानी जाती है। इस दफा 1104 मिमी बारिश जिले में हुई। जो औसत बारिश से 6 प्रतिशत कम हैं। पिछले 2022 में 30 सितंबर की अवधि तक 1368 मिमी बारिश हुई थी।

जारी मानसूनी सीजन में कभी धूप-छांव तो कभी सामान्य बारिश के साथ अंतिम दिन भी कुछ ऐसा ही करने के साथ ही मानसून का सीजन खत्म हो गया। इस साल पिछले 10 साल में दूसरी बार सबसे कम बारिश का 1104 मिमी बारिश जिले में हुई है। इस बार औसत बारिश का कोटा भी पूरा नहीं हो सका। इतनी कम बारिश पिछले 10 साल में दूसरी बार जिले में हुई है। मौसम विभाग जून से सितंबर तक 4 महीने मानसून का सीजन मानता है। जबकि पिछले साल 2022 में रिकार्डतोड़ 1368 मिमी का हुई थी। 1368 के साथ बारिश का नया रिकार्ड बन गया था। लेकिन इस बार जिले की औसत बारिश 1174.4 तक बारिश नहीं हो सकी। माने कुल मिलाकर इस साल जिले में कम बारिश के साथ मानसून सीजन खत्म हो गया है। इसके बाद



1 अक्टूबर से बारिश होगी तो मानसून के सीजन के हिस्से में नहीं आएगी। ज्ञात हो कि जिले में मानसून की शुरूआत जून से हुई तो इस बार मासनून रूठ सा गया था। शुरूआत में बारिश जिले में नहीं हो रही थी। इसके जुलाई माह में ही कुछ ऐसा ही हाल रहा। इसके बाद जुलाई के अंतिम सप्ताह व अगस्त से रूक-रूककर बारिश ही शुरूआत हुई। सितंबर तक जारी रहा। वह जिले को कम बारिश से सामान्य बारिश की ओर लेकर आया। फिर जिले की औसत बारिश को छू नहीं सका। जिले में मानसून के चार माह में कुल औसत बारिश 57 दिन रहा।

### हसदेव नदी पूल के ऊपर नहीं पानी बहा

पिछले बार तीन बार शबरी पुल के ऊपर पानी चला गया था। इससे शिवरीनारायण व चंद्रपुर में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। लेकिन इस बार एक बार भी शबरी पुल के पुल पानी पहुंचा। माने बाढ़ की स्थिति उत्पन्न ही नहीं हुई। पिछले साल सितंबर में झमाझम बारिश से पूरे जिले को जलमग्न हो गई थी, इस नदी, नाला तालाब लबालब हो गए। खेत में सप्ताह भर से ज्यादा समय तक पानी रहा। इससे किसानों को थोड़ा नुकसान उठाना पड़ा।

### नदी, तालाब भी पूरा नहीं भर पाये

इस साल जिले में पिछले 1 साल से कम बारिश हुई है। औसत का कोटा भी पूरा नहीं हो सका। नदी, तालाब भी पूरा लबालब नहीं भर सका है। जिले को पानी देना वाले बांगो डेम में पूरी क्षमता से पानी नहीं भरा हुआ है। हर साल इस सीजन में ज्यादा पानी होने के कारण एक या दो गेट खोलना पड़ता था। लेकिन इस बार ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं हुई है। इसका मतलब यह है कि जिले में अगले गर्मी में पानी की कमी व किल्लल हो सकती है।

### दो दिन जिले में अच्छी बारिश की संभावना

मौसम विभाग के अनुसार मानसून सीजन खत्म हुआ है। अभी मानसून की विदाई जिले से नहीं हुई है। अभी अक्टूबर माह में 2 बारिश का दौर चलने की मौसम विभाग ने चेतावनी दी हैं। 1 के बाद 2 व 3 अक्टूबर को सामान्य बारिश होगी। इसके बाद बारिश के लिए तगड़ा सिस्टम नहीं बनेंगे।

## संकुल केंद्र खरकेना में टीएलएम मेला का आयोजन



**डभरा**, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। संकुल केंद्र खरकेना विकास खण्ड डभरा में किया गया कबाड़ से जुगाड़ एवं टीएलएम मेला का आयोजन। संकुल केंद्र के अंतर्गत आने वाले स्कूलों के शिक्षक शिक्षिका अपने अपने टीएलएम के साथ शामिल हुए। शासकीय प्राथमिक शाला खरकेना से चंद्रकुमार सिदार कमलेश्वर पटेल लक्ष्मण सिदार ,जनपद शाला खरकेना से इंद्रकुमार पटेल हेमलता भास्कर जागेश्वर सिदार ,प्राथमिक शाला बिनौधा से चंदन सिदार अशोक पटेल अनिल खूंटे ,मिडिल स्कूल बिनौधा से डोल नारायण पटेल अशोक पटेल परमेश्वर पटेल रोशन पटेल प्राथमिक शाला साल्हे से दीपक पटेल रेणुका सिदार मिडिल स्कूल साल्हे से चम्पा पटेल माधुरी पटेल तुलसी पटेल प्राथमिक शाला सुरसी से योगेश सिदार मुकेश यादव गीता सिदार मिडिल स्कूल सुरसी से चन्दराम पटेल रविन्द्र पटेल मिडिल स्कूल खरकेना से अमृतलाल पटेल विनीता पटेल उत्तम कुमारी पटेल राधेश्याम पटेल साथ ही साथ संकुल प्राचार्य देवकुमार महेश्वरी एवं संकुल समन्वयक अशोक कुमार पटेल सभी लोग उपस्थित रहे।

## महिला आरक्षण पर कांग्रेस भ्रम फैलाना बंद करे- पूनम

**रायगढ़** 30 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ दौरे पर आए कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के महिला आरक्षण के संबंध में दिए गए बयान पर भारतीय जनता पार्टी ने आपत्ति जताई है। नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष पूनम सोलंकी ने कहा कि कांग्रेस ने आजादी के बाद से अब तक महिलाओं को धोखा देने के अलावा कुछ नहीं किया। 30 साल से महिला आरक्षण बिल कांग्रेस की वजह से लटका रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में यह कदम उठाया है और इस पर भी कांग्रेस भ्रम फैलाने का काम कर रही है।

# कपड़ा दुकान में चोरी का आरोपी सीसीटीवी में हुआ कैद

**जांजगीर,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। शिवरीनारायण की एक कपड़ा दुकान से साड़ी, जिंस व शर्ट की चोरी करने वाला आरोपी सीसीटीवी में कैद हो गया है। पुलिस ने चोर को सीसी टीवी में कैद तस्वीर के आधार पर पहचाना और उसे पकड़कर पूछताछ की गई। आरोपी ने कपड़ा दुकान से चोरी करना स्वीकार किया।



शिवरीनारायण पुलिस के अनुसार बाम्बे मार्केट में भागवत प्रसाद थवाईत को कोलकत्ता होजरी नाम से कपड़ा दुकान है। 26 सितंबर की रात दुकान बंद करने के बाद वह व उसके कर्मचारी घर चले गए थे। दूसरे दिन 27 सितंबर की सुबह 7 बजे कर्मचारी जितेंद्र यादव व राजकुमार उर्फ राजू चौहान ने दुकान खोली। अंदर जाकर देखा तो दुकान के दाहिने कोने के कुछ कपड़े बिखरे थे। चोरी होने की आशंका पर दीवार छत तरफ देखा तो रैक के पीछे दुकान के टीन का शेड उखड़ा हुआ था। 20 साड़ियों का एक बंडल, 3 शर्ट और 2 जिंस की चोरी हुई थी। भागवत की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। सीसीटीवी में चोरी की घटना कैद हो गई थी। संदेही खरौद निवासी राधेश्याम सिदार उर्फ मुन्ना (19 वर्ष) पिता संतोष सिदार को गिरफ्तार किया।

## फड़ में बैठे चार जुआरी पकड़ाये



**जांजगीर**, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। जुआ खेलने वाले 04 आरोपी को शिवरीनारायण पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चारों आरोपियों के कब्जे से जुमला नगदी रकम 86 हजार 700 रुपए 03 नग मोबाइल, 02 नग मोटर सायकल बरामद किया गया। आरोपियों के विरूद्ध धारा 3(2) छत्तीसगढ़ छ.ग. प्रतिषेध अधिनियम के तहत की गई कार्यवाही किया गया।

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि 29 सितम्बर 2023 को शाम मुखबीर द्वारा सूचना मिल की बेलहाखार में कुछ लोग रुपए पैसा का दाव लगाकर काट पत्ती नामक ताश पत्ती से जुआ खेल रहे है की सूचना पर तत्काल रेड कार्यवाही किया गया। मौके पर जितेंद्र कुर्रे उम्र 42 वर्ष साकिन कोडाभाठ थाना पामगढ़, संतोष जांगड़े उम्र 44 वर्ष साकिन महका थाना शिवरीनारायण, मनीराम साहू उम्र 36 वर्ष साकिन शिवरीनारायण, सरोज यादव उम्र 21 वर्ष साकिन अमोदा थाना नवागढ़ जुआ खेलते पाया गया आरोपियों के कब्जे से जुमला रकम 86,700 एवं 52 पत्ती ताश एवं दो नग मोटर साइकिल, 03 नग मोबाईल को समक्ष गवाहन जप्त कर कब्जा पुलिस लिया जाकर जाकर किया जाकर थाना शिवरीनारायण में धारा 3 (2) छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया है। आरोपियों के विरुद्ध धारा 3 (2) छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम का सबूत पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर 29 सितम्बर 23 को सक्षम जमानदर पेश करने पर जमानत मचलका पर रिहा किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक अशोक द्विवेदी, सउनि भुवनेश्वर राठौर, आरक्षक श्रीकांत सिंह, बृजेश लहरे, अर्जुन यादव का, सराहनीय योगदान रहा।

## दीनदयाल कॉलोनी खोखराभाठा के गणेश पंडाल में चोरी



**जांजगीर,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। शहर के दीनदयाल कॉलोनी खोखराभाठा के पास गणेश पंडाल में अज्ञात व्यक्ति ने पंडाल के अंदर तोड़फोड़ करते हुए लाइट की चोरी की है। घटना के बाद कॉलोनी व समिति के सदस्यों ने सिटी कोतवाली जांजगीर में इसकी शिकायत करते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। समिति के सदस्य अरूण कुमार तिवारी व अवधेश सिंह ने बताया कि कॉलोनी में गणेश पंडाल में गणेश प्रतिमा स्थापित की थी। 29 सितंबर को प्रतिमा विसर्जन कर पंडाल के अंदर सामान को व्यवस्थित रख कर पंडाल के गेट के बंदकर दिया था। प्रतिमा विसर्जन होने के बाद समिति के सदस्य रात में घर चले गए। दूसरे दिन सुबह 8 बजे जब वे पंडाल पहुंचे तब पंडाल का दरवाजा खुला हुआ था अंदर सामान बिखरा हुआ था।

## पोस्टल बैलेट, सर्विस वोटर, एमसीसी, ईवीएम की कमीशनिंग के बारे में दी गई जानकारी

**सक्ती,** 30 सितम्बर (देशबन्धु)। विधान सभा चुनाव के लिए मतदान प्रक्रिया व ईवीएम में सभी रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, मास्टर ट्रेनर्स, नोडल और सेक्टर ऑफिसर्स सहित संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। दूसरे दिन मतदान प्रक्रिया का प्रशिक्षण, पोस्टल बैलेट, सर्विस वोटर, दिव्यांग वोटर, एमसीसी, नाम निर्देशन की प्रक्रिया, ईवीएम की कमीशनिंग सहित अन्य संबंधित विषयों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। बैठक में अपर कलेक्टर बीरेन्द्र कुमार लकड़ा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी बालेश्वर राम, अनुविभागीय अधिकारी सक्ती पंकज डाहिरे, नोडल अधिकारी बीपी भारद्वाज, समस्त रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, मास्टर ट्रेनर्स, नोडल और सेक्टर ऑफिसर्स सहित समस्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सीईओ, सीएमओ व संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीसरे दिन 30 सितंबर को समस्त रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, विधानसभा स्तर पर नियुक्त मास्टर ट्रेनर्स, नोडल ऑफिसर्स, समस्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार, उड़नदस्ता दल, स्थैतिक निगरानी दल, वीडियो निगरानी दल, लेखा दल व सहायक व्यय प्रेक्षक सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण, व्यय प्रेक्षक, सहायक व्यय प्रेक्षक के कार्य व प्रतिवेदनों का प्रेषण की विस्तृत कार्यवाही, ईवीएम रेंडमाइजेशन, मतदान दल का रेंडमाइजेशन, शिकायत व मॉनिटरिंग आदि कार्यों के लिए आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# समाजसेवी संस्था लायंस क्लब का सेवा सप्ताह 2 से

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती से होगा आयोजन

**चांपा**, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। अंतर्राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था लायंस इंटरनेशनल की स्थानीय इकाई लायंस क्लब चांपा द्वारा इस वर्ष भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक सेवा सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान पूरे सप्ताह भर क्लब द्वारा विविध सेवाभावी कार्य संपादित किए जायेंगे।

यह जानकारी देते हुए लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन एवं सचिव लायन संतोष कुमार सोनी ने बताया कि क्लब की सामान्य सभा में लिए गये निर्णयानुसार गांधी जयंती 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक सेवा सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत



2 अक्टूबर को लायंस भवन चांपा में महात्मा गांधी के तैल चित्र पर सुबह 10 बजे माल्यार्पण कर बिसाहूदास महंत शासकीय चिकित्सालय परिसर की सभी लायन सदस्यों द्वारा साफ- सफाई की जायेगी। सेवा सप्ताह के दूसरे दिन 3 अक्टूबर को सायं 7 बजे से डोंगाघाट स्थित बजरंग बली मंदिर में प्रसाद वितरण किया जाएगा। सेवा सप्ताह के तीसरे दिन 4 अक्टूबर को लायंस स्कूल चांपा में सुबह 11 बजे से बच्चों में कैंसर जागरूकता के लिए पाम्पलेट का वितरण किया जाएगा। सेवा सप्ताह के चौथे दिन गुरूवार 5 अक्टूबर को बिसाहूदास महंत शासकीय चिकित्सालय में सुबह 11 बजे से भर्ती मरीजों को फल वितरण किया जाएगा। सेवा सप्ताह के पांचवें दिन 6 अक्टूबर को लायंस स्कूल में सुबह 11 बजे से ड्राइंग स्पर्धा का आयोजन किया गया है। सेवा सप्ताह के छठवें दिन 7 अक्टूबर को लायंस स्कूल में सुबह 11 बजे से विद्यार्थियो के लिए नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया है। सेवा सप्ताह के सातवें और अंतिम दिन 8 अक्टूबर को अपरान्ह 3 बजे से ग्राम पीथमपुर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर तथा नि:शुल्क दवा वितरण तथा इस दिन रात्रि 8 बजे से लायंस भवन में सेवा सप्ताह के विषय में संगोष्ठी और क्लब की मीटिंग का आयोजन किया गया है।

# निवेश कंपनियों ने किसानों से वसूल किए करोड़ों रुपये- नोवेल

**सक्ती** 30 सितंबर (देशबन्धु)। पूर्व मंत्री नोवेल कुमार वर्मा मोर पैसा मोर जमा पूंजी वापस करो की मुहिम में अपार जनसमर्थन मिल रहा है, साथ ही निवेश कंपनियों व एजेंटों के खिलाफ भी लोगों का आक्रोश देखने को मिल रहा है।

बता दें कि निवेश कंपनियों द्वारा जिले के गरीब किसानों का करोड़ों रूपया लूट लिया गया, वहीं बड़े बड़े वादे कर लोगों से 10 हजार से 10 लाख तक की धनराशि एजेंटों के माध्यम से जमा करवाई गई, वहीं निवेश कंपनियों में कार्यरत एजेंटों को भी धनराशि जमा करवाने के नाम पर अच्छी खासी कमीशन भी दी जाती थी। आम गरीब किसानों के पैसों को डकारने के हिसाब से ही ये कंपनियां कमीशन का बड़ा हिस्सा एजेंटों को देते थे वहीं अपने



कार्यालयों में भी चकाचौंध वाले डेकोरेशन कर रखते थे, ताकि गरीबों को यह सब दिखा उनका भरोसा हासिल कर उन्हें लूट सकें। कांग्रेस द्वारा 2018 के चुनाव में ये वादा किया गया था कि निवेश कंपनियों में जिनका भी रुपया डूबा है उसे वापस करेंगे, कुछ जगहों में और कुछ लोगों को थोड़ी बहुत राशि दी गई लेकिन जांजगीर और सक्ती जिले के लोगों के साथ धोखा हुआ, और आज पर्यंत तक एक पैसा भी किसी भी गरीब का नहीं लौटाया गया, जिसे देखते हुए पूर्व मंत्री नोवेल कुमार वर्मा द्वारा गत एक वर्ष से एक मुहिम के रूप में मोर पैसा मोर जमा पूंजी वापस करो के स्लोगन के साथ लोगों से मिल रहें हैं और एक हस्ताक्षर करवा रहें हैं ताकि निवेश कंपनियों द्वारा गरीब किसानों को जो लूटा गया है उसके लिए देश के महामहिम राष्ट्रपति से मिल सकें और लोगों को उनकी गाढ़ी कमाई वापस दिला सकें। इसी कड़ी में नोवेल वर्मा मां अष्टभुजी की नगरी अड़भार पहुंचे जहां लोगों ने उनसे अपने दिल की पीड़ा साझा करते हुए बताया कि हमने सोंचा था कि इन पैसों को निवेश कंपनियों में जमा करेंगे तो कुछ सालों बाद हमें दुगुनी तिगुनी राशि मिलेगी जिससे हम अपना घर बनाएंगे, लड़की की शादी करेंगे सहित बहुत सी जरूरतों को पूरा कर सकेंगें, लेकिन जो मेहनत की कमाई थी वह भी लूटेरे लोगों ने लूट लिए। पार्षद कमलेश्वरी गर्ग ने कहा कि अड़भार में ही हजारों हितग्राहियों का पैसा ये कंपनियां डकार गई हैं, इन गरीबों को उनकी जमा पूंजी वापस मिल जाती है तो इन्हें काफी खुशी होगी। गोरेलाल साहू का कहना है कि मालखरौदा विकासखंड में लगभग 12 हजार गरीब किसान परिवारों का 45 करोड़ रुपया इन कंपनियों में डूबा हुआ है, वहीं एक उम्मीद की किरण अब भी नजर आ रही है, अगर हम गरीबों का पैसा हमें मिल जाता है तो बहुत खुशी की बात होगी। हरिचरण चंद्रा का कहना है कि इन कंपनियों में अत्यंत गरीब किसानों का पैसा फंसा हुआ है और इनकी आवाज़ और सुध लेने वाला कोई नहीं है, अगर इनका पैसा मिल जाए तो सभी के लिए इससे ज्यादा खुशी की बात कुछ नहीं हो सकती है। लोगों के बीच उपस्थित राकेश गबेल ने कहा कि आंकड़ों के हिसाब से अड़भार के 1084 परिवारों का चार करोड़ ग्यारह लाख नवासी हजार सात सौ उन्नीस रुपया कंपनियों में फंसा हुआ है। सैकडों की तादाद में पहुंचे गरीब किसानों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री नोवेल कुमार वर्मा ने कहा कि गरीब मजदूरों की हक की गाढ़ी कमाई को इस तरह से जाने नहीं दूंगा जब तक आपलोगों का एक पाई आपलोगों को नहीं दिला देता ये मुहिम जारी रहेगी, गरीबों के खून पसीने की कमाई को वापस दिलाने मेरी जंग लगातार जारी रहेगी। इस अवसर पर अशोक साहू, राजकुमार रात्रे सहित सैकड़ों की संख्या में निवेश कंपनियों में पैसा गंवाने वाले परिवार उपस्थित थे, सभी ने इस मुहिम में पूर्व मंत्री और अपने नेता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का भी संकल्प लिया।

# देश विदेश

## स्कॉटलैंड में दो ट्रेनों के बीच टक्कर

**लंदन।** स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तरी स्कॉटलैंड में दो ट्रेनों के बीच टक्कर में घायल दो लोगो को अस्पताल में भर्ती कराया गया। शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि दुर्घटना शुक्रवार शाम 7:10 बजे केयर्नगॉर्म्स के एवीमोर रेलवे स्टेशन पर हुई। स्कॉटिश फायर एंड रेस्क्यू सर्विस (एसएफआरएस) के एक प्रवक्ता ने कहा, दो हताहतों को रायगमोर अस्पताल पहुंचाया गया है। तीन हताहतों का इलाज घटनास्थल पर ही किया गया।

# रूस ने बेलगोरोड क्षेत्र में यूक्रेन के नौ रॉकेटों को मार गिराया



■ 'यूक्रेन ने उरगन एमएलआरएस रॉकेटों का किया था उपयोग'

**मास्को,** 30 सितम्बर (एजेंसियां) रूस ने कहा है कि उरगन मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम (एमएलआरएस) से नौ रॉकेटों का उपयोग करके रूस के बेलगोरोड क्षेत्र में आतंकवादी हमले को अंजाम देने के यूक्रेन के प्रयास को विफल कर दिया गया है।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा, 30 सितंबर की सुबह मास्को समयानुसार लगभग 3:45 बजे यूक्रेन शासन द्वारा रूसी संघ के क्षेत्र पर आतंकवादी हमला करने का प्रयास किया गया, जिसे विफल कर दिया गया। यूक्रेन ने इसके लिए उरगन एमएलआरएस के नौ रॉकेटों का उपयोग किया। मंत्रालय ने कहा, ड्यूटी पर मौजूद वायु रक्षा प्रणालियों ने बेलगोरोड क्षेत्र के ऊपर हवा में सभी नौ रॉकेटों को नष्ट कर दिया। इससे पहले, क्षेत्रीय गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने कहा कि वायु रक्षा बलों ने रूसी शहर बेलगोरोड के पास हवाई लक्ष्यों को मार गिराया, कोई हताहत या क्षति की सूचना नहीं है।

## एपेक शिखर सम्मेलन के लिए रूस को अमेरिका का निमंत्रण नहीं मिला है : एंटोनोव



**मास्को।** रूस को अभी तक सैन फ्रांसिस्को में आयोजित होने वाले एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) शिखर सम्मेलन के लिए अमेरिका की ओर से आधिकारिक निमंत्रण नहीं मिला है। अमेरिका में रूस के राजदूत अनातोली एंटोनोव ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने नवंबर में आयोजित होने वाले एपेक शिखर सम्मेलन के मुद्दे पर कहा, हमें अभी तक अमेरिका से आधिकारिक निमंत्रण नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि रूस अमेरिका से सभी प्रतिनिधिमंडलों के लिए एपेक शिखर सम्मेलन में समान पहुंच सुनिश्चित करने और उचित समय पर वीजा जारी करने का आग्रह करता है। श्री एंटोनोव ने कहा, हम व्हाइट हाउस से सभी प्रतिनिधिमंडलों के लिए मंच तक समान पहुंच और समय पर वीजा जारी करने को सुनिश्चित करने का आह्वान करते हैं। साथ ही इस मंच के काम का राजनीतिकरण करना बंद करें।

## दक्षिण कोरिया में गर्मी से संबंधित मौतें 2̇23 में हुईं चौगुनी

**सोल,** 30 सितम्बर (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया में स्पष्ट रूप से गर्मी से संबंधित मौतों की संख्या 2023 में हर साल लगभग चौगुनी हो गई। देश असामान्य गर्मी की लहर की चपेट में था। कोरिया रोग नियंत्रण और रोकथाम एजेंसी के अनुसार, इस साल कुल 32 लोगों की मौत गर्मी से संबंधित बीमारी से हुई, जबकि एक साल पहले नौ लोगों की मौत हुई थी। समाचार एजेंसी योनहाप की रिपोर्ट के अनुसार, इस साल का आंकड़ा 2018 के बाद से सबसे बड़ा है, जब देश में गर्मी से संबंधित 48 मौतें हुई थीं। दक्षिण कोरिया ने 2011 में संबंधित डेटा संकलित करना शुरू किया। मौसम एजेंसी के अनुसार, इस गर्मी में देश भीषण गर्मी की चपेट में था, जून से अगस्त तक औसत राष्ट्रीय तापमान 24.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो अब तक का चौथा उच्चतम स्तर है। आंकड़ों से पता चलता है कि इस साल गर्मी से संबंधित बीमारियों से पीड़ित सभी मरीजों में 65 वर्ष और उससे अधिक उम्र के 29.5 प्रतिशत लोग शामिल हैं, इसके बाद 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोग 21.3 प्रतिशत हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों ने 20 मई से गर्मी-संबंधित बीमारी निगरानी प्रणाली संचालित की है, जो शनिवार को समाप्त होनी है।



■ इस साल अब तक गर्मी से संबंधित बीमारियों से 32 लोगों की मौत हुई

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : रविवार 1 अक्टूबर , 2023 भाद्र आश्विन पक्ष 3**

### राशिफल

मेष -आपके दिन की शुरुआत ताजगी और स्फूर्ति के साथ होगी। आपके घर में मित्र और सगे सम्बंधियों के आने से माहौल खुशनुमा होगा। किसी उपहार के मिलने से आपको खुशी होगी। आप आज आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

वृषभ -आज कोई भी निर्णय लेने से पहले सावधान रहने की आवश्यकता है। किसी के साथ भी गलतफहमी हो सकती है। शारीरिक अस्वस्थता आपके मन को उदास कर देगी। परिवार में मतभेद और मनमुटाव हो सकता है।

मिथुन -आज आर्थिक, सामाजिक और कुंटुंबजनों से लाभ का दिन है। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों से लाभ होगा और उनके पीछे खर्च भी होगा। रमणीय स्थल पर प्रवास होने से आपका दिन आनंददायक बन जाएगा।

कर्क -आज ऑफिस में उच्च अधिकारी आपसे खुश होकर आपका उत्साह बढ़ाएंगे। आपकी पदोन्नति या वेतनवृद्धि होने की संभावना है। पारिवारिक सदस्यों के साथ सम्बंध प्रगाढ़ होंगे। मान- सम्मान में वृद्धि होने से प्रसन्नता मिलेगी।

सिंह -सुस्ती के कारण आपके काम करने की गति मंद पड़ जाएगी। पेट की तकलीफ आपको परेशान करेगी। काम में विरोधी बाधा डाल सकते हैं। आज ऑफिस में अधिकारियों से थोड़ी दूरी रखना बेहतर होगा।

कन्या -आपको खान-पान में विशेष ध्यान रखने की सलाह दी जाती है। आपमें आवेश और क्रोध की अधिकता रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाणी पर भी संयम बरतने की जरुरत है। अनैतिक कामों से दूर रहें।

तुला -आज सांसारिक जीवन का विशेष रूप से आनंद उठा सकते हैं। परिजनों के साथ सामाजिक काम के सिलसिले में बाहर जा सकते हैं। छोटी यात्रा का आयोजन होगा। व्यापार में वृद्धि कर सकते हैं।

वृश्चिक -आज कुछ आकस्मिक घटनाएं घटेंगी। पूर्वनिर्धारित मुलाकात रद्द होने से हताशा और क्रोध की भावनाएं पैदा होंगी। आपके हाथ में आए हुए अवसर हाथ से सरकते हुए प्रतीत होंगे। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद होंगे।

धनु -हाथ में लिए हुए काम में असफलता मिलने से हताशा आएगी। संतान की शिक्षा या स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। यात्रा न करना आपके लिए लाभदायक होगा। पेट संबंधी बीमारियों से परेशानी होगी। मन में काल्पनिक तरंगें उठेंगी।

मकर -आज आपको शारीरिक अस्वस्थता और मानसिक बेचैनी का अनुभव होगा। पारिवारिक वातावरण क्लेशमय रहने से मन उदास रहेगा। स्फूर्ति और ताजगी का अभाव रहेगा।

कुंभ -आपके मन पर छाए हुए चिंता के बादल दूर होने से आप मानसिक राहत अनुभव करेंगे। काम करने में आपको उत्साह रहेगा। भाई- बंधुओं के साथ घरेलू मामलों पर चर्चा या आयोजन करेंगे और आनंदपूर्वक समय व्यतीत करेंगे।

मीन -आज क्रोध पर काबू रखकर मौन धारण करना अधिक अच्छा रहेगा, अन्यथा किसी से मनमुटाव होने की संभावना है। पैसे खर्च करते समय भी संयम रखना आवश्यक है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आईओसी ने क्लाइमेट एक्शन पुरस्कार विजेताओं की घोषणा की

**जिनेवा,** 30 सितम्बर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ने के प्रयासों के तहत एथलीटों, अंतरराष्ट्रीय महासंघों (आईएफ) और राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों (एनओसी) को सम्मानित करते हुए शुक्रवार को पहले जलवायु कार्रवाई पुरस्कारों के विजेताओं की घोषणा की। . ब्रिटिश फ्रेंसर मार्कस मेपस्टेड ने एथलीट श्रेणी में स्थायी यात्रा पुरस्कार जीता जबकि वर्ल्ड सेलिंग और स्पेनिश ओलंपिक समिति ने क्रमश: आईएफ श्रेणी और एनओसी श्रेणी में पुरस्कार जीता। इनोवेशन पुरस्कार एथलीट श्रेणी में पेरू के नाविक पालोमा शिमट, आईएफ श्रेणी में विश्व रग्बी और एनओसी श्रेणी में कोलंबियाई ओलंपिक समिति को प्रदान किया गया। एथलीट एडवोकेसी अवार्ड, जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में लोगों और समुदायों को सक्रिय रूप से शामिल करने वाले एथलीटों के प्रयासों को पुरस्कृत करने के उद्देश्य से अमेरिकी धावक बेन ब्लेंकशिप को जाता है। आईओसी क्लाइमेट एक्शन अवार्ड्स नवंबर 2022 में लॉन्च किए गए थे।

# अदालत ने सह-प्रतिवादी स्कॉट हॉल को दोषी ठहराया



जॉर्जिया चुनाव मामला

**वाशिंगटन,** 30 सितम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से जुड़े जॉर्जिया चुनाव हस्तक्षेप मामले में सह-प्रतिवादियों में से एक स्कॉट हॉल को फुल्टन काउंटी सुपीरियर कोर्ट ने दोषी ठहराया है। श्री हॉल पर सात आरोप हैं, जिसमें आरोप लगाया गया है कि वह जॉर्जिया में 2020 के चुनाव में मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडेन की जीत को पलटने के लिए पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ एक साजिश का हिस्सा थे। श्री स्कॉट पर विशेष रूप से कॉफ़ी काउंटी में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप है। फुल्टन काउंटी के न्यायाधीश स्कॉट मैकेफी ने शुक्रवार को उसके खिलाफ प्रत्येक मामले के लिए 12 महीने की परिवीक्षा लगाई, जिसके कारण प्रभावी रूप से पांच साल की परिवीक्षा अवधि के साथ-साथ प्रत्येक मामले के लिए 1,000 डॉलर का जुर्माना यानी कुल 5,000 डॉलर का जुर्माना लगाया।

## अमेरिका सर्बियाई सेना की तैनाती की कर रहा निगरानी

**वाशिंगटन।** अमेरिका कोसोवो के पास एक बड़ी और 'अभूतपूर्व' सर्बियाई सैन्य तैनाती की निगरानी कर रहा है और बेलग्रेड से सीमा के पास तैनात अपने सैनिकों को वापस बुलाने की अपील की है। रणनीतिक संचार के लिए अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के समन्वयक जॉन किर्बी ने शुक्रवार को बताया, हम निगरानी करने जा रहे हैं या हम कोसोवो के साथ सीमा पर एक बड़ी सर्बियाई सैन्य तैनाती की निगरानी कर रहे हैं। इसमें उन्नत सर्बियाई तोपखाने और मशीनीकृत पैदल सेना इकाइयों का अभूतपूर्व मंचन शामिल है।

# बाढ़ के कारण न्यूयॉर्क में आपातकाल की घोषणा

**न्यूयॉर्क,** 30 सितम्बर (एजेंसियां)। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने मूसलाधार बारिश के कारण सबवे और सड़कों पर पानी भर जाने और उड़ानों में देरी के बाद न्यूयॉर्क शहर, लॉन्ग आइलैंड और आसपास के क्षेत्र में आपातकाल की घोषणा कर दी है।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार तड़के भारी बारिश से न्यूयॉर्क शहर में अचानक बाढ़ आ गई।

न्यूयॉर्क, न्यू जर्सी और कनेक्टिकट में शनिवार सुबह 6 बजे तक बाढ़ की निगरानी लागू है, कभी-कभी एक से दो इंच प्रति घंटे की वर्षा होने की उम्मीद है। तेज़ तूफान के कारण बिग एप्पल की मेट्रो प्रणाली को बंद कर दिया है। कुछ सड़कों और राजमार्गों पर पानी भर गया है, और लागार्डिया हवाई अड्डे पर एक टर्मिनल तक पहुंच बंद हो गई है। शुक्रवार सुबह कई सबवे लाइनों को निलंबित कर दिया गया, जबकि अन्य लाइनों पर बाढ़ वाले स्टेशनों के माध्यम से सेवा निलंबित कर दी गई। मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्टेशन अथॉरिटी (एमटीए) के सबवे अकाउंट एक्स पर पोस्ट किया गया, भारी बाढ़ के कारण बेहद सीमित मेट्रो सेवा उपलब्ध है। कई स्टेशनों पर सेवा निलंबित है। शुक्रवार को होचुल की घोषणा के बाद न्यूयॉर्क शहर के मेयर एरिक एडम्स का एक आदेश आया, जिन्होंने निवासियों से तूफान के दौरान आश्रय लेने के लिए कहा।

एडम्स ने कहा, मैं सभी न्यूयॉर्कवासियों से कहना चाहता हूं कि यह अत्यधिक सतर्कता और अत्यधिक सावधानी बरतने का समय है। यदि आप घर पर हैं, तो घर पर ही रहें। यदि आप काम पर या स्कूल में हैं, तो अभी आश्रय लें। शुक्रवार सुबह 11 बजे तक न्यूयॉर्क शहर के कुछ हिस्सों में पांच इंच बारिश हुई।



■ कुछ सड़कों और राजमार्गों पर पानी भरा

## शी चिनफिंग ने जन नायक स्मारक पर फूल अर्पित किए

**बीजिंग,** 30 सितम्बर (एजेंसियां)। शहीद दिवस में जन नायक स्मारक पर फूल मालाएं चढ़ाने की रस्म 30 सितंबर को सुबह चीन की राजधानी पेइचिंग स्थित थ्येनआनमन चौक पर आयोजित हुई। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग समेत नेताओं और विभिन्न क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने इसमें भाग लिया। 30 सितंबर को चीन का 10वां शहीद दिवस है। थ्येनआनमन चौक स्थित जन नायक स्मारक के दोनों किनारे सफेद गुलदाउदी और अन्य फूलों से बनी 18 मालाएं नायकों और शहीदों के प्रति सभी चीनी लोगों की गहरी याद को व्यक्त करती हैं। सुबह करीब दस बजे शी चिनफिंग, ली छ्यांग, चाओ लची, वांग हूनिंग, चाई छी, तिंग श्युएश्यांग, ली शी और हान चंग समेत पार्टी और देश के नेताओं ने जन नायक स्मारक पर फूल मालाएं चढ़ाने की रस्म हिस्सा लिया। सुबह दस बजे रस्म शुरू हुई। मिलिट्री बैंड ने मार्च ऑफ़ द वालंटियर्स बजाया, साथ में सभी लोगों ने एक सुर में राष्ट्रगान गाया। इसके बाद सभी लोग चीनी लोगों की मुक्ति कार्य और देश के निर्माण में समर्पित शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने मौन खड़े रहे। फिर 18 सैनिकों ने फूलों की टोकरी को उठाकर जन नायक स्मारक के आधार पर रखा। शी चिनफिंग समेत नेताओं ने धीरे-धीरे स्मारक के आधार पर चढ़ कर, फूल मालाओं के सामने रुक कर उन्हें देखा।

## आज का इतिहास

1847- प्रख्यात समाजसेविका, लेखिका एवं स्वतंत्रता सेनानी एनी बेसेंट का जन्म हुआ।
1854 – भारत में डाक टिकट का प्रचलन आरंभ हुआ। टिकट पर महारानी विक्टोरिया का सिर और भारत बना होता था। इसकी कीमत आधा आना (1/32 रुपये) थी।
1895 – पाकिस्तान के पहले प्रधानमंत्री लियाक़त अली ख़ाँ का जन्म हुआ
1919 – हिन्दी फ़िल्मों के प्रसिद्ध गीतकार मजरूह सुल्तानपुरी का जन्म हुआ।
1919– हन्टर समिति की स्थापना ब्रिटिश सरकार द्वारा 1 अक्टूबर, 1919 ई. को की गई थी।
1924–अमेरिका के 39वें राष्ट्रपति जिमी कार्टन का जन्म हुआ।
1949– चीन में कम्युनिस्ट पार्टी के शासन की शुरुआत हुई।
1949 – जनरल माओ-त्से-तुंग द्वारा चीन जनवादी गणराज्य (पीपुल्स रिपब्लिक आफ़ चाइना) की घोषणा।
1953– आंध्र प्रदेश अलग राज्य बना।
1960 – नाइज़ीरिया यूनाइटेड किंगडम से स्वतंत्र हुआ।
1967 – भारतीय पर्यटन विकास निगम की स्थापना हुई।
1978 – लड़कियों की शादी की उम्र को 14 से बढा कर 18 और लड़कों का 18 से बढा कर 21 वर्ष किया गया।
1996 – अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन द्वारा पश्चिम एशिया शिखर सम्मेलन का उद्घाटन।
1998 – श्रीलंका में किलिनोच्ची एवं मानकुलम शहरों पर कब्ज़े के लिए सेना एवं लिट्टे उगवादियों के बीच हुए संघर्ष में 1300 लोगों की मृत्यु।
2001– जानेमाने राजनीतित्र, पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्रनाथ द्विवेदी का निधन हआ
2000 – सिडनी में 27वें ओलम्पिक खेल सम्पन्न।


**प्रक्रिया** 2024 के आम चुनावों में निर्वाचन क्षेत्रों की पुनर्व्यवस्था पर पड़ेगा असर

# पाकिस्तान में चल रही परिसीमन प्रक्रिया से 'टेंशन' में दल

**इस्लामाबाद,** 3` सितम्बर (एजेंसियां)। डिजिटल जनगणना के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार पाकिस्तान में चल रही परिसीमन प्रक्रिया ने अपना प्रभाव दिखाना शुरू कर दिया है। इसका सीधा असर देशभर में जनवरी 2̇24 के आम चुनावों में निर्वाचन क्षेत्रों की पुनर्व्यवस्था पर पड़ेगा। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने 2̇23 डिजिटल जनगणना के संदर्भ में देश भर में चुनावी जिलों को फिर से व्यवस्थित करते हुए प्रारंभिक परिसीमन की एक सूची प्रकाशित की है।

सूची में निर्वाचन क्षेत्रों की आबादी को तर्कसंगत बनाने के लिए दर्जनों जिलों को शामिल किया है। विभिन्न जिले को सौंपी गई राष्ट्रीय और प्रांतीय विधानसभाओं में सीटों की संख्या में फेरबदल किया गया है।

सूची के अनुसार, नेशनल असेंबली में सीटों की कुल संख्या 342 से घटाकर 336 कर दी गई है। इसका उन सभी राजनीतिक दलों की स्थिति पर बड़ा प्रभाव पड़ेगा, जो सरकार बनाने के लिए नेशनल असेंबली में बहुमत हासिल करने का इरादा रखते हैं। महत्वपूर्ण जिलों को एक निर्वाचन क्षेत्र में मिलाने से राजनीतिक दलों को विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों के लिए अपने चुनावी उम्मीदवारों के चयन पर पुनर्विचार करने के लिए भी दबाव पड़ेगा। विशेषज्ञों की राय है कि ईसीपी परिसीमन सूची नेशनल असेंबली सीटों की वर्तमान स्थिति के अनुरूप है। राजनीतिक विश्लेषक इफ्तिकार खान के मुताबिक, पिछली नेशनल असेंबली में 342 सीटें थी। लेकिन, यह याद रखना चाहिए कि 25वें संशोधन, जिसके तहत तत्कालीन जनजातीय क्षेत्रों को खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत में विलय कर दिया गया था, संघीय प्रशासित जनजातीय क्षेत्रों की 12 सीटें समाप्त कर दी गईं और छह को केपी को आवंटित कर दिया गया, जिससे कुल सीटों की संख्या आ गई। नेशनल असेंबली घटकर 336 रह गई है। वर्तमान परिसीमन योजना भी इसी आंकड़े पर पहुंचती है। महत्वपूर्ण जिलों को एक निर्वाचन क्षेत्र में मिलाने से राजनीतिक दलों को विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों के लिए अपने चुनावी उम्मीदवारों के चयन पर पुनर्विचार करने के लिए भी दबाव पड़ेगा। राजनीतिक विश्लेषक जेबुनिसा बुर्की ने कहा, परिसीमन प्रक्रिया का चुनाव, मतदाताओं, उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों की चयन प्रक्रिया पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। पहले, दो अलग-अलग निर्वाचन क्षेत्रों से दो उम्मीदवार हो सकते थे और दोनों के पास एक मजबूत वोट बैंक और मतदाताओं के बीच स्वीकार्यता होती थी।



■ नेशनल असेंबली में सीटों की कुल संख्या 342 से घटाकर 336 की गई

## सुडोकू 6333


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 5 | | | | 6 | |
| | 1 | 5 | | | | | | 7 |
| 8 | | | 9 | | | 5 | | |
| | | | 7 | | 6 | 3 | 8 | |
| 4 | | | | | | | | 2 |
| | 8 | 3 | 2 | | 9 | | | |
| | | 9 | | | 2 | | | 1 |
| 5 | | | | | | 4 | 2 | |
| | 6 | | | | 3 | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6333



**बायें से दायें:-**
१. उन्नति की ओर जाना, जिसकी आंखें ऊपर की ओर उठी हों
३. 'एजेंट'
५. पति (उर्दू)
६. ईश्वर. परमात्मा, जो सभी को अपने नियंत्रण में रखता हो
७. किसी गणतंत्र का प्रधान
९. वास्तव में (उर्दू)
१०. तकलीफदेह
१२. नकद रकम, जमा, पूंजी
१३. पढ़ने वाला, पठन करने वाला
१४. शिकायत
१६. स्वामी, पति
१८. देखना, टकटकी बांधे देखना
२०. भावी कार्यपद्धति की रूपरेखा, मंसूबा
२१. परिधान, वेशभूषा
२३. मनोभिलाषा, मन की चाह

**ऊपर से नीचे:-**
१. पूजा, आराधना
२. जैसा निर्देश दिया गया हो
३. आम का बागीचा
४. कछुआ
५. अपराधी, दोषी (उर्दू)
८. छलमय, चतुराई
१०. लक्ष्मी
११. धनोपार्जन करना
१२. रुकावट डालना
१३. अग्नि
१४. इस्तेमाल
१५. एक जैसे नाम वाला (उर्दू)
१७. कांपना, दहलना, थरथराना
१८. अभिनेत्री
१९. किसी मापदंड के अनुसार किसी वस्तु की लंबाई-चौड़ाई जानना
२२. सरस्वती, स्वर, वचन, शब्द

### वर्ग पहेली-6332

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ ब | द | २ ह | वा | 3 स | ■ | ४ सौ | म | ५ न | स्य |
| ल | ■ | म | ■ | ६ म | र्या | दा | ■ | र्म | ■ |
| ७ वा | रि | स | ■ | झ | ■ | ८ मि | क | दा | ९ र |
| न | ■ | फ | ■ | १० दा | मि | नी | ■ | ■ | ज |
| ■ | ११ द | र | १२ का | र | ■ | ■ | १३ वि | जि | त |
| ■ | रि | ■ | न | ■ | १४ घ | प | ला | ■ | म |
| १५ भ | द्र | १६ ज | न | ■ | ट | ■ | १७ स | १८ म | य |
| र | ■ | क | ■ | १९ अ | ना | २० थ | ■ | दि | ■ |
| २१ पा | प | ड़ | ■ | धि | ■ | २२ क | त | रा | २३ ना |
| यी | ■ | २४ ना | म | क | मा | ना | ■ | ■ | री |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6333 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 4 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 8 |
| 6 | 1 | 5 | 3 | 2 | 8 | 9 | 4 | 7 |
| 8 | 2 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 1 | 3 |
| 9 | 5 | 2 | 7 | 1 | 6 | 3 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 8 | 3 | 5 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 8 | 3 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 5 |
| 7 | 4 | 9 | 6 | 5 | 2 | 8 | 3 | 1 |
| 5 | 3 | 8 | 1 | 9 | 7 | 4 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 9 |

## दुनिया को जानें


### एक दिन में 2 करोड़ यात्रियों की रिकॉर्ड संख्या का साक्षी बना चीनी रेलवे

**बीजिंग,** 30 सितम्बर (एजेंसियां)। 29 सितंबर को, चीन में रेलवे से 2 करोड़ से अधिक लोगों ने यात्रा की, जो एक दिन में यात्रियों की संख्या का नया रिकॉर्ड बना। 1854 अतिरिक्त ट्रेनों सहित कुल 12537 ट्रेनें संचालित की गईं।

अनुमान है कि 30 सितंबर को पूरे चीन में रेलवे से 1.7 करोड़ से अधिक लोग यात्रा करेंगे और 1594 अतिरिक्त ट्रेनों सहित 12180 यात्री ट्रेनों का संचालन होगा। चरम यात्री प्रवाह से निपटने के लिए, चीनी रेलवे विभागों ने परिवहन क्षमता को अधिकतम किया है, परिवहन संगठन को और अधिक अनुकूलित किया है, और यात्रियों की यात्रा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए परिवहन क्षमता बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास किया है। विभिन्न क्षेत्रों में रेलवे विभाग मध्य शरद त्योहार और राष्ट्रीय दिवस गोल्डन वीक के दौरान यात्रा सेवाएं प्रदान करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं, लोगों की सुविधा और लाभ के लिए विभिन्न उपाय लागू कर रहे हैं, यात्रियों के लिए परिवहन सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार कर रहे हैं।

# खेल जगत

## महान है सचिन, विराट की उनसे तुलना ठीक नहीं : मुरलीधरन



**लखनऊ** 30 सितंबर (एजेंसियां)। मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर को क्रिकेट की दुनिया का अनूठा बल्लेबाज बताते हुये श्रीलंका के पूर्व करिश्मायी स्पिनर मुथैया मुरलीधरन ने कहा कि विराट कोहली की तुलना उनसे करना मुनासिब नहीं होगा। अपनी फिल्म '800' के प्रमोशन के सिलसिले में यहां आये मुरलीधरन ने शनिवार को एक सवाल के जवाब में कहा, विराट ही नहीं बल्कि दुनिया के किसी भी बल्लेबाज की तुलना सचिन से नहीं की जा सकती। वह महान बल्लेबाज रहे हैं। सचिन ने 14 वर्ष की उम्र में रणजी खेलना शुरू किया जबकि मात्र 16 वर्ष की आयु में उन्होने पाकिस्तान के खिलाफ खेल कर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण की उम्र में वकार युनूस जैसे गेंदबाजों का सामना किया। शतकों का शतक लगाने वाले सचिन जैसा प्रतिभाशाली बल्लेबाज सिर्फ एक बार जन्म लेता है। उन्होने कहा, निसंदेह विराट कोहली एक बेहतरीन बल्लेबाज है मगर उनकी तुलना सचिन से करना बेमानी होगा।

# रोहन बोपन्ना–रुतुजा भोसले की जोड़ी ने जीता स्वर्ण पदक

**हांगझाउ** 30 सितंबर (एजेंसियां)। भारत के रोहन बोपन्ना और रुतुजा भोसले ने एशियाई खेलों में टेनिस मिश्रित युगल टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। भारतीय जोड़ी ने शनिवार को चीनी ताइपे के सुंग-हाओ हुआंग और एन शुओ लियांग की जोड़ी को 2-6, 6-3, [10-4] से हरा कर भारत के लिये स्वर्ण पदक जीता। चीनी ताइपे की जोड़ी को हराने के लिए बोपन्ना और भोसले ने एक घंटे 14 मिनट का समय लिया। एशियन गेम्स में बोपन्ना का यह दूसरा स्वर्ण पदक है। इससे पहले एशियन गेम्स में रोहन बोपन्ना ने अपना पहला टेनिस फाइनल खेलते हुए जकार्ता 2018 में पुरुष युगल का स्वर्ण पदक जीता था। हालांकि, हांगझाउ में रोहन बोपन्ना और उनके पुरुष युगल साथी युकी भांबरी राउंड ऑफ 16 से आगे नहीं बढ़ सके।

गौरतलब है कि एशियन गेम्स 2023 टेनिस के पहले राउंड में भारत की मिश्रित जोड़ी को बाई मिला था। दूसरे राउंड में उन्होंने उज़्बेकिस्तान के अकगुल अमानमुराडोवा-मक्सिम शिन को 6-4, 6-2 से हराने के बाद राउंड ऑफ 16 में अयानो शिमिज़ु-शिनजी हजावा को 6-3, 6-4 से हराया था। रोहन बोपन्ना और रुतुजा भोसले ने टेनिस के मिश्रित युगल क्वार्टरफाइनल में झिबेक कुलम्बायेवा-ग्रिगोरी लोमाकिन की कज़ाकिस्तान की जोड़ी को 7-5, 6-3 से शिकस्त देकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी जहां उन्होंने चीनी ताइपे के हाओ-चिंग चान और यू-सिउ सू को 6-1, 3-6, [10-4] से हराकर फाइनल तक का सफ़र तय किया।




### शूटिंग में सरबजोत-दिव्या ने मिश्रित टीम स्पर्धा में जीता रजत

भारतीय निशानेबाज सरबजोत सिंह और दिव्या टीएस ने शनिवार को एशियाई खेल 2023 में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम शूटिंग स्पर्धा में रजत पदक जीता। भारतीय जोड़ी स्वर्ण पदक मैच में चीन के बोवेन झांग और रैनक्सिन जियांग से 16-14 से हार गई। सरबजोत सिंह-दिव्या टीएस ने एक समय स्वर्ण पदक प्लेऑफ में 7-3 से बढ़त बना ली थी, लेकिन पुरुषों की व्यक्तिगत स्पर्धा में मौजूदा विश्व चैंपियन झांग बोवेन और टोक्यो 2020 ओलंपिक मिश्रित टीम के स्वर्ण पदक विजेता रैनक्सिन जियांग ने मजबूत वापसी की। चीनी जोड़ी ने पहले स्कोर 7-7 से बराबर किया और फिर दो अंकों से फाइनल जीत लिया। मिश्रित टीम फ़ाइनल में 16 अंक तक पहुँचने वाला पहला पदक जीतता है।

एशियाई खेलों 2023 में निशानेबाजी में यह भारत का 19वां पदक था। छह स्वर्ण, आठ रजत और पांच कांस्य पदक के साथ निशानेबाजी में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। क्वालिफिकेशन राउंड में, सरबजोत सिंह ने अपने 30 शॉट्स में से 291/300 का स्कोर किया, जबकि दिव्या टीएस 286/300 का स्कोर बनाने में सफल रहीं। वे 577 के संयुक्त स्कोर के साथ 19-टीम स्पर्धा में शीर्ष पर रहे। बोवेन झांग और रैनक्सिन जियांग 576 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहकर फाइनल में पहुंचे।

कांस्य पदक के लिए ईरान ने पाकिस्तान को 16-14 से हराया जबकि दूसरे कांस्य के लिए कोरिया गणराज्य ने जापान को 16-8 से हराया। इससे पहले हांग्जो एशियाई खेलों में सरबजोत सिंह ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल टीम के साथ स्वर्ण पदक जीता था। दिव्या टीएस ने 10 मीटर एयर पिस्टल में रजत पदक अपने नाम किया था। रविवार को शूटिंग स्पर्धाओं के अंतिम दिन भारतीय निशानेबाज पुरुष और महिला ट्रैप स्पर्धाओं में भी प्रतिस्पर्धा करेंगे।

## स्कवैश : पाकिस्तान को हराकर भारत ने जीता सोना

एशियन गेम्स में भारतीय पुरुष स्क्वैश टीम ने शनिवार को खिताबी मुकाबले में पाकिस्तान को 2-1 से हरा कर स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाल लिया। हांगझोउ ओलंपिक सेंटर में सौरव घोषाल, महेश मनगांवकर और अभय सिंह की टीम ने रोमांचक मैच में पाकिस्तान को 2-1 से हराकर भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। पाकिस्तान के इकबाल नासिर ने भारत के महेश मनगांवकर को 3- (11-8, 11-3, 11-2) से हराकर मुकाबले की शुरुआत की, लेकिन अगले ही मुकाबले में भारतीय खिलाड़ी सौरव घोषाल ने मोहम्मद आसिम खान को 3- (11-5, 11-1, 11-3) से बराकर भारत को बराबरी दिलाई। आखिरी मुकाबले में अभय सिंह और जमान नूर के बीच काफी रोमांक गेम देखने को मिला और अंत में भारतीय खिलाड़ी ने पाकिस्तान स्क्वैश खिलाड़ी को 3-1 (11-7, 9-11, 8-11, 11-9, 12-1) से हराकर यह मुकाबला भारत के पक्ष में कर दिया। भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी एक अक्टूबर से एकल और मिश्रित युगल स्पर्धाओं में भाग लेंगे। गौरतलब है कि साल 21 के एशियन गेम्स में पुरुष इवेंट को शामिल किया गया था और तब से भारत की पुरुष टीम ने इस मल्टी-स्पोर्ट इवेंट के हर संस्करण में पदक अपने नाम किया है। भारत ने इस इवेंट में इससे पहले अपना पहला स्वर्ण पदक जीता था, जिसे इंचियोन 214 में हासिल किया था।

## गोल्फ में पदकों की उम्मीद बढ़ी; तीसरे राउन्ड के बाद अदिति अशोक सबसे आगे

**हांगझोउ,** 30 सितम्बर (एजेंसियां)। एशियन गेम्स में गोल्फ में भारत के लिए पदकों की उम्मीद बढ़ गई है। ओलंपियन अदिति अशोक ने 11-अंडर 61 के शानदार स्कोर के साथ एशियन गेम्स में महिलाओं की व्यक्तिगत गोल्फ प्रतियोगिता के तीसरे दौर के बाद थाईलैंड की युबोल आर्किपाया पर सात स्ट्रोक की भारी बढ़त हासिल कर ली है। थाईलैंड से एक स्ट्रोक आगे, 29-अंडर 403 के कुल स्कोर के साथ शीर्ष स्थान हासिल करने के बाद भारतीय महिला टीम पदक की प्रबल दावेदार है। चीन 26-अंडर 406 के साथ तीसरे स्थान पर है।

अगर अगले राउन्ड में अदिति ने बहुत बड़ी गलती नहीं की तो एशियन गेम्स में उनका स्वर्ण पदक पक्का हो सकता है। अदिति 22-अंडर 194 के कुल स्कोर के साथ एशियन गेम्स की पदक की दौड़ में आगे चल रही हैं। अपने खेल के दौरान उन्होंने नौ बर्डी और एक ईगल लगाया। चीन के ज़ियू लिन 14-अंडर 202 के साथ तीसरे स्थान पर हैं, जबकि जापान की बाबा साकी 11-अंडर 205 के साथ चौथे स्थान पर हैं। थाईलैंड की ईला गैलिट्स्की, चीन की यू लियू, दक्षिण कोरिया की मिनसोल किम और एक अन्य थाई पटाराजुतर कोंगक्राफान 10-अंडर 206 के साथ पांचवें स्थान पर हैं। दक्षिण कोरिया की ह्युनजू यू और चीन की रुओनिंग यिन एक स्ट्रोक पीछे संयुक्त नौवें स्थान पर हैं। एक अन्य भारतीय प्रणवी शरथ उर्स शनिवार को दो अंडर 70 का कार्ड खेलकर सात अंडर 209 के कुल स्कोर के साथ संयुक्त 11वें स्थान पर है। टीनएज सनसनी और हमवतन अवनि प्रशांत एक अंडर 215 के साथ संयुक्त 19वें स्थान पर हैं।



पुरुष वर्ग में, अनिर्बान लाहिड़ी के लिए यह निराशाजनक दिन था, जो तीसरे दौर में दो ओवर 74 के बाद संयुक्त 17वें स्थान पर खिसक गये। दुनिया के 148वें नंबर के खिलाड़ी को फ्रंट नौ में बोगी की हैट्रिक और 17वें होल में डबल बोगी के कारण खिताब की दौड़ से बाहर होना पड़ा। हांगकांग चीन के ताइची खो ने छह अंडर 66 का कार्ड खेलकर 24 अंडर 188 के साथ एकमात्र बढ़त हासिल की। चीनी ताइपे के चिएन-याओ हंग ने 21 अंडर 195 के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। दक्षिण कोरिया के युबिन जांग एक स्ट्रोक पीछे हैं। चार बार के यूरोपीय टूर विजेता एसएसपी चौरसिया अंतिम दौर में चार अंडर 68 का स्कोर बनाकर नौ स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त 20वें स्थान पर पहुंच गए। ओलंपियन का कुल स्कोर नौ अंडर 206 है। खलिन जोशी एक स्ट्रोक पीछे संयुक्त 24वें स्थान पर हैं।

यूरोपीय टूर के नियमित शुभंकर शर्मा तीन अंडर 213 के साथ संयुक्त 33वें स्थान पर हैं। भारतीय पुरुष टीम दो स्थान फिसलकर 32-अंडर 616 के साथ आठवें स्थान पर है। दक्षिण कोरिया 58-अंडर 490 के साथ शीर्ष पर है, उसके बाद थाईलैंड और हांगकांग चीन संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं।

## लवलीना ने जीता भारतीयों का दिल, प्रीति ने भी गोल्डेन टिकट की अर्जी लगाई



**हांगझाउ** 30 सितंबर (एजेंसियां)। टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता और मौजूदा विश्व चैंपियन लवलीना बोरगोहेन ने एशियाई खेल के बॉक्सिंग में महिलाओं के 75 किग्रा सेमीफाइनल में जगह बना कर भारत के लिये एक पदक सुनिश्चित कर दिया। लवलीना ने शनिवार को क्वार्टरफाइनल में कोरिया की सुयेओन सियोंग को सर्वसम्मत निर्णय (5-0) से हराकर अंतिम चार में अपना स्थान पक्का किया। भारतीय मुक्केबाज ने मुकाबले की शुरुआत से ही प्रतिद्वंदी मुक्केबाज पर दबाव बनाए रखा और अपने फुटवर्क का बेहतरीन इस्तेमाल करते हुए राइट हैंड जैब का बखूबी इस्तेमाल किया और इस मुकाबले को अपने नाम कर लिया।

एक अन्य मुकाबले में भारतीय मुक्केबाज प्रीति पवार ने महिलाओं के 54 किग्रा क्वार्टरफाइनल में कजाकिस्तान की ज़ैना शेकेरबेकोवा को 4-1 से हरा कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। इसके साथ ही प्रीति पवार ने भारत के लिए अगले साल होने वाले पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा भी हासिल किया।

ज्ञातव्य है कि नेशनल ओलंपिक कमेटी के पास ओलंपिक खेलों में अपने संबंधित देशों के प्रतिनिधित्व के लिए विशेष अधिकार है। पेरिस खेलों में एथलीटों की भागीदारी उनकी एनओसी पर निर्भर करती है, जो उन्हें पेरिस 2024 में अपने प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुनती है। लवलीना बोरगोहेन 75 किग्रा में प्रतिस्पर्धा कर रही हैं, इसलिए उन्हें पेरिस 2024 कोटा हासिल करने के लिए अभी भी एक और मुकाबला जीतने की जरूरत है। प्रीति पवार को कजाकिस्तान प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। भारतीय मुक्केबाज ने शुरुआती राउंड में मामूली अंतर से जीत हासिल की, लेकिन ज़ैना शेकेरबेकोवा ने दूसरे राउंड में शानदार वापसी की। तीसरे राउंड में दोनों मुक्केबाज आगे बढ़ रहे थे, लेकिन इस बीच प्रीति ने इस मुकाबले को अपने नाम करने के लिए कई बेहतरीन पंच जड़े। दिन के अन्य मुकाबले में भारत के सचिन सिवाच को कुवैत के तुर्की अबुकुथैला से वॉकओवर मिला और उन्होंने पुरुषों के 57 किग्रा क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई, जबकि नरेंद्र बेरवाल ने पुरुषों के +92 किग्रा वर्ग में ईरान के इमान रमज़ानपुर डेलावर को सर्वसम्मत निर्णय (5-0) से हराकर भारत के लिए पदक पक्का किया।

लवलीना बोरगोहेन और प्रीति पवार तीन अक्टूबर को अपना सेमीफाइनल मुकाबला खेलेंगी। जहां बोरगोहेन का सामना थाईलैंड की बाइसन मानेकोन से होगा, वहीं पवार स्वर्ण पदक मुकाबले में जगह बनाने के लिए चीन के चांग युआन से भिड़ेंगी।

# एशियाई खेल एक अलग तरह की चुनौती होगी : नीरज

**हांगझोउ,** 30 सितंबर (एजेंसियां)। नीरज चोपड़ा ने 2018 में जकार्ता में एशियाई खेलों में एथलेटिक्स में महानता की ओर अपनी यात्रा शुरू की। यह वह वर्ष था जब चोपड़ा ने गोल्ड कोस्ट में राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता और इसके बाद जकार्ता में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता। हांगझोउ में 19वें संस्करण में एक बार फिर एशियाई खेलों में वापसी के साथ, हरियाणा के सोनीपत के 25 वर्षीय खिलाड़ी का जीवन पूरी तरह से बदल गया है। अपने अब तक के सफर में चोपड़ा ने 2021 में टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता, 2022 में डायमंड लीग फाइनल जीता और इस साल हंगरी के बुडापेस्ट में विश्व चैंपियनशिप में खिताब जीतकर अपना सपना पूरा किया। इसलिए, जैसे ही वह जकार्ता में जीते गए एशियाई खेलों के खिताब का बचाव करने के लिए तैयार हो रहे हैं, चोपड़ा के लिए कई अन्य चीजें भी बदल गई हैं। उन्होंने कहा, जब मैं जकार्ता में भाग ले रहा था, तो मुझ पर कोई दबाव नहीं था, किसी को भी खेल गांव से बहुत अधिक उम्मीद नहीं थी, मैं अपना काम करता हूं और आनंद लेता हूं। अब चोपड़ा से पूरे देश को उम्मीदें हैं, लोग उम्मीद करते हैं कि जब भी वह भाला फेंकने के लिए रनवे पर उतरेंगे तो जीतेंगे, एथलेटिक्स टीम में हर कोई उनकी ओर देखता है और अन्य भाग लेने वाले खिलाड़ियों सहित लोग उनके साथ तस्वीरें लेने और सेल्फी लेने के लिए लाइन में लग जाते हैं। इससे पहले, चोपड़ा भारत में देवताओं जैसे माने जाने वाले क्रिकेटरों के साथ तस्वीरें खिंचवाने के लिए उत्सुक रहते थे। अब, क्रिकेटर भी उनके साथ फोटो खिंचवाने के लिए उत्सुक हैं, जैसा कि भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने शुक्रवार को हांगझोउ में एशियाई खेल गांव में किया था। नीरज चोपड़ा ने शनिवार को हांगझू के एथलीट विलेज में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, अब क्रिकेटर भी इन खेलों का हिस्सा हैं। पिछले साल महिला टीम राष्ट्रमंडल खेलों में खेली थी और अब पुरुष और महिला दोनों टीमें हांगझोउ में हैं। इसे ओलंपिक का भी हिस्सा बनाने की कोशिश की जा रही है। इसलिए, यहां उनसे मिलकर अच्छा लग रहा है। कल उनसे मिलने के बाद मुझे बहुत अच्छा लगा। मैंने हमेशा कहा है कि एथलीटों के गांव की व्यवस्था का एथलीटों पर बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। गांव में, आप ऊर्जावान महसूस करेंगे, भले ही आपने कभी ऐसा नहीं किया हो। नीरज चोपड़ा के लिए जीवन निश्चित रूप से पूर्ण हो गया है। वह अब एथलेटिक्स में वैश्विक सुपरस्टार बन गए हैं। चोपड़ा ने कहा, हां, यह मेरे लिए बहुत अच्छा आयोजन था, मैंने 88.06 का अच्छा थ्रो किया था। लेकिन तब से चीजें बहुत बदल गई हैं, मैंने अपने कुछ सपने पूरे किए हैं – ओलंपिक पदक जीतना मेरा सपना था, जो मैंने पूरा किया। विश्व चैंपियनशिप जीतना भी एक सपना था जिसे मैंने पूरा किया।



## भारत इंग्लैंड वार्म मैच बारिश के कारण रद्द

**गुवाहटी** 30 सितंबर (एजेंसियां)। विश्व कप से पहले भारत और इंग्लैंड के बीच शनिवार को वार्म मैच में बारिश के कारण बगैर गेंद फेंके रद्द घोषित कर दिया है और दोनो टीमों को अभ्यास का मौका नहीं मिल सका। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया मगर बारिश के चलते दोनो टीमें मैदान पर नहीं उतर सकी। शाम पांच बजे तक बारिश की तीव्रता में कमी आयी थी जिसके बाद अभ्यास मैच के शुरु होने की संभावना बढ गयी थी मगर आउट फील्ड के गीली होने और रिमझिम बरसात होने के चलते अंपायरों ने शाम साढ़े पांच बजे मैच को रद्द करने की घोषणा की। दोनो ही टीमों का यह पहला अभ्यास मैच था। इंग्लिश टीम शुक्रवार दोपहर में गुवाहाटी पहुंची थी जिसके चलते उन्हें मौसम के साथ खुद को ढालने का मौका भी नहीं मिल पाया।

## नहीं सोचा था कि तीसरे विश्व कप में भी खेलूंगा : अश्विन

**गुवाहटी** 30 सितंबर (एजेंसियां)। चोटिल अक्षर पटेल के स्थान पर अंतिम समय में विश्व कप के लिये भारतीय टीम में चुने गये रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि जीवन अचरज और रोमांच से भरा होता है। उन्होने सोचा नहीं था कि उन्हे तीसरी बार विश्व कप की टीम में शामिल किया जायेगा। अश्विन ने शनिवार को कहा, तीन महीने पहले किसी ने कहा होता कि मैं विश्व कप खेलूंगा तो मैं बोलता कि आप मजाक कर रहे हैं मगर लाइफ सरप्राइज़ से भरी होती है। सच कहूं तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं यहां रहूंगा। परिस्थितियों ने मुझे यहां खड़े होने का मौका दिया है। टीम मैनेज़मेंट ने मेरे ऊपर भरोसा ज़ताया है। विश्व कप से ठीक पहले टीम में चुने जाने पर पड़ने वाले दवाब को लेकर उन्होने कहा, दवाब झेलना ऐसे टूर्नामेंट्स में काफ़ी अहम होता है और यही तय करेगा कि टूर्नामेंट कैसा ज़ाएगा। ये भारत के लिए मेरा आखिरी विश्व कप हो सकता है तो इसका लुत्फ़ लेना सबसे अधिक ज़रूरी है। गौरतलब है कि अश्विन को अक्षर पटेल की जगह भारत की विश्व कप टीम में शामिल किया गया है, जो इस महीने की शुरुआत में श्रीलंका में टीम के एशिया कप अभियान के दौरान घायल हो गए थे। अश्विन के लिये यह तीसरा मौका है जब वह विश्व कप के लिये भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। आस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में संपन्न सीरीज में अश्विन ने बेहतरीन प्रदर्शन कर आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को परेशान किया था। इस महीने की शुरुआत में टीम में शामिल किए गए अक्षर को बांग्लादेश के खिलाफ एशिया कप सुपर फोर मुकाबले के दौरान बाएं क्वाड्रिसेप्स में खिंचाव आ गया था।



# भारत की महिला हॉकी टीम द. कोरिया पर जीत के साथ रिकॉर्ड बेहतर करने उतरेगी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 30 सितंबर (देशबन्धु)। किले की मजबूत दीवार सविता की अगुआई में पिछली उपविजेता भारत की महिला हॉकी टीम अब पांच बार की चैंपियन दक्षिण कोरिया को भी रविवार को हंगजू (चीन) में 19 वें एशियाई खेलों के पूल में लगातार तीसरी जीत के साथ अपने पूल ए में लगातार तीसरी के साथ सेमीफाइनल में स्थान पक्का करने के मकसद से उतरेगी। दक्षिण कोरिया और भारत के दो दो मैचों में जीत के साथ समान रूप से छह छह अंक हैं। भारत अपने बेहतर गोल अंतर के साथ पूल ए में शीर्ष पर है। अपनी चीफ कोच यांकी शॉपमैन की अगुआई में भारत ने गोल की बारिश करते हुए पहले सिंगापुर को 13-0 से फिर शुक्रवार को मजबूत मलयेशिया पर 6-0 से जीत दर्ज की। वहीं दक्षिण कोरिया ने अपने पहलै मैच में सिंगापुर को 4-0 से और दूसरे में हांगकांग कृा 7-0 से हराया है। भारत के खिलाफ दक्षिण कोरिया का पलड़ा भारी रहा है उसने उसके खिलाफ अपने 19 में से 11 मैच जीते हैं। वहीं भारत की महिला टीम मात्र छह मैच ही जीत पाई है जबकि दो मैच ड्रॉ रहे है। भारतीय महिला हॉकी टीम की कोशिश दक्षिण कोरिया के खिलाफ रविवार को जीत के साथ रिकॉर्ड बेहतर करने के मकसद से उतरेगी, दक्षिण कोरिया के भी भारत की तरह शुरू के दोनों मैचों में जीत के साथ समान रूप से छह छह अंक हैं। भारत अपने बेहतर गोल अंतर के साथ पूल ए में शीर्ष पर है। भारत ने पिछले एशियाई खेलों में दक्षिण कोरिया को पूल ए के मैच में 4-1 से हराया था और मौजूदा संस्करण में इसी जीत को दोहराने को बेताब हैं। भारत की मलयेशिया पर आसान बड़ी जीत के बावजूद उसके लिए बड़ी चिंता करीब दर्ज भर पेनल्टी कॉर्नर में मात्र दो को ही गोल में बदलना रहा। भारत को दक्षिण के खिलाफ जीत हासिल करनी है तो पेनल्टी कॉर्नरों का बेहतर इस्तेमाल कर गोल करने होंगे।

■ भारत की निगाहें लगातार तीसरी जीत के साथ सेमीफाइनल में स्थान पर
■ भारत को जीत के लिए पेनल्टी कॉर्नर का बेहतर इस्तेमाल कर गोल करने होंगे



दरअसल नियमित ड्रैग फ्लिकर गुरजीत कौर के एशियाई खेलों से बाहर रहने के कारण पेनल्टी कार्नर पर उपकप्तान दीप ग्रेस एक्का जरूर ड्रैग फ्लिक से गोल करने, नेहा गोयल और मोनिका के साथ नवनीत कौर इनडायरेक्ट गोल करने की कोशिश की है लेकिन इनमें आशिंक रूप से कामयाब हो पाई है। भारत को दक्षिण कोरिया पर जीत दर्ज करनी तो उसकी अनुभवी स्ट्राइकर वंदना कटारिया, ललरेमसियामी, दीपिका और संगीता को मैदानी गोल करने पर ज्यादा तवज्जो देनी होगी। साथ ही मध्यपंक्ति में नेहा गोयल, निशा वारसी, सुशीला चानू और सलीमा टेटे को बराबरअपनी साथी स्ट्राइकरों के लिए आगे गेंद बढ़ानी होगी जिससे कि वे सभी मैदानी गोल करने के साथ पेनल्टी कॉर्नर भी बराबर बना सके। भारतीय महिला हॉकी टीम के खेल की थाह लेने के लिए शुक्रवार को उसके मलयेशिया के खिलाफ मैच के दौरान उसकी पूरी टीम मौजूद थी

### हम सर्वश्रेष्ठ हॉकी खेल जीत के लिए तैयार : सविता

भारत की कप्तान सविता ने कहा, दक्षिण कोरिया के खिलाफ खेलना एक कड़ी चुनौती होता है और इतिहास गवाह है कि उनका हमारे खिलाफ पलड़ा भारी रहा है। अब हम अलग टीम है और आत्मविश्वास और जीवट से लबरेज है। हम दक्षिण कोरिया के खिलाफ मैच में मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर देश का गौरव बढ़ाने को बेताब हैं। हमारा लक्ष्य सर्वश्रेष्ठ हॉकी खेल कर जीत के लिए तैयार हैं।'

## सार संक्षेप

### दक्षिण अफ्रीका को उम्मीद कप्तान तेम्बा बावुमा टीम में वापस आ जाएंगे

**तिरुवनंतपुरम।** दक्षिण अफ्रीका को उम्मीद है कि 223 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में अपना अभियान शुरू करने से पहले अगले सप्ताह की शुरुआत में कप्तान तेम्बा बावुमा टीम में वापस आ जाएंगे, क्योंकि दाएं हाथ का बल्लेबाज पारिवारिक कारणों से घर वापस चले गए थे और वार्म-अप मैच नहीं खेल पाए। मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने कहा, यह एक व्यक्तिगत स्थिति है। हम बस उसके वापस आने का इंतजार कर रहे हैं। तेम्बा के साथ व्यक्तिगत रूप से कुछ भी गलत नहीं है। इस विश्व कप अभियान में अभी शुरुआती दिन हैं। तेम्बा जैसे खिलाड़ी ने हाल ही में बहुत खेला है और बहुत अच्छा खेला है। हम उम्मीद कर रहे हैं कि वह अगले सप्ताह की शुरुआत में वापस आ जाएंगे, जिसका टीम पर प्रभाव नगण्य होगा। वार्म-अप मैचों के लिए बावुमा की अनुपस्थिति में एडेन मार्कराम शीर्ष पर होंगे, जिनमें से पहला अफगानिस्तान के खिलाफ शुक्रवार को ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में बारिश के कारण रद्द कर दिया गया था। दक्षिण अफ्रीका पहले से ही तेज गेंदबाज एनरिक नोर्त्जे और सिसंडा मगाला के बिना है, दोनों को क्रमशः पीठ में संदिग्ध तनाव फ्रैक्चर और बाएं घुटने की चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया था। दक्षिण अफ्रीका अपने एकदिवसीय विश्व कप अभियान की शुरुआत 7 अक्टूबर को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में 1996 के चैंपियन श्रीलंका के खिलाफ करेगा।

### हम चाहते हैं कि हम वास्तव में आक्रामक हों : जोस बटलर

**लंदन।** मौजूदा चैंपियन के रूप में 223 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में प्रवेश करने से पहले, इंग्लैंड के सफेद गेंद के कप्तान जोस बटलर ने कहा कि वह चाहते हैं कि उनकी टीम भारत में आगामी प्रतियोगिता के दौरान आक्रामक हो, खेल में आगे बढ़े और आशावादी रहे। ऑस्ट्रेलिया में 222 में पुरुष टी2 विश्व कप में इंग्लैंड का नेतृत्व करने के बाद, बटलर अपने टी2 ताज में एकदिवसीय सफलता जोड़ना चाहेंगे, जब इंग्लैंड 5 अक्टूबर से 19 नवंबर तक भारत में अपना खिताब बरकरार रखने की कोशिश करेगा। डेली मेल ने बटलर के हवाले से कहा, मैं चाहता हूं कि हम वास्तव में आक्रामक रहें, खेल को आगे बढ़ाएं और हमेशा सकारात्मक रहें। शायद हमें उस पर थोड़ा और वापस लौटने की जरूरत है। मैं चाहता हूं कि हम सीमाएं लांघें और हम इसे हल्के में नहीं ले सकते, हम हर बार ऐसा करेंगे। सिर्फ इसलिए कि हमने इसे पहले किया है इसका मतलब यह नहीं है कि यह गेम दर गेम होगा। इंग्लैंड में न्यूजीलैंड को हराकर पहली बार एकदिवसीय विश्व कप ट्रॉफी जीतने में अहम भूमिका निभाने के चार साल बाद, बटलर एक प्रेरणादायक पद संभालते हुए अपने खिताब की रक्षा करने की कोशिश में आगे से टीम का नेतृत्व करेंगे।

# जीवन से विदा लेती ध्वनि

कहानी

■ रमेश शर्मा

शायद होती हो, शायद नहीं भी ! पर अब तक उसने जो देखा समझा था, उससे तो यही लगा था उसे कि एडजेस्टमेंट की कोई सुन्दर जगह नहीं होती। आदमी अनिच्छा से, लालच से या मजबूरी में एडजेस्टमेंट करता रहता है । जीवन भर। उसकी तरह। नौकरी की खातिर। नौकरी बचाने के लिए।

'बाबू जी धीरे चलना... प्यार में ज़रा संभलना....!' वह जिस शख़्स के पीछे सड़क पर चल रहा था उसके सेल फोन में उस वक्त यह फिल्मी गीत बज रहा था । यूं तो इस धुन को उसने पहले भी सुन रखा था पर इसे उस शख़्स के पीछे चलते हुए उस वक्त सुनना न जाने क्यों आज उसे अच्छा लगने लगा । उसे हमेशा लगता कि हर चीज की एक नियत जगह होती है दुनियां में, और उस नियत जगह पर उस चीज की खूबसूरती अपने आप बढ़ जाती है । सुबह का यह समय रायगढ़ की गज़मार पहाड़ी के नीचे घूमती हुई चिकनी सडकों पर चलते हुए यूं भी कितना खूबसूरत हो जाया करता है। इस समय में इस धुन को सुनते हुए लगा उसे कि कुछ चीजें अपनी जगह अपने आप ढूँढ लेती हैं ! अगर हम उन्हें उनकी सही जगहों पर पा सकें तो कितना सुकून मिलता है । इस फ़िल्मी धुन को सुनने की खातिर ही उसने आगे जा रहे उस शख्स के कदमों की रफ़्तार के साथ अपने कदमों की रफ़्तार को संयोजित करने का भरपूर प्रयास किया । कदमों को संयोजित करने की कोशिश में उसे बहुत सी बातें याद आने लगीं।

'एडजेस्टमेंट करना तो कोई तुमसे सीखे सियो !' निया ने एक बार उससे सीरियस होकर कहा था । उसका एडजेस्टमेंट शब्द पर इतना जोर था कि वह समझ नहीं पा रहा था कि आखिर वह कहना क्या चाहती है ? उसने निया से जिरह करना मुनासिब नहीं समझा कि आखिर उसे इस शब्द से आपत्ति क्यों है। इस तरह जिरह न करना भी उसकी परिस्थिति के मुताबिक एक किस्म का एडजेस्टमेंट ही था।

एक बार सामान्य सी बातचीत के दौरान उसने उससे पूछा था – 卐मुक्ति का रास्ता कठिन क्यों होता है निया ? इतना कठिन कि हम हर जगह एडजेस्टमेंट करने को मजबूर हो जाते हैं । एक ही रास्ता बचता है हमारे पास, दुनियां में अपने कदमों को गतिशील रखना है तो खुद को भीतर से बदल डालो ।

उसकी बातें सुनकर अचानक निया का चेहरा एक किताब की शक्ल का होने लगा था । एक ऐसी किताब जिसमें जीवन में मिले कठोर अनुभवों की कहानियां पढ़ी जा सकें ।

'मैं ऐसा नहीं मानती सियो ! हर जगह एडजेस्टमेंट करना सबके लिए संभव नहीं।मेरे लिए तो बिल्कुल भी नहीं । इस तरह तो मुझे कभी मुक्ति नहीं चाहिए । चलो मान लिया कि बदलाव जीवन जीने की एक कला है।सत्ता और दुनियावी रिश्तों से एडजेस्टमेंट का एक हुनर ! यह सोचकर हम दूसरों के अनुरूप अपने को भीतर से हर वक़्त संपादित करते रहते हैं , पर यह तो अपने आपसे धोखा हुआ सियो ! आखिर कब तक हम सेल्फ एडिटिंग का शिकार होते रहें ? कब तक अपने को धोखे में रखें? दुनियां को खुश रखने के लिए सेल्फ एडिटिंग का बोझ आखिर कोई क्यों ढोए सियो ?

और इस एडजेस्टमेंट शब्द को लेकर उनमें अक्सर मतभेद हो जाया करते थे।

वह उस वक्त सोचता रहा .... क्या एडजेस्टमेंट की भी अपनी कोई खूबसूरत और रचनात्मक जगह होती है ?

शायद होती हो, शायद नहीं भी ! पर अब तक उसने जो देखा समझा था, उससे तो यही लगा था उसे कि एडजेस्टमेंट की कोई सुन्दर जगह नहीं होती। आदमी अनिच्छा से, लालच से या मजबूरी में एडजेस्टमेंट करता रहता है । जीवन भर । उसकी तरह। नौकरी की खातिर । नौकरी बचाने के लिए ।

उसे लगता है प्राइवेट संस्थान में काम करते हुए अगर वह एडजेस्टमेंट न करे तो उसकी नौकरी कभी भी चली जाए। सत्ता के सुर में सुर न मिलाने की वजह से कई मीडिया कर्मियों को उनके मालिक नौकरी से निकाल चुके थे। यह सब आज भी वह अपनी नंगी आँखों से देख रहा है । यह सोचकर ही उसके भीतर डर की एक चिड़िया आकर बैठ गयी थी।

सामने चल रहा शख़्स अपने ही धुन में चला जा रहा था । सर्दियों का मौसम था । पुमा के स्पोर्ट्स शू उस शख़्स के पांवों के फिटनेस को जहां चुस्त दुरुस्त किये हुए थे वहीं उसने अपनी देह पर एक पश्मीने का शाल ओढ़ रखा था । चीजें उसके ऊपर कितना तो फब रही थीं । उसे फिर से महसूस हुआ कि हर चीज का अपनी सही जगहों पर होना भी कितना जरूरी है । दुधिया कलर का शाल ओढ़े उस ब्यक्ति के पीछे पीछे चलना आज उसे दोहरा सुकून दे गया था ।

'सुकून भी कितना दुर्लभ हो गया है जीवन में ।' – सुकून मिलने के इस दुर्लभ अनुभव ने चलते चलते उसके मन को इस एहसास से भी भर दिया था । 卐बड़े शहर जेब कतरों की तरह होते हैं । वे हमें लुभाते हैं , चकित करते हैं और चुपके से हमारी जेब काट लेते हैं।卐 बाजू में चल रहे एक कस्बाई आदमी को एक दूसरे कस्बाई आदमी से यह कहते हुए उसने जब सुना तो उसके शब्दों से वह थोड़ा अचम्भित सा हुआ । चलते चलते वह सोचने लगा .... लोगों के पास न जाने किस–किस तरह के अनुभव होते हैं जिसे वे कितनी खूबसूरती से व्यक्त कर साझा भी कर लेते हैं ।

साझा करने की बात को लेकर उसके भीतर बहुत सी बातें फिर से आने जाने लगीं । वह सोचने लगा .... बातों का साझापन भी जीवन की कई छोटी छोटी कहानियों को अपने साथ लेकर चलता है।

वह अपने भीतर भी कुछ टटोलने लगा । शायद कोई कहानी हो जिसे वह किसी से सुना सके । जीवन की सारी कहानियाँ समझौतों में लिथड़ी हुई मिलीं उसे । उसके मैनेजर का आदेश उसे याद आने लगा –卐यह बात गाँठ बांधकर रख लो कि सत्ता के विरूद्ध कोई टिप्पणी कहीं भी नहीं करनी किसी को । सत्ता कुमार्गी हो जाए तब भी उसकी हाँ में हाँ मिलाना , उसका सपोर्ट करना निहायत जरूरी है हमारे लिए । सबने कितनी बेशर्मी से उस दिन हाँ में हाँ मिलाया था ।

उसके बाद किस तरह उसके साथी और वह खुद भी सोशल मीडिया में सत्ता के पक्ष में माहौल बनाने के लिए ट्रोल आर्मी की भूमिका में आ गए थे ।

यह सब कहानी वह किसे सुनाए? किस तरह साझा करे किसी से ?सुनते ही लोग थू करने लगेंगे उस पर । अचानक उसे लगा कि उसका ज़मीर मर चुका है । एक गालीबाज़ को, एक बलात्कारी को भी वह अब सही ठहराने लगा है। उनके पक्ष में तर्क देने लगा है । सोचकर अचानक लगा उसे, जैसे उसने अपने वजूद को ही किसी गलत जगह पर लाकर टिका दिया है । कुछ समय के लिए उसे अपने आप से घिन्न सी आने लगी ।

आसमान में सूरज निकल चुका था । सडकों पर चहल पहल बढ़ गयी थी । उसके आगे–आगे चलने वाला शख़्स अब अपने गन्तव्य को जा चुका था । उसके जाने के साथ साथ 'बाबू जी धीरे चलना, प्यार में ज़रा संभलना......' वाले गीत की ध्वनि भी उससे विदा ले चुकी थी । उस वक्त उसके मन में कुछ इस तरह के भाव आ–जा रहे थे कि उसे लगने लगा जैसे अचानक उसके जीवन में किसी ध्वनि का इंतकाल हो चुका है।

**92 श्रीकुंज , बोईरदादर, रायगढ़ छत्तीसगढ़**

## ग़ज़ल

■ इब्न–ए–इंशा

दिल हिज्र के दर्द से बोझल है अब आन मिलो तो बेहतर हो
इस बात से हम को क्या मतलब ये कैसे हो ये क्यूँकर हो

इक भीक के दोनों कासे हैं इक प्यास के दोनो प्यासे हैं
हम खेती हैं तुम बादल हो हम नदियाँ हैं तुम सागर हो

ये दिल है कि जलते सीने में इक दर्द का फोड़ा अल्लहड़ सा
ना गुप्त रहे ना फूट बहे कोई मरहम हो कोई निश्तर हो

हम साँझ समय की छाया हैं तुम चढ़ती रात के चन्द्रमाँ
हम जाते हैं तुम आते हो फिर मेल की सूरत क्यूँकर हो

अब हुस्न का रुत्बा 'आली है अब हुस्न से सहरा ख़ाली है
चल बस्ती में बंजारा बन चल नगरी में सौदागर हो

जिस चीज़ से तुझ को निस्बत है जिस चीज़ की तुझ को चाहत है
वो सोना है वो हीरा है वो माटी हो या कंकर हो

अब 'इंशा'-जी को बुलाना क्या अब प्यार के दीप जलाना क्या
जब धूप और छाया एक से हों जब दिन और रात बराबर हो


वो रातें चाँद के साथ गईं वो बातें चाँद के साथ गईं
अब सुख के सपने क्या देखें जब दुख का सूरज सर पर हो

पुस्तक समीक्षा

# रोचक किस्सों का दस्तावेज

■ रोहित कौशिक

जिंदगी के किस्से यदि सपाट रूप से लिखे जाएं तो वे सिर्फ किस्से बन कर रह जाते हैं। जाहिर है सपाटबयानी में वह रचनात्मकता नहीं होती जिससे माध्यम से कोई भी कथा हमारी स्मृति का हिस्सा बन पाती है। प्रतिष्ठित युवा लेखक विपिन शर्मा ने हाल ही में प्रकाशित अपनी पुस्तक 'तुम जिन्दगी का नमक हो'में जिंदगी की छोटी–छोटी कहानियां रोचक अंदाज में लिखी हैं। विपिन शर्मा के गद्य का लालित्य इन कथाओं को और भी प्रभावी बनाता है। ये किस्से छोटे जरूर हैं लेकिन इन छोटे–छोटे किस्सों में बड़ा दर्शन छिपा हुआ है। इन कथाओं का मूल स्वर प्रेम है। अक्सर हम बहुत ही सीमित और परम्परगत दायरे में प्रेम का अर्थ ग्रहण करते हैं। इन कथाओं में प्रेम के विभिन्न स्वरूप महसूस किए जा सकते हैं। जिंदगी से प्रेम किए बिना हम प्रेमिका से भी प्रेम नहीं कर सकते। इसलिए यहां एक तरफ जिंदगी से भरपूर प्रेम है तो दूसरी तरफ प्रेमी और प्रेमिका के बीच इश्क की कशिश भी है। जाहिर है कि जब जिंदगी से भरपूर प्रेम होगा तो जिंदगी से जुड़ी विभिन्न विसंगतियां भी किसी न किसी रूप से हमारे ऊपर अपना प्रभाव डालेंगी। इसलिए इन कथाओं में कहीं न कहीं जिंदगी की विसंगतियां भी मौजूद हैं।




पुस्तक : तुम जिन्दगी का नमक हो
लेखक : विपिन शर्मा
प्रकाशक : पुस्तकनामा, गाजियाबाद
मूल्य : 120 रुपये

इन किस्सों को पढ़ते हुए महसूस होता है कि इनमें सिर्फ कोरी कल्पना नहीं हैं बल्कि परोक्ष रूप से लेखक की रोजमर्रा की जिंदगी के अनुभव भी मौजूद हैं। जीवनानुभव से निकले किस्से जिंदगी के ज्यादा करीब तो होते ही हैं, विश्वसनीय भी होते हैं। निश्चित रूप से किसी भी कथा में कल्पनाशीलता का अपना महत्व होता है लेकिन यदि कल्पनाशीलता जीवनानुभव पर आधारित हो तो वह ज्यादा तार्किक होती है। यही कारण है कि इन किस्सों को पढ़ते हुए एक आत्मीय जुड़ाव महसूस होता है। ज्यों–ज्यों हम इस किताब को पढ़ते हुए आगे बढ़ते है, त्यों–त्यों इन किस्सों से हमारी रागात्मकता बढ़ती चली जाती है। इस दौर में जबकि बौद्धिक वर्ग कई तरह के वादों में उलझा अतिवाद का शिकार हो रहा है, ये कथाएं एक बनी बनाई लीक तोड़ती हुई अंधेरे में लैम्प पोस्ट की तरह हमें प्रकाशित करती हैं। यहां कई शहर हैं, शहर की गलियां हैं, गांव हैं, चांद–तारे हैं, पहाड़ हैं, प्रकृति के विभिन्न रूप हैं तथा कई लेखक और शायर हैं। यानी एक मुकम्मल जिंदगी की कई बिखरी हुई तस्वीरें हैं। इन बिखरी हुई तस्वीरों से ही जिंदगी की एक बड़ी तस्वीर जुड़ती और पूर्ण होती है। दरअसल जिंदगी हमेशा गुलाबी नहीं होती। किसी एक रंग से रंगी जिंदगी वास्तविकता से बहुत दूर होती है। इसलिए कन कथाओं में परेशानियों और संघर्षों का रंग भी है। यह संघर्ष कई स्तरों पर दिखाई देता है। प्रेम के रास्ते पर चलते हुए संघर्ष न हों तो फिर ऐसे प्रेम का क्या औचित्य ? कभी यह संघर्ष हमारे प्रेम को और मजबूती प्रदान करता है तो कभी हालात की कठपुतली बनकर हमारे प्रेम को कमजोर भी कर देता है। यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि संघर्ष के समय हमारा दृष्टिकोण क्या है ? ये कथाएं विभिन्न परिस्थितियों में कहीं न कहीं हमारे दृष्टिकोण को भी परिलक्षित करती हैं।

इन किस्सों में स्थानीय जीवन की हलचल है तो अन्तरराष्ट्रीय विमर्श भी है। यह सही है कि रोजमर्रा की स्थानीय गतिविधियां हमारे जिंदगी का आधार हैं, तो अन्तरराष्ट्रीय गतिविधियां भी किसी न किसी रूप में स्थानीय गतिविधियों पर अपना प्रभाव डालती हैं। निश्चित रूप से इस प्रभाव को एक संवेदनशील लेखक ही अपनी रचनाओं में दर्ज कर सकता है। इस बदलाव और प्रभाव को विभिन्न लेखक अलग–अलग तरीकों से दर्ज करते हैं। असली सवाल यह है कि क्या लेखक इन बदलावों को सहज तरीके से अपनी रचनाओं में दर्ज कर पाता है ? बड़ी बात यह है कि विपिन शर्मा इन बदलावों को बहुत ही सलीके से इन किस्सों में दर्ज करते हैं। एक ऐसा भी अजीब समय हम सबने देखा है कि जब 'पॉजिटिव'शब्द हमारे लिए खतरे की घंटी बन गया था। यदि पिछले कुछ समय के किस्से लिखे जाएं और उन किस्सों में हमारी जिंदगी को बदरंग करने वाली महामारी का जिक्र न हो जो निश्चित रूप से यह स्वाभाविक नहीं होगा। महामारी के किस्से भी इस किताब को प्रासंगिक बनाते हैं। जीवंतता और रोचकता से ओत–प्रोत इन किस्सों को निश्चित रूप से पढ़ा जाना चाहिए। इन अद्भुत किस्सों को लिखने के लिए विपिन शर्मा बधाई के पात्र हैं।

फ़िल्म

# 'कलयुग'

■ अजय चंद्रवंशी

**श्याम बेनेगल ( 1981 )**

महाभारत की कथा विघटित होते गण समाजों और विकसित होते राजसत्ता के दौर की कहानी है। यह अपने यथार्थवादी दृष्टिकोण के लिए भी चर्चित रहा है। इसमे जिस तरह से सत्ता की केन्द्रीयता है और 'नैतिकता' को द्वितीयक दर्जा दिया गया है वह बाद के सामंती समाजों में कम से कम सैद्धांतिक स्तर पर दुर्लभ रहा है। महाभारत में यह प्रकट रूप से है।वहां सत्ता प्राप्ति के लिए नैतिकता–अनैतिकता का मापदंड खत्म सा हो गया है; खून के रिश्ते और पारिवारिक सम्बन्ध बेमानी हो गये हैं। एक तरह से वहां आधुनिक पूंजीवादी समाजों की सामाजिक सम्बन्धों की पूर्व पीठिका सा है। यह अकारण नहीं पौराणिक काल निर्धारण में महाभारत(द्वापर) के बाद ही 'कलयुग' का आगमन होता है।

कलयुग(कलियुग) शब्द से ही एक नकारात्मकता का बोध प्रकट किया जाता रहा है।यानी यह युग नहीं मूल्यबोध हो गया है।बहुधा इसे 'सतयुग' के विपरीत देखा जाता है। सतयुग में जहां सब कुछ 'अच्छा' था वहीं कलयुग में अधिकतर बुरा।यों कल(कलि)युग का शाब्दिक अर्थ 'मशीनी युग' भी होता है। खासकर पन्द्रहवी–सोलहवीं शताब्दी के व्यापारिक पूंजीवाद के दौर में सामंती मूल्यों के एक हद तक विघटन ने कलयुग की अवधारणा को बल दिया, क्योंकि लंबे समय से चले आ रहे सामंती मूल्यों का बिखराव एक झटके के समान था जिसकी एक प्रतिक्रिया कलयुग के रूप प्रकट हुई।

'महाभारत' और 'कलयुग' के इस सम्मिलन ने भारतीय समाज को गहरे रूप से प्रभावित किया है। आज भी पारिवारिक कलह की तुलना महाभारत से की जाती है और सामाजिक मूल्यों से विचलन को कलयुग का प्रभाव भी कहा जाता है।

फ़िल्म 'कलयुग' में इसी तरह की पारिवारिक 'महाभारत' की कहानी है।फ़िल्म में एक ही परिवार के दो पीढ़ी के बाद के दो हिस्सों में व्यापारिक परिस्पर्धा और प्रतिष्ठा की लड़ाई है। यह लड़ाई प्रच्छन्न से क्रमश: प्रकट होती जाती है।कहाँ तो खून के रिश्ते और प्रेम! और कहाँ हर पल दूसरे को नीचा दिखाने की चाह! इसकी चरम बदला और हत्या तक चली जाती है। परिणाम वही होता है सर्वनाश; किसी को कुछ हासिल नही!

फ़िल्म में भीष्मचन्द और रामचन्द नामक दो कारोबारी भाइयों की कहानी है। भीष्मचन्द अविवाहित है और उसने रामचन्द के निधन के बाद उसके दोनो बेटों खूबचन्द और पूरनचंद को पाल–पोसकर बड़ा किया।खूबचन्द के बेटों धनराज और सन्दीपराज की पूरनचंद के बेटों धरमराज, बलराज और भरतराज के बीच अदावत चलती रहती है।

फ़िल्म में महाभारत की तरह एक निरापद पात्र 'करन' भी है,जो अनाथ है और जिसकी भीष्मचन्द ने परवरिश की है। वह धनराज को कारोबार में सहयोग करता है और वहां उसका उचित सम्मान है, मगर फिर भी आख़िरकार वह पारिवारिक सदस्य नहीं हैं इसलिए काबिल होकर भी उसकी सीमाएं है। भरतराज और उसके भाई तो और भी उसे उपेक्षित करते हैं क्योंकि वह उनके 'दुश्मन' के खेमे में है।

मगर विडम्बना कि वे तीनों उसके भाई ही हैं। पिता की अक्षमता के कारण उनकी माँ सावित्री के स्वामी प्रेमानन्द से संसर्ग से तीन बच्चे हुए जिन्हें पिता का नाम मिला। करन उन्ही से विवाह पूर्व का सन्तान है जिसे किसी का नाम नहीं मिला इसलिए उपेक्षित है। यह राज़ सावित्री, भीष्मचन्द तक सीमित है।

कलयुग(कलियुग) शब्द से ही एक नकारात्मकता का बोध प्रकट किया जाता रहा है।यानी यह युग नहीं मूल्यबोध हो गया है।बहुधा इसे 'सतयुग' के विपरीत देखा जाता है। सतयुग में जहां सब कुछ 'अच्छा' था वहीं कलयुग में अधिकतर बुरा।यों कल(कलि) युग का शाब्दिक अर्थ 'मशीनी युग' भी होता है।

करन की योग्यता उसके पहचान के संकट के आगे निस्तेज है, फिर भी उसमे विद्रोह नहीं मानवीयता है। मगर धनराज के प्रति निष्ठा के कारण वह भरतराज परिवार को पछाड़ने के लिए हत्या करवाने की हद तक जाता है। और जब उसके सामने उन्ही के भाई होने की हक़ीकत खुलती है तब आत्मग्लानि, क्षोभ और बेबसी के सिवा कुछ नहीं रह जाता। अंतत: वह भी कर्ण की तरह मारा जाता है। इस हक़ीक़त से भरतराज का परिवार भी आहत होता है मगर तब तक सब बर्बाद हो चुका होता है।

फ़िल्म में स्त्रियां लगभग यांत्रिक हैं और पितृसत्ता के मूल्यों से संचालित हैं। वे इस पारिवारिक तबाही को निष्क्रिय तटस्थता से देखती रहती हैं। सावित्री जरूर कुंती की तरह करन के पास जाकर उसे भाई होने की दुहाई देकर इस बर्बादी को रोकने का प्रयास करती है,और करन द्वंद्व से मुक्त होकर सहयोग करने का प्रयास भी करता है मगर हालात हाथ से फिसलते चले जाते हैं।'सुप्रिया' का चरित्र द्रोपदी सा है,परिवार में निर्णयों में एक हद तक हस्तक्षेप है।पति से एक समय के बाद अनौपचारिक दूरी सी है।आखिर में भरतराज से निकटता बढ़ाने का संकेत है। वह परिवार में अपनी स्थिति मजबूत रखने के लिए प्रयत्नरत दिखाई पड़ती है।




कुल मिलाकर फ़िल्म आधुनिक अभिजातवर्गीय परिवार का महाभारत है।सामंती–पूंजीवादी मूल्यों से संस्कारित इस परिवार में झूठी प्रतिष्ठा और संदेह के आगे मानवता दम तोड़ देती है। ये जितने एक दूसरे के करीब दिखते हैं उतने ही दूर हैं।इनका मिलना–जुलना, इकट्ठा होना सब यांत्रिक है,अंदर कहीं नफ़रत और प्रतिस्पर्धा है। यहां भाई–भाई, पति–पत्नी सब जैसे किसी औपचारिकता का निर्वहन कर रहे हैं। रिश्तों में गर्माहट कहीं नहीं है।

फ़िल्म का निर्देशन, चुस्त कथानक और सांकेतिकता, अभिनय सभी महत्वपूर्ण हैं।पात्रों के द्वंद्व, परिस्थितियों की विडम्बना और बेबसी को बेहतर ढंग से उभारा गया है। धनराज का आत्महत्या से पहले अपनी छोटी बच्ची से पोयम सुनने का सुखद वातावरण एक झटके में मातम में बदल जाना हतप्रभ करता है। इस तरह और भी छोटी–छोटी घटनाएं हैं जो सार्थक निर्देशन को प्रकट करते हैं। पात्रों की संख्या अधिक होने के कारण भूमिकाएं सीमित मगर महत्वपूर्ण हैं। महाभारत अपने विराटता और यथार्थवादी चित्रण के कारण हर दौर के कलाकारों को प्रभावित करता रहा है और आगे भी करता रहेगा।


**कवर्धा**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# सशक्त और समृद्ध छत्तीसगढ़ बनाना हमारा मुख्य ध्येय- भूपेश

**रायपुर**,30 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ एक कृषि प्रधान राज्य है, इसे देखते हुए हमने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का काम किया। हमने सबसे पहले किसानों की कर्ज माफी और उनके सिंचाई कर की बकाया राशि माफ की। छत्तीसगढ़ देश में किसानों को उनकी उपज का सर्वाधिक मूल्य देने आज अग्रणी राज्य है। बीते पांच साल में राज्य सरकार ने सभी तबके के उत्थान के लिए काम किया है। हमने अपनी योजनाओं में किसानों, आदिवासियों के साथ ही श्रमिकों, बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं और युवाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए फोकस रखा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज राजधानी रायपुर में दैनिक भास्कर द्वारा आयोजित 'नेताजी न्यूजरूम में' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री विनोद वर्मा और श्री रूचिर गर्ग, सहित जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि जब हमारी सरकार बनी तो छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी समस्या जो मेरे सामने थी वो 40 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे थे, 41 प्रतिशत बच्चे कुपोषण के शिकार थे और 47 प्रतिशत 15 से 59 वर्ष की महिलाएं एनीमिया से ग्रसित थे। सबसे पहले चुनौती इन समस्याओं से निपटने की थी, राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से आज 40 लाख लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के माध्यम से दो लाख से अधिक बच्चे कुपोषण से बाहर आए है और डेढ़ लाख से अधिक महिलाएं एनीमिया से मुक्त हुए हैं। मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत 25 लाख रूपए तक इलाज कर रहे हैं। लोगों को धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना के तहत 72 प्रतिशत छूट पर सस्ती दवाई उपलब्ध कराई जा रही है। बस्तर अंचल की समस्या और चुनौती को हमने स्वीकार करते हुए वहां विकास, विश्वास और सुरक्षा की नीति अपनाई।



हमारी सरकार ने वनांचल के लोगों की आमदनी बढ़ाने के लिए मछली पालन, लाख पालन, मधुमक्खी पालन को कृषि का दर्जा दिया है। लघु वनोपजों के साथ ही कोदो, कुटकी और रागी का समर्थन मूल्य पर खरीदी करने के साथ ही मिलेट प्रोसेसिंग की भी शुरूआत की गई। कांकेर में एशिया का सबसे बड़ा मिलेट प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित किया गया है।

उन्होंने कहा कि आज नक्सलियों का दायरा सिमट गया है। बस्तर अंचल में बंद सैकड़ो स्कूलों को खोलने की बड़ी पहल हमने की है, जिससे भावी पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सेवा की पहुंच दूरस्थ अंचलों तक बढ़ाने के लिए हाट बाजार क्लीनिक योजना की शुरूआत की, क्योंकि हमें पता था लोग क्लीनिक जाए या न जाए लेकिन बाजार जरूर जाते है, तो हमने क्लीनिक को ही बाजार में ले गए। पहले तो इसके लिए सरपंचों द्वारा जगह उपलब्ध भी नहीं कराया जा रहा था, लेकिन धीरे-धीरे लोगों को इसके बारे में जानकारी मिली। इससे होने वाले फायदे के बारे में पता चला। बस्तर जैसे दूरस्थ क्षेत्रों में पहले लोगों को बीपी, शुगर की बीमारी क्या होती है, इससे वे अनजान थे, परंतु हाट बाजार क्लीनिक के माध्यम से न सिर्फ वहां के लोगों में व्याप्त बीमारी का पता चला जबकि उन बीमारियों का इलाज भी संभव हो सका। इसी का परिणाम है कि आज एक करोड़ 86 लाख से अधिक प्रदेशवासियों द्वारा इस योजना का लाभ मिला है। बस्तर में मलेरिया का प्रकोप फैला हुआ था, जिसे मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान के द्वारा दूर किए हैं।

# छत्तीसगढ़ भरोसा यात्रा की तैयारी को लेकर कांग्रेस भवन में हुई बैठक

**बिलासपुर**, 30 सितंबर (देशबन्धु)। शहर ज़िला कांग्रेस कमेटी ने आज कांग्रेस भवन में बैठक आहूत कर 02 अक्टूबर को होने वाले छत्तीसगढ़ भरोसा यात्रा की तैयारी को लेकर चर्चा हुई ,बैठक में शहर प्रभारी और प्रदेश संयुक्त सचिव अजय अग्रवाल और विधानसभा प्रभारी ,प्रदेश सचिव आत्मजीत मक्कड़ उपस्थित थे।

विधानसभा प्रभारी आत्मजीत मक्कड़ ने कहा कि यात्रा में कांग्रेस के सभी अनुषांगिक इकाइयां ब्लाक कांग्रेस, सेवादल,युवा कांग्रेस ,महिला कांग्रेस ,निर्वाचित जन प्रतिनिधि, मोर्चा ,विभाग,प्रकोष्ठ के पदाधिकारी निश्चित रूप से शामिल हो , शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर 02 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ भरोसा यात्रा दोपहर 2.00 बजे से देवकीनन्दन चौक से निकलेगी, 02 अक्टूबर को महान हस्तियों की जयंती दिवस है ,जिन्होंने देश की आज़ादी में बड़ी भूमिका अदा की , राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्व लाल बहादुर शास्त्री की ,जो सत्य और अहिंसा के अमोघ अस्त्र से देश को आज़ाद किया ,उन्ही के बताए मार्ग पर छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार ने चलकर एक खुशहाल प्रदेश का निर्माण किया है और जनता का भरोसा को जीता है , जनता की भरोसा को बरकरार रखते हुए कांग्रेसजन भरोसा यात्रा करेंगे और सरकार की जनहित योजनाओ को बताएंगे , शहर विधायक शैलेष पांडेय ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री को शहर स्तर के भाषण से बचना चाहिए इससे देश की गरिमा धूमिल होती है ,क्योकि प्रधानमंत्री के भाषण का प्रसारण विदेश तक होता है । प्रधानमंत्री जी को 25 हजार करोड़ छत्तीसगढ़ सरकार को वापस करना था ,जो पैसेंजर ट्रेन तीन साल से बंद है उसे सुचारू रुप से चलाना प्रारम्भ कराते, अडानी को जो कोल ब्लॉक आबंटित है उसे रदद् करना था ,2014 में छहत्तीसगढ़ कई जनता को 15-15 लाख देने का वादा किया था उसे उनके खाते में डालते, दो करोड़ रोजगार देते, महंगाई कम करते, गैस,सिलेंडर,पेट्रोल-डीजल की कीमत कम करते पर एक प्रधानमंत्री का अपनी जनता से किये गए कमिटमेंट को पूरा न करना सबसे बड़ा छलावा है ,नसबन्दी कांड,सीवरेज घोटाला, पनामा स्कैम, आंख फोड़वा कांड,किडनी कांड की जांच सीबीआई ,ईडी से कराने की घोषणा करते जिससे छहत्तीसगढ़ कि जनता परेशान थी उस पर न बोलना और नए वादा करना केवल सत्ता में आने के बाद छहत्तीसगढ़ कि संसाधनों को आने मित्र उद्योगपतियों को देने के लिए है।



बैठक में शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, शहर प्रभारी अजय अग्रवाल, विधानसभा प्रभारी आत्मजीत मक्कड़, विधायक शैलेष पांडेय, सहकारी बैंक अध्यक्ष प्रमोद नायक, सभापति शेख नजीरुद्दीन ,योग आयोग सदस्य रविन्द्र सिंह,,पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश बाजपेयी, पूर्व महापौर राजेश पांडेय, राकेश शर्मा,शिवा मिश्रा, एमआईसी सदस्य राजेश शुक्ला, प्रवक्ता ऋषि पांडेय,अमर बजाज, ब्लाक अध्यक्ष जावेद मेंमन, आदि उपस्थित थे। संचालन ऋषि पांडेय ने किया।

## सार-संक्षेप



### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर डीपी विप्र महाविद्यालय में दो दिवसीय कार्यशाला

**बिलासपुर** , 30 सितंबर (देशबन्धु)। डी पी विप्र महाविद्यालय में 29 एवं 30 सितंबर को दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कंप्यूटर विज्ञान विभाग एवं स्कूल ऑफ कोर एआई गुड़गांव के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें विषय विशेषज्ञ विवेक द्विवेदी एवं अंकित चहल के द्वारा पाइथन प्रोग्रामिंग लैंग्वेज का उपयोग करते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में विभिन्न अनुप्रयोगों के विषय में जानकारी प्रदान की गई। इस कार्यक्रम के समन्वयक कंप्यूटर विभाग के विभागाध्यक्ष विश्वास विक्टर एवं सहायक समन्वयक डॉ ऋचा हांडा रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ श्रीमती अंजू शुक्ला के द्वारा किया गया, उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग को भविष्य के लिए अनिवार्य ज्ञान की संज्ञा प्रदान करते हुए समस्त छात्र छात्राओं को इस विषय का ज्ञान अर्जित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ ऋचा हांडा के द्वारा एवं आभार प्रदर्शन श्री विश्वास विक्टर के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के उपप्राचार्य डॉ एम एस तंबोली, डॉ मनीष तिवारी, डॉ विवेक अंबेडकर, डॉ एम एल जायसवाल, प्रो ए श्रीराम, डॉ आभा तिवारी, प्रो निधिश चौबे, डॉ किरण दुबे, प्रो ईश्वर सूर्यवंशी, प्रो बृजेश कुमार, प्रो अंजली सोना, प्रो नीलम सिंह, प्रो वर्षा सिंह, प्रो शारदा कटलिहा एवं अन्य प्राध्यापक तथा कंप्यूटर विभाग के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### मंडल के एक अधिकारी सहित 16 कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त



**बिलासपुर** , 30 सितंबर (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के विभिन्न विभागों में कार्यरत् सहायक सुरक्षा आयुक्त सहित 16 रेल परिवार के सदस्य माह सितम्बर 2023 में अपनी गौरवशाली रेल सेवा पूर्ण करने के पश्चात् सेवानिवृत्त हुए। मंडल कार्मिक सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में समस्त सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई । इस अवसर पर सहायक कार्मिक अधिकारी श्री स्नेहाशीष घोष द्वारा सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बंदोबस्त भुगतान से संबंधित समस्त दस्तावेज़, सेवा प्रशस्ति प्रमाण-पत्र एवं सेवा मैडल आदि प्रदान किया गया।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन, कल्याण निरीक्षक तथा कार्मिक निपटारा शाखा के कर्मचारीगण उपस्थित थे। मंडल के सेवानिवृत्त होने वाले 16 रेल परिवार के सदस्यों में परिचालन विभाग से 03, इंजीनियरिंग विभाग से 06, यांत्रिक विभाग से 02, वाणिज्य विभाग से 01, संकेत एवं दूरसंचार विभाग से 01, विद्युत विभाग से 01, लेखा विभाग से 01,तथा सुरक्षा विभाग 01,कर्मचारी शामिल है । इस अवसर पर सभी सेवानिवृत्त रेल परिवार के सदस्यों को उनकी गौरवशाली रेल सेवा के लिए बधाई दी गई।

# ट्रेनों के रद्द होने के विरोध में प्रदर्शन करने जा रहे एनएसयूआई के पदाधिकारी व कार्यकर्ता गिरफ्तार

**बिलासपुर** , 30 सितंबर (देशबन्धु)। आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिलासपुर आगमन पर छत्तीसगढ़ में लगातार हो रहे पैसेंजर ट्रेनों का रद्द होना एवं लेटलतीफी होना, के विरोध में प्रदर्शन करने जा रहे बिलासपुर एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह को सिविल लाइन थाना प्रभारी प्रदीप कुमार आर्य ने जिलाध्यक्ष के निवास गृह से गिरफ्तार कर सिविल लाइन थाना लाया गया।



एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश के युवाओं और छात्रों को हमेशा ठगने का काम किया है,चुनाव के समय उन्होंने कहा था की प्रत्येक वर्ष देश के दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था, उन्होंने दो करोड़ युवाओं को रोजगार तो दिया नही बल्कि करोड़ों युवाओं को बेरोजगार जरूर किया है, देश के सभी शासकीय संपत्ति को निजी कंपनियों को बेचने का काम किया है,देश में महंगाई अपने चरम पर है, उन्होंने अपने किसी भी बजट में युवाओं के हित में कोई भी कार्य नही किया है, पिछले पाँच वर्षों में नरेंद्र मोदी कही दिखाई नहीं दे रहे थे अभी चुनावी वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी समेत अनेक केंद्रीय मंत्रियों का दौरा छत्तीसगढ़ में हो रहा है, मोदी केवल जुमलेबाजी कर अपनी सरकार चला रहे हैं,जो देश की जनता जान गयी है और छत्तीसगढ़ में फिर से कांग्रेस की सरकार पूर्ण बहुमत से बनने की बात रंजीत सिंह ने कही।

रंजीत सिंह ने बताया कि वे आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बिलासपुर आने पर उनके विरोध में विभिन्न मुद्दों पर विरोध प्रदर्शन करने जा रहे थे तब उन्हे सिविल लाइन थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार आर्य ने अपनी पुलिस की टीम के साथ उनके घर से गिरफ्तार कर सिविल लाइन थाना लाया गया।

एनएसयूआई जिलाध्यक्ष के साथ मे एनएसयूआई प्रदेश सचिव लोकेश नायक, युवा कांग्रेस महासचिव भूपेंद्र साहू, एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष सुमित शुक्ला, महासचिव शुभम जयसवाल,महासचिव प्रवीण साहू,महासचिव दुष्यंत कौशिक, विपिन साहू,पंकज निर्मलकर,हिमांशु सिंह,अंश बाजपेयी, अंकित मानिकपुरी, अजय सिंह, अंकित मनिकपुरी,अनुभव सिंह, विपिन तिग्गा,राहुल यादव आदि हस्ड्ढ बिलासपुर के जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने अपनी गिरफ्तारी दी।

# पीएम मोदी का अमर ने स्मृतिचिन्ह व शाल भेंट कर किया स्वागत




**बिलासपुर** , 30 सितंबर (देशबन्धु)। पीएम मोदी शनिवार 30 सितंबर को भारतीय जनता पार्टी के परिवर्तन यात्रा का समापन करने व परिवर्तन महासंकल्प रैली में बिलासपुर पहुंचे इस दौरान बिलासपुर की जनता ने पीएम मोदी के स्वागत में मोदी-मोदी के नारे लगाए तो वही मोदी ने अपने भाषण की शुरुआत जय जोहार से करते हुए बिलासपुर की जनता को भावविभोर कर दिया।

पीएम मोदी ने कहा कि आपका सपना मेरा संकल्प है,जनता के सपनों को पूरा करने की मेरी गारंटी है. देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बीजेपी नेता व पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने स्मृतिचिन्ह व शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। बिलासपुर का उत्साह व रैली में जुटी भीड़ को देखकर मोदी ने कहा इस उत्साह को देखकर मैं गदगद हूं ऐसा कहते हुए मोदी ने एक वाक्य दोहराया ''न भूतो न भविष्यति'' उन्होंने कहा ऐसा उत्साह मैने इससे पहले नही देखा है।

# सड़कों का निर्माण सर्वोच्च प्राथमिकता

**रायगढ़**, 30 सितम्बर 2023/ बारिश रुकने के पश्चात सड़कों की मरम्मत का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ शुरू होगा। कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने इस संबंध में पिछले दिनों बैठक लेकर ईई पीडब्ल्यूडी को कड़े निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री सिन्हा ने कहा है कि बरसात समाप्त होने को है जिसके पश्चात सड़कों में गड्ढों को भरना, पैच वर्क और मरम्मत के साथ सड़क निर्माण कार्यों में पूरी तेजी लाई जाए। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न बरतने की हिदायत अधिकारियों को दी है।

■ कलेटर सिन्हा ने ईई पीडल्यूडी को दिए सत निर्देश

इस संबंध में ईई पीडब्ल्यूडी श्री आर के खांबरा ने जानकारी देते हुए बताया कि बारिश के चलते काम की गति धीमी हुई है। बारिश की समाप्ति के पश्चात् पूरी तेजी से सड़कों का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इसे सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा गया है। इसके लिए सभी तैयारियां कर ली गई हैं।

# तीन दिवसीय युवा कविता रचना शिविर आज से

**बिलासपुर** , 30 सितंबर (देशबन्धु)। शहर में साहित्य अकादमी, छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद द्वारा 30 सितंबर से 2 अक्टूबर 2023 तक युवा कविता रचना शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें अंचल के साहित्यिक अभिरुचि के युवाओं को देश- प्रदेश के आमंत्रित विशेषज्ञ एवं चर्चित साहित्यकारो द्वारा रचना प्रक्रिया के बारे में आज जानकारी दी गयी। प्रगतिशील लेखक संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रधान संपादक नथमल शर्मा के मुख्य वक्तव्य से कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

इस कार्यक्रम में भागीदारी के लिये मुम्बई से फरीद खान, भोपाल से मुदित श्रीवास्तव और आरती, बिलासपुर से रफ़ीक खान, रायपुर से साहित्य अकादमी के अध्यक्ष ईश्वर सिंह दोस्त, संस्कृतिकर्मी तथा पत्रकार पी सी रथ, राजकुमार सोनी तथा कार्यक्रम समन्वयक मृगेंद्र सिंह उपस्थित हैं। कार्यशाला संयोजक अशोक शिरोडे ने उद्घाटन सत्र का संचालन किया एवं सहसंयोजक सत्यभामा अवस्थी ने सत्र की समाप्ति पर आभार प्रदर्शन किया ।




प्रथम दिवस के सत्र का शुभारंभ सुबह 11 बजे हुआ जिसमें उद्घाटन वक्तव्य नथमल शर्मा ने दिया, उन्होंने कहा कविता हमारे भीतर के द्वंद से प्रस्फुटित होती है, मुक्तिबोध के कॉलेज में अध्यापन के बावजूद उनके जीवन और परिवार में अभाव का संघर्ष , परेशानियां लगातार जारी थी। कविता लिखने के लिये अपने भीतर प्रवेश करना जरूरी है, इसी प्रक्रिया से बेहतर कविता का सृजन होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिलासपुर की सुपरिचित वरिष्ठ रचनाकार मुक्तिबोध, देश में प्रथम पीएचडी प्राप्त डॉ कल्याणी महापात्र वर्मा द्वारा की गई। उनके अध्यक्षीय वक्तव्य में उन्होंने कहा रचना समय के साथ संवाद है, ये संवाद आप अपनी जमीन पर रह कर करेंगे तो बेहतर कर सकेंगे ऐसी उम्मीद की जाती है, रचना एक आत्मालाप भी है और खुद से जिरह भी है। उद्घाटन सत्र के अंत मे आभार प्रदर्शन सत्यभामा अवस्थी ने किया। दोपहर के सत्र में प्रतिभागियों के परिचय के बाद नवोदित कवियों ने अपनी एक-एक कविता सुनाई। इसके बाद प्रतिभागियों से कविता को लेकर सवालों का आवाहन किया गया। काव्य सृजन प्रक्रिया पर केंद्रित विभिन्न सवालों पर विषय विशेषज्ञों द्वारा शाम तक समाधान का सिलसिला जारी रहा।

कार्यशाला में मनेंद्रगढ़ चिरमिरी, कबीरधाम, जांजगीर चाम्पा, रायगढ़, दुर्ग, रायपुर , बिलासपुर तथा धमतरी जिलों के 60 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। ये कार्यशाला आगामी 2 अक्टूबर तक जारी रहेगी। कार्यक्रम के प्रतिभागियों में महिलाओं की बड़ी भागीदारी देखी गयी।

# बच्चों, महिलाओं को सही पोषण मिले हम सबकी है जिम्मेदारी-निराकार पटेल

## जिला स्तरीय छत्तीसगढ़ियां ओलंपिक में विजयी हुयी जिले की बेटियां, ब्रांड एम्बेसडर के रूप में हुई सम्मानित

**रायगढ़**, 30 सितंबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय पोषण माह 2023 अंतर्गत पोषण मेला सह महिला जागृति शिविर का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नगर निगम ऑडिटोरियम, रायगढ़ में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष श्री निराकार पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप पोषण एवं एनीमिया के स्तर में कमी लाने के उद्देश्य से पोषण अभियान का संचालन राज्य के सभी जिलों में किया जा रहा है। इसी तरह पूरे माह भर में पोषण जागरूकता और किशोरी बालिकाओं, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं में एनीमिया की रोकथाम के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। उन्होंने इस दिशा में जिला प्रशासन और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किए जा रहें कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि बच्चों, महिलाओं को सही पोषण मिले इसमें हम सबकी जिम्मेदारी भी है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री पटेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने महिलाओं को अधिकार संपन्न बनाने के साथ उनके स्वावलंबन की नीति अपनाई है। महिलाओं की रचनात्मक क्षमता को बढ़ाने के साथ उनकी सृजन क्षमता को स्थानीय संसाधनों के साथ जोड़ा गया है। जिससे आज महिलाएं सशक्तिकरण की ओर अग्रसर हो रही हैं।



कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महापौर श्रीमती जानकी काटजू ने कहा कि कुपोषण रोकथाम के लिए राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान चलाया जा रहा है। हितग्राहियों को गर्म पौष्टिक भोजन इस योजना में दिया जा रहा है। राज्य सरकार महिलाओं के हितों और उनके जीविकोपार्जन में लगातार कार्य कर रही हैं। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान अन्तर्गत दिए जा रहे गर्म पौष्टिक भोजन की बदौलत शुरूआत से अब तक सैकड़ों बच्चें कुपोषण से बाहर आ चुके है। पोषण मेला में रॉगी व रेडी टू-ईट से बने व्यंजनों का स्टॉल भी लगाया था। जिसमें सब्जियों से बने भगवान श्री गणेश सबके लिए आकर्षण का केन्द्र रहा। वहीं कार्यक्रम में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत बेटियों को सशक्त, सुपोषित, साक्षर बनाने हेतु हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में नेता प्रतिपक्ष श्रीमती पूनम सोलंकी, श्रीमती सुषमा प्रकाश नायक, डीएसपी श्रीमती निकिता तिवारी, सब इंस्पेक्टर दीपिका निर्मलकर सहित महिला बाल विकास विभाग अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही। डीपीओ श्री एल.आर.कच्छप ने जानकारी देते हुए बताया कि पोषण एवं एनीमिया के स्तर में कमी लाने के उद्देश्य से आंगनबाडियों में एक सितंबर से पोषण माह का आयोजन किया गया जो 30 सितम्बर तक चला।

**देशबन्धु**

**पाठकों के लिए सूचना**

माह सितंबर 2023 का अखबार बिल

| दिन | दर | रू. पै. |
|---|---|---|
| 30 दिन | 4.00 | 120.00 |
| कुल 30 दिन | | रू. 120.00 |

कृपया अपने अभिकर्ता को उपरोक्तानुसार बिल का भुगतान 7 ता. तक करने का कष्ट करें।

**प्रसार व्यवस्थापक**

**NECC**

| 01.10.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 510 | 85 | 170 |
| चिल्हर | 6.25 | 100 | 195 |

डिलीवरी 525 सैकड़ा

दर्जन अंडा 75 रू.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.

CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188